बैशाख शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 16 मई 2024
वर्ष 34, अंक 109, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अख़बार

www.amritvichar.com



डब्ल्यूएचओ ने डेंगू के दूसरे टीके को दी मंजूरी | 16
आगामी प्रोजेक्ट के लिए कर रहे हैं डबिंग बाबिल | 15

## स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको को मारी गई गोली

ब्रातीस्लावा (स्लोवाकिया), एजेंसी



- हालत बेहद नाजुक, बैंस्का बायस्ट्रिका के अस्पताल में भर्ती किए गए
- राष्ट्रपति जुजाना कैपुतोवा ने की कड़ी निंदा, संसद स्थगित

स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको को कई गोलियां मारी मारी गई हैं। उनकी फेसबुक प्रोफाइल के अनुसार फिको का जीवन खतरे में है। उन्हें हेलीकॉप्टर द्वारा बैंस्का बायस्ट्रिका के एक अस्पताल ले जाया गया है।

फिको के जीवन के लिए अगले कुछ घंटे बहुत महत्वपूर्ण है। स्लोवाकिया के समाचार टेलीविजन स्टेशन 'टीए3' के अनुसार यह घटना राजधानी से लगभग 150 किमी दूर उत्तर-पूर्व में हैंडलोवा शहर में हुई। फिको (59) को पेट में भी गोली लगी है। एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। संसद के उपाध्यक्ष लुबोस ब्लाहा ने स्लोवाकिया की संसद में घटना की पुष्टि की और संसद स्थगित कर दिया। राष्ट्रपति जुजाना कैपुतोवा ने प्रधानमंत्री पर हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि मैं स्तब्ध हूं।

## सीएए के तहत 14 लोगों को मिली भारत की नागरिकता

**नई दिल्ली।** संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के तहत नागरिकता प्रमाणपत्रों का पहला सेट बुधवार को जारी करने के साथ 14 लोगों को भारत की नागरिकता प्रदान की गई। इसके साथ ही पड़ोसी देशों में प्रताड़ना के शिकार होकर भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने की प्रक्रिया शुरू हो गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक दिन करार देते हुए कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न का सामना करने वाले लोगों का दशकों पुराना इंतजार खत्म हो गया है।

प्रेसवार्ता में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उठाए सवाल

## मोदी जितना कांग्रेस को गाली देते हैं, उतना राम का नाम भी नहीं लेते

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अखिलेश यादव के साथ प्रेस कांफ्रेंस में बोलते खरगे।

**अमृत विचार :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को यहां ताज होटल में एक संयुक्त पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाने पर रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को बहुत कुछ दिया है। गांधी, नेहरू, आंबेडकर समेत सभी ने बहुत कुछ देश को दिया लेकिन, आप भाषण में मटन, चिकन, मंगलसूत्र जैसे मुद्दे ला रहे हैं। अगर वोट लेना है तो अपने काम पर लो न, क्यूं बिन मुद्दे की बात कर रहे हो? खरगे ने कहा, पीएम मोदी ने उतना राम का नाम नहीं लिया होगा, जितना उन्होंने राहुल-सोनिया, कांग्रेस को गालियां दीं हैं।

खरगे ने कहा, प्रधानमंत्री 400 पार बोल रहे हैं, पर उनका धन्यवाद कि वो 600 पार नहीं बोल रहे हैं। मैं शर्त लगाता हूं कि वो 200 पार नहीं कर रहे हैं। खरगे ने कहा कि अभी तक चार चरण के चुनाव हो चुके हैं इसमें इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है। कहा कि, इंडिया गठबंधन 4 जून को सरकार बनाने जा रहा है।

### हम उप्र. में 79 सीटें जीत रहे : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने संयुक्त प्रेसवार्ता में कहा कि इंडिया गठबंधन के लिए जो जनसमर्थन दिखाई दे रहा है, उससे साफ है कि आने वाले समय में 140 करोड़ के देश की जनता भाजपा को 140 सीटों के लिए तरसा देगी। भाजपा के रथ का चक्का न सिर्फ फंस गया है बल्कि धंस गया है इसलिए उनकी भाषा बदली है। अखिलेश ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन उप्र. में 79 सीटें जीत रहा है।

### योगी बोले, सच बोलने की आदत डालें खरगे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में उप्र. में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सलाह दी कि उन्हें सच बोलने की आदत डाल लेनी चाहिए। योगी बुधवार को कई जिलों में आयोजित चुनावी जनसभाओं के लिए बुधवार सुबह निकलने से पहले सरकारी आवास पर एक न्यूज एजेंसी से बात कर रहे थे।




## अल्पसंख्यकों के लिए 15 फीसदी बजट चाहती है कांग्रेस: प्रधानमंत्री

### कहा-धर्म के आधार पर आवंटन मंजूर नहीं, भाजपा और शिवसेना प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन

नासिक, एजेंसी



मुंबई में रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह केंद्र सरकार के बजट का 15 प्रतिशत हिस्सा अल्पसंख्यकों को आवंटित करना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने धर्म के आधार पर बजट को बांटने और नौकरियों या शिक्षा में आरक्षण की अनुमति नहीं देने का संकल्प लिया।

उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच केंद्र में सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस ने बजट का 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों पर खर्च करने की योजना बनाई थी जो कि उसका 'पसंदीदा वोट बैंक' है, लेकिन भाजपा के कड़े विरोध के कारण उसने प्रस्ताव छोड़ दिया। उत्तर महाराष्ट्र में नासिक जिले के पिंपलगांव बसवंत में महायुति उम्मीदवारों केंद्रीय मंत्री भारती पवार (भाजपा) और हेमंत गोडसे (शिवसेना) के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट को धार्मिक आधार पर बांटना एक खतरनाक विचार है।

उन्होंने कहा कि हम सभी को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देते हैं। लेकिन कांग्रेस धर्म के आधार पर बजट का बंटवारा और वितरण चाहती है। उन्होंने धर्म के आधार पर देश को बांटा और आज भी वह यही कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान निर्माता बाबासाहेब आंबेडकर नौकरियों और शिक्षा में धर्म आधारित आरक्षण के सख्त खिलाफ थे। उन्होंने कहा कि जब मैं (गुजरात का) मुख्यमंत्री था तो कांग्रेस (तत्कालीन संप्रग सरकार) ने अल्पसंख्यकों के लिए बजट का 15 प्रतिशत आवंटित करने का प्रस्ताव रखा था। भाजपा ने इस कदम का कड़ा विरोध किया और इसलिए इसे लागू नहीं किया जा सका। लेकिन कांग्रेस इस खतरनाक प्रस्ताव को फिर से लाना चाहती है। मोदी ने प्रत्याशियों के समर्थन में मुंबई में रोड शो भी किया।

### नकली शिवसेना, नकली राकांपा का कांग्रेस में विलय होना निश्चित

उद्धव ठाकरे नेतृत्व वाली पार्टी पर हमला बोलते हुए भाजपा नेता ने कहा कि 'नकली शिवसेना' ने कांग्रेस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार का नाम लिए बिना मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन के एक नेता को पता है कि कांग्रेस बुरी तरह हार रही है। उन्होंने कहा कि 'नकली' शिवसेना और 'नकली' राकांपा (शरद पवार की अगुवाई वाली पार्टी का जिक्र करते हुए) का कांग्रेस में विलय निश्चित है।

### एक नजर

#### न्यूजक्लिक के पुरकायस्थ की गिरफ्तारी अवैध

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत एक मामले में न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को बुधवार को अवैध करार दिया और उन्हें रिहा करने का आदेश दिया है।

#### रुपे कार्डधारकों को सात देशों में मिलेगा कैशबैक

**नई दिल्ली।** रुपे क्रेडिट व डेबिट कार्डधारकों को अमेरिका, जापान, कनाडा, स्पेन, स्विटजरलैंड, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात में खरीदारी पर 25 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। रुपे ने बुधवार को कहा कि ऑफर अवधि में रुपे कार्ड का उपयोग करने वालों को उक्त देशों में डिस्कवर नेटवर्क या डायनर्स क्लब इंटरनेशनल नेटवर्क पर पॉइंट-ऑफ-सेल खरीदारी करने पर 25 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। ऑफर 15 मई से 31 जुलाई तक है।

मुख्यमंत्री योगी ने उरई, महोबा में जनसभाओं को संबोधित किया

## बुंदेलखंड की तोप सीमा पर गरजती है तो ढीली हो जाती है पाकिस्तानियों की पैंट

संवाददाता, महोबा\ जालौन



महोबा डाक बंगला मैदान में आयोजित जनसभा में लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी, हमीरपुर- महोबा सीट से प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल व अन्य।

- कहा, पाकिस्तान की तरफदारी करने वाले वहीं क्यों नहीं चले जाते
- आज हर घर नल योजना- नहरों के जरिये मिल रहा भरपूर पानी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को हमीरपुर और जालौन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी की बात की तो डिफेंस कॉरिडोर में बनने वाले रक्षा उत्पादों से लोगों को गर्व की अनुभूति कराया। हमीरपुर डाक बंगला मैदान में उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड वीरों की धरती है। बुंदेलखंड की तोप जब सीमा पर गरजती है तो पाकिस्तान की पैंट ढीली हो जाती है। बोले कि पाकिस्तान की तरफदारी करने वाले लोग हमारे देश पर बोझ क्यों बने हैं, वह पाकिस्तान क्यों नहीं चले जाते। पाकिस्तान में एक-एक किलो आटे के लिए मारपीट हो रही है, लोग भूखों मर रहे हैं। सीएम योगी ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ झांसी में रोड शो भी किया।

भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के समर्थन में जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने बुंदेलखंड के लोगों के साथ खिलवाड़ किया है। यहां भू माफिया, वन माफिया, खनन माफिया का राज रहा है लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद माफिया प्रदेश से भाग गए। हर घर जल योजना के तहत लोगों को पानी मिल रहा है। नहरों के जरिए सिंचाई का पानी खूब मिल रहा है।

उरई स्थित जीआईसी मैदान में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आतंकवाद, नक्सलवाद का अंत हो गया है। बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार जालौन के कालपी नगर का कागज उद्योग देश में परचम लहरा रहा है। यह चुनाव रामभक्तों और राम विरोधियों के बीच में हो रहा है। उन्होंने जालौन-गरौठा सीट से प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा को जिताने की अपील की।

## उपहारों की सूची बनाएं, उस पर वर-वधू के हस्ताक्षर भी कराएं

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- दहेज के एक मामले में हाईकोर्ट ने दिए महत्वपूर्ण आदेश

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दहेज के एक मामले पर सुनवाई करते हुए अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धारा 3(2) के तहत विवाह में मिले उपहारों की एक सूची बनानी चाहिए और उस पर दूल्हा और दुल्हन के हस्ताक्षर भी करवाने चाहिए, जिससे शादी के बाद दोनों पक्ष और उनके परिवार के सदस्य दहेज लेने या दहेज देने का झूठा आरोप न लगा सकें।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकलपीठ ने अंकित सिंह व तीन अन्य द्वारा दाखिल 482 की अर्जी पर सुनवाई के दौरान सुझाव देते हुए पारित किया। कोर्ट ने मामले को आगामी 23 मई के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा कि भले ही पक्षकार उपहारों की सूची का रखरखाव न कर रहे हों, लेकिन न्यायालय को आज तक यह भी नहीं बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 3(2) को कैसे लागू किया जा रहा है।

कोर्ट ने आगे बताया कि दहेज प्रतिषेध (वर-वधू भेंट सूची) नियम, 1985 के नियम 2 के तहत उपहारों की सूची को बनाए रखने के तरीके को निर्धारित किया गया है। हालांकि विधायिका ने विवाह के समय दूल्हा और दुल्हन को मिलने वाले उपहारों को 'दहेज' की परिभाषा से मुक्त रखा है, लेकिन दूल्हा और दुल्हन के लिए नियमों के अनुसार उपहारों की सूची बनाना आवश्यक बताया है, क्योंकि यह सूची भविष्य में दहेज के आरोपों को खत्म करने के लिए एक उपाय के रूप में काम करेगी।

## यूपी संशोधन अधिनियम में अग्रिम जमानत पर रोक नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत के प्रावधानों को स्पष्ट किया

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत के प्रावधानों को स्पष्ट करते हुए कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता का संशोधित अधिनियम 2018 आईपीसी की धारा 376 (3) के तहत दर्ज मामले के आरोपी को गिरफ्तारी से पहले जमानत देने पर रोक नहीं लगाता है बल्कि इस अधिनियम ने सीआरपीसी की धारा 438 के तहत मिलने वाली अग्रिम जमानत के प्रावधान को पुनर्जीवित किया है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकलपीठ ने साढ़े 17 वर्षीय कृष्णा को सशर्त अग्रिम जमानत देते हुए की।

लड़के पर 16 वर्षीय लड़की के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया था। हालांकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि पीड़िता के बयानों और मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार जांच अधिकारी ने घटना को झूठा पाया है। जमानत आवेदन का विरोध करते हुए सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि आईपीसी की धारा 376 (3) के तहत अपराध में गिरफ्तार आरोपी को सीआरपीसी की धारा 438 की उपधारा (4) गिरफ्तारी-पूर्व जमानत देने से रोकती है।

## झारखंड के मंत्री आलम को ईडी ने किया गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड में ईडी ने दूसरे दिन बुधवार को छह घंटे की पूछताछ के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया है।



ईडी ने मंत्री के पीएस संजीव लाल के सहयोगी के ठिकानों से मिले 35 करोड़ 23 लाख रुपये कैश मामले में पूछताछ के लिए उन्हें समन किया था। इसे लेकर मंगलवार को लगभग नौ घंटे की पूछताछ के बाद फिर से दूसरे दिन बुधवार को उन्हें बुलाया गया था।

## राम मंदिर की प्रतिष्ठा दोबारा की जाएगी : शंकराचार्य

अलवर, एजेंसी



- राजनीतिक कार्यक्रम था जनवरी में की गई प्राण प्रतिष्ठा

जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिष्ठा दोबारा की जाएगी, जनवरी माह में की गई प्राण प्रतिष्ठा एक राजनीतिक इवेंट था। ज्योतिष पीठाधीश्वर अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने यह बात बुधवार को अलवर में पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि धर्म शास्त्रों में यह कहीं भी नहीं लिखा कि अधूरे मंदिर की प्रतिष्ठा की जाए, राम मंदिर का अभी 30 फीसदी निर्माण कार्य हुआ है, ऐसे में प्रतिष्ठा नहीं की जानी चाहिए, अब इसकी दोबारा प्रतिष्ठा होगी। देश-विदेश का कोई भी पंडित यह बता दे कि अधूरे मंदिर की प्रतिष्ठा की जा सकती है। उन्होंने कहा की प्रतिष्ठा शब्द को धूमिल किया गया है, ऐसा नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि अगर लाभ लेना था, तो इस पर कोई भी कार्यक्रम करा सकते थे और दूसरे शब्दों का उपयोग किया जा सकता था।

## जंगल की आग काबू करने में उत्तराखंड का रवैया उदासीन

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता, मुख्य सचिव को किया तलब

उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड सरकार के प्रति कड़ी नाराजगी जताते हुए बुधवार को कहा कि यह कहते हुए कष्ट हो रहा है कि जंगल की आग को नियंत्रित करने में राज्य का रवैया उदासीन रहा है। न्यायमूर्ति बीआर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव को 17 मई को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति एसवीएन. भाटी और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की सदस्यता वाली पीठ ने कहा कि हालांकि कई कार्य योजनाएं तैयार की जाती हैं, लेकिन उनके कार्यान्वयन के लिए कोई कदम नहीं उठाया जाता। शीर्ष अदालत ने राज्य के वन विभाग में बड़ी संख्या में रिक्तियों के मुद्दे का भी जिक्र किया और कहा कि इस मामले पर ध्यान देने की जरूरत है। शीर्ष अदालत उत्तराखंड में जंगलों में आग लगने की घटनाओं को लेकर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

सेवा में झोल

टोल फ्री नंबर पर नहीं उठाई जाती कॉल, पशुओं के मरने के बाद पहुंचती है मोबाइल वेटरनरी यूनिट

## केवल कागजों पर दौड़ रही 1962 सेवा, दम तोड़ रहे पशु-पक्षी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



- गंभीर बीमारी व हादसा होने पर भी फोन पर देते हैं परामर्श, मंत्री ने कहा- कराई जाएगी जांच

**अमृत विचार :** प्रदेश में पशुपालन विभाग की 1962 सेवा के नाम कंपनियां पशु-पक्षियों की जान से खिलवाड़ कर कमाई करने में लगी हैं। एक वर्ष से ज्यादा होने पर टोल फ्री नंबर 1962 में सुधार नहीं हो पाया है। फोन तक नहीं उठाया जाता और यदि किसी तरह यदि कॉल उठी भी तो एक्सीडेंट या अन्य गंभीर बीमारियों पर टेलीकॉलर मौके पर मोबाइल वेटनरी यूनिट (एंबुलेंस) भेजने की बजाय ज्यादातर केस फोन पर परामर्श देकर हल करते हैं। बहुत कम मामलों में मोबाइल यूनिट पहुंचती है, देरी के कारण पशुओं की मौत हो जाती है। इस तरह के मामले रोजाना ही सामने आ रहे हैं। फिर भी कागजों पर सब ठीक चल रहा है। वहीं, पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने जांच कराने की बात कही है।

### एक लाख पशुओं पर एक एंबुलेंस

यह केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका काफी मार्च 2023 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हरी झंडी दिखाकर संचालन किया था। प्रदेश को पांच जोन में बांटकर 100 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की कुल 520 एंबुलेंस दी गई हैं। एक कंपनी को एक जोन का संचालन मिला है। एक लाख पशुओं पर एक एंबुलेंस हैं। लेकिन, जिलों पर जो एंबुलेंस दी गईं उनमें आधी उपचार और आधी गांव-गांव सेवा का प्रचार करती हैं। एक एंबुलेंस पर आउटसोर्स से आए एक पशु चिकित्सक, मल्टी टास्क पर्सन व एक चालक है। एंबुलेंस में ऑपरेशन तक की व्यवस्था है। लेकिन चिकित्सक सर्जरी तक नहीं कर पाते हैं।

1962 सेवा की संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब करेंगे और जांच कराएंगे। लापरवाही पर कार्रवाई करेंगे। उन्नाव मामले पर सीवीओ से जानकारी कर गाय के उपचार के लिए निर्देशित करेंगे। - **धर्मपाल सिंह**, पशुपालन मंत्री

कंट्रोल रूम पर कॉल रिसीव करने वालों की संख्या कम है और कॉल ज्यादा आती है। इसलिए समस्या है। सभी जगह एंबुलेंस पहुंचती हैं। जो कमियां हैं वह संज्ञान लेकर दूर कर रहे हैं। - **डॉ. पीएन सिंह**, निदेशक रोग नियंत्रण, पशुपालन

**केस 1 :** 10 मई को कानपुर के नौबस्ता में एक श्वान एक्सीडेंट से घायल होकर दिनरात तड़पता रहा। वहां के गणेश चंद्र ने 1962 मिला तो नहीं लगा। अपर निदेशक के हस्तक्षेप पर सीवीओ ने चिकित्सक भेज उपचार कराया। हालांकि उसकी मौत हो गई।

**केस 2 :** 9 मई को फतेहपुर के सदर और खागा में एक बंदर बीमार व दूसरा एक्सीडेंट से घायल हो गया था। वहां के सुमित द्वारा 1962 पर की गई कॉल नहीं उठी। डीएम के संज्ञान में आने पर टीम भेजकर उपचार कराया।

**केस 3 :** 14 मई को उन्नाव की घटना ने रोंगटे खड़े कर दिए। माखी में एक चारा मशीन में गाय फंस गई और घंटों फंसे रहने से पेट कट गया। चार घंटे तक 1962 फोन नहीं लगा। वहां के एक एनजीओ व सीवीओ के निर्देश पर पहुंचे चिकित्सकों ने मिलकर चार घंटे रेस्क्यू कर जान बचाई।

**केस 4 :** 11 मई को गोरखपुर के मोहम्मदपुर उर्फ हगना गांव में एक पनडुब्बी के पैर में चोट आने पर वहां के रामदान से 1962 मिलाया तो नहीं लगा। पशुपालन के संयुक्त निदेशक के कहने पर 1962 ने काल कर पक्षी का उपचार में असमर्थता बताकर मना कर दिया। निदेशक के कहने पर सरकारी चिकित्सक ने पहुंचकर उपचार किया।

## एक नजर

### महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई गई

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को किसान नेता महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्य तिथि मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरपी त्रिपाठी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि मुजफ्फरनगर में जन्मे महेंद्र सिंह टिकैत किसानों के प्रमुख नेता थे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित त्यागी, रामबरन गौतम, मोहम्मद इरशाद आदि शामिल हुए।

### लविवि परीक्षाओं की बदलीं तिथियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित हो रही कुछ विषयों की तिथियों में विवि प्रशासन ने बदलाव किया है। एक ही दिन में दो परीक्षाओं के आयोजन को लेकर बीते दिन एबीवीपी विरोध कर चुकी है।बता दें कि 5 और 7 जून को लविवि में एलएलबी की परीक्षाओं के आयोजन थे। उधर, इसी दिन भारतीय कंपनी सचिव संस्थान से जुड़ी परीक्षाएं भी आयोजित की गई हैं। इसी को लेकर एबीवीपी ने प्रशासनिक भवन का घेराव करते हुए विरोध जताकर कुलपति को ज्ञापन सौंपा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी को निर्देश दिए। इसी को लेकर विवि ने एलएलबी की परीक्षाएं 11,13 और 15 को आयोजित की गई हैं।

# 2019 के चुनाव से बेहतर होगा इस बार मत प्रतिशत : रिणवा

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जागरूकता रथों को दिखाई हरी झंडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि 2019 के चुनाव की अपेक्षा इस बार का मतदान प्रतिशत बेहतर होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सूचना प्रसारण मंत्रालय की ओर से संचालित मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अभियान के तहत राजधानी स्थित केंद्रीय भवन से मतदाता जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ये रथ लखनऊ और मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के साथ-साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय समेत केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों के समेकित प्रयास से आने वाले तीन चरणों में मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि 2024 में उत्तर प्रदेश में मतदान



मतदाता जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते नवदीप रिणवा।

का प्रतिशत 2019 के चुनावों से बेहतर होगा। इस मौके पर उन्होंने प्रकाशन विभाग की तीन पुस्तकों 'अनफोल्डिंग इंडियन इलेक्शनस', 'मतदान में विश्वास' और 'बिलीफ इन द बैलट' का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में सूचना प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक विजय कुमार, दूरसंचार विभाग के मुख्य लेखा नियंत्रक संगीत कुमार, आईटीबीटी के उप महानिरीक्षक के. संजय कुमार व सीबीसी के निदेशक मनोज कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे।

### मतदाताओं को दी जा रहीं जानकारियां

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को घर-घर वोटर लिस्ट पहुंचाने के साथ-साथ विभिन्न एप्स के जरिए मतदान से संबंधित सभी जानकारियां मुहैया कराई जा रही हैं ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े और शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि समाज का वह वर्ग जहां सूचनाओं और सुविधाओं का अभाव है उन तक भी पहुंचने का आयोग हर संभव प्रयास कर रहा है।

## 15 वर्ष पुराने 5000 वाहन बिकेंगे कबाड़ में

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य में 15 साल की अवधि पूरी कर चुके 5000 सरकारी वाहन हैं, नियमानुसार इन्हें कबाड़ में दिया जाना है। इसके लिए प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर लू ने बुधवार को सभी विभागों के प्रमुखों को निर्देश जारी किये हैं।

प्रमुख सचिव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निर्देश के बावजूद अभी तक सभी सरकारी व अर्ध सरकारी विभागों में 15 साल या इससे अधिक की अवधि पूरी करने वाले वाहनों को स्क्रैप में देने की कार्रवाई पूर्ण नहीं की गई है। जबकि 29 फरवरी 2024 तक स्क्रैप कराने के निर्देश दिये गये थे।

# ऑनलाइन गैंबलिंग के कई गिरोह सक्रिय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में ऑनलाइन गैंबलिंग करने वाले कई गिरोह सक्रिय हैं। यह खुलासा एसटीएफ द्वारा मो. दानिश को गिरफ्तार करने के बाद हुआ है। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ के दौरान आरोपी ने कई ऐसे केंद्रों के नाम लिए हैं जहां से ऑनलाइन गैंबलिंग कर ठगी की जा रही है। एसटीएफ ने इस दिशा में काम करना शुरू कर दिया है।

मालूम हो कि एसटीएफ ने मंगलवार को ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार कर धोखाधड़ी करने

**▸▸ मो. दानिश ने पूछताछ में उगले कई राज, एसटीएफ ने शुरू की जांच**

वाले गिरोह के सरगना मो. दानिश को इंदिरानगर से गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ साइबर फ्राड का एक मामला बंगलूरू में भी दर्ज पाया गया है।

मो. दानिश ने एसटीएफ को बताया कि खरीदी गई टेलीग्राम आईडी से वह टेलीग्राम चैनल ग्रुप बनाकर उनमें फर्जी वेबसाइट व लिंक बनाकर लोगों को ऑनलाइन खरीदारी करने के लिए व ऑनलाइन लूडो किंग एप पर बेटिंग करने के लिए आमंत्रित करता था। इसके लिए कई सारे ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफार्मस के फर्ज़ी स्नैपशॉट बनाकर इन फर्ज़ी आईडी पर बने टेलीग्राम चैनलों पर भेजा जाता है। जिससे ग्रुप में जुड़े लोग आकर्षित होकर बेटिंग करते हैं। इसके बाद उनका पूरा पैसा ट्रांसफर करा लिया जाता है।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि इस तरह की ठगी में राजधानी में कई लोग सक्रिय हैं। एसटीएफ को ऐसे कई केंद्रों के नाम पता चल चुके हैं। अफसरों के मुताबिक, जल्द ही और गिरफ्तारियां की जाएंगी।

# एल्विश से पूछताछ के लिए समन भेजेगी ईडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ सांप के जहर बेचने का मुकदमा दर्ज कराने वाले गौरव गुप्ता का बयान ईडी द्वारा दर्ज किया गया। नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में लखनऊ से भेजे गए असिस्टेंट डायरेक्टर ने बयान दर्ज किया। गौरव ने ईडी मुख्यालय आने के दौरान एल्विश यादव और उसके साथियों पर पीछा करने का आरोप भी लगाया है। ईडी इस

**▸▸ जांच एजेंसी ने दर्ज किया शिकायतकर्ता का बयान**

मामले में भी जांच कर रही है।

गौरव गुप्ता के मुताबिक 11 मई को ईडी का नोटिस प्राप्त हुआ था। नोटिस के माध्यम से उन्हें लखनऊ स्थित जोनल कार्यालय में बुलाया गया था। नोटिस में कहा गया है कि ईडी द्वारा एक मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसकी विवेचना चल रही है। विवेचना पूरी करने के लिए आपके बयान महत्वपूर्ण हैं, जिन्हें दर्ज कराने के लिए लखनऊ साक्ष्य सहित आना है। वादी के बयान और साक्ष्य मिलने के बाद ही ईडी की ओर से एल्विश यादव को पूछताछ के लिए समन भेजा जाएगा।

उधर, ईडी के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम एल्विश से पूछताछ के लिए प्रश्नों की सूची भी तैयार कर रही है। जल्द ही नोएडा पुलिस से भी ईडी के अधिकारी संपर्क कर सकते हैं। विशेषकर जांच अधिकारी को भी नोटिस भेजकर बुलाया जा सकता है।

### 7वें चरण में 167 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज

**अमृत विचार लखनऊ :** प्रदेश में सातवें चरण में 167 लोस प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हो गए। 150 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये हैं, जबकि सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा उप निर्वाचन के लिए कुल दो प्रत्याशियों के नामांकन खारिज हो गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच में महराजगंज में छह, गोरखपुर में 19, कुशीनगर में आठ, देवरिया में 12, बांसगांव (अजा) में तीन, घोसी में पांच, सलेमपुर में पांच, बलिया में नौ, गाजीपुर में 14, चन्दौली में 17, वाराणसी में 33, मिर्जापुर में 26, राबर्ट्सगंज (अजा) में 10 प्रत्याशियों के नामांकन खारिज हो गए।

# प्रवेश द्वार पर मौजूद न रहें पोलिंग एजेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदेय स्थलों पर नियुक्त पोलिंग एजेंटों को मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार मौजूद न रहें। साथ ही मतदान केंद्र में प्रवेश द्वार के निकट ही बीएलओ के बैठने की व्यवस्था की जाए।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम लखनऊ और रायबरेली को आदेश दिए हैं। दोनों डीएम को लिखे पत्र में कहा है कि मतदान केंद्रों पर मतदाता सहायता केंद्र का फ्लैक्स/बनैर लगाया जाए। जिससे मतदाताओं को बीएलओ से जानकारी प्राप्त करने में सुविधा हो सके। उन्हें अपना मतदेय स्थल

**▸▸ मंडलायुक्त ने लखनऊ और रायबरेली के डीएम को लिखा पत्र**

**▸▸ मतदान केंद्र के निकट ही बीएलओ के लिए काउंटर बनवाने का आदेश**

**▸▸ आदर्श और दिव्यांग मतदाता केंद्रों पर व्हीलचेयर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए**

जानने के लिए राजनैतिक दलों के पोलिंग एजेंट पर निर्भर न रहना पड़े। पीठासीन अधिकारी/सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी होगी कि पोलिंग एजेंट पहचान-पत्र के साथ अपने-अपने बूथ के पास ही रहें।

आदर्श और दिव्यांग मतदाता केंद्रों पर व्हीलचेयर की व्यवस्था की जाए। मतदेय स्थलों पर बनाए गए रैंप को दोबारा चेक किया जाए। रैंप की ढलान ऐसी हो कि दिव्यांग मतदाताओं को आने-जाने में असुविधा न हो। मतदान केंद्रों पर एनसीसी, एनएसएस और सिविल डिफेंस के वालंटियर्स को लगाया जाए। उन्हें अशक्त और दिव्यांग मतदाताओं को मतदेय स्थलों तक लाने- वापस ले जाने के लिए प्रशिक्षित किया जाय। साथ ही उनके लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की जाए। वालंटियर्स को वृद्ध मतदाताओं और गर्भवती महिलाओं को वरीयता के आधार पर मतदान कराने के लिए प्रशिक्षित किया जाए। मतदान केंद्र पर हीट स्ट्रोक की दवाओं के साथ ही आसपास लाइफ स्पोर्ट की व्यवस्था की जाए।

# 178.03 लाख कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** आदर्श आचार संहिता के तहत 178.03 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई। जिला निर्वाचन अधिकारियों को कार्रवाई और तेज करने के निर्देश दिये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेंसियों व उड़नदस्तों की ओर से अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। बीते 1 मार्च से 14 मई तक कुल 42,039.69 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3330.66 लाख रुपये नकद धनराशि, 5260.44 लाख रुपये कीमत की शराब, 23381.32 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2289.87 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 5019.82 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार व 2757.57 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि बीते दिन बाराबंकी में 45.16 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 1555 ग्राम ड्रग को भी बरामद किया गया है।

# चालू होंगे प्लांट, महिलाएं बनाएंगी पुष्टाहार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में पुष्टाहार के बंद टेक होम राशन (टीएचआर) प्लांट चलेंगे। कमेटी व्यवस्थाओं में सुधार कर उत्पादन और भुगतान आदि करायेगी। अमृत विचार ने यह मुद्दा उठाया था। जिसका शासन ने संज्ञान लिया है।

प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार की आपूर्ति के लिए बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से 43 जिलों पर 204 प्लांट खोले थे। जहां समूह की महिलाएं पुष्टाहार का बनाकर कर बच्चों व महिलाओं



'कुपोषण' की जंग में 153 प्लांट बंद, केंद्रों पर नहीं पुष्टाहार

1 मई को प्रकाशित खबर।

**खबर का असर**

**▸▸ शासन ने लिया संज्ञान, कमेटी संचालित कराएगी प्लांट**


**▸▸ 204 टीएचआर में ,153 बजट के अभाव में बंद**

के लिए आपूर्ति करती हैं। इसका भुगतान बाल विकास करता है। इसमें बजट के अभाव व अन्य समस्याओं के कारण 153 प्लांट बंद हो गए थे। यह खबर अमृत विचार ने 1 मई को प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसका संज्ञान लेकर शासन ने जिला व ब्लॉक स्तर पर कमेटी बनाकर संचालन करने के निर्देश दिए हैं।

सभी प्लांट की ब्लॉक स्तर पर कमेटी कमियां दूर कर पुष्टाहार उत्पादन, बजट की मांग, आपूर्ति व भुगतान आदि समय पर करायेगी। प्लांट का परीक्षण जिला स्तरीय टीम करेगी। आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में महिलाएं काम कर पुष्टाहार बनाएंगी।




विशुनपुर टनटनवा गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते अखिलेश यादव।



जनसभा में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।



ऊंचाहार में जनसभा को संबोधित करतीं कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा।



कौशांबी के सैनी में आयोजित जनसभा के दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य।

# रोटी-कपड़ा, मकान के साथ संविधान भी जरूरी : अखिलेश

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्र के विशुनपुर टनटनवा गांव में बुधवार को चुनावी जनसभा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर प्रहार किया। उप्र.में इंडिया गठबंधन 79 सीटें जीत रहा है। देश के लोगों को रोटी कपड़ा मकान के साथ-साथ संविधान भी जरूरी है। श्रावस्ती से राम शिरोमणि वर्मा व गैंसड़ी से राकेश यादव को लोकसभा व विधानसभा भेजने की जिम्मेदारी आप लोगों की है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीर वाले भी नौजवान जानते

**▸▸ बलरामपुर की चुनावी जनसभा में सपा प्रमुख अखिलेश ने भाजपा पर साधा निशान**

होंगे, फौज में पक्की नौकरी मिलती थी, इन्होंने आधी अधूरी कर दी। इस बार देश के शहंशाह की कुर्सी खतरे में है तो वह शहजादों को याद कर रहे हैं। पूरे देश में बसपा भाजपा के साथ मिली हुई है।

इस मौके पर प्रदेश सचिव ओंकार नाथ पटेल, जिलाध्यक्ष माणिक लाल कश्यप, पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम वर्मा, रामनिवास मौर्या, मीडिया प्रभारी विशाल श्रीवास्तव व राजेंद्र चौधरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सपा सरकार में पैदा होते थे गुंडे और माफिया : ब्रजेश

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार:** सपा ने प्रदेश में गुंडे व माफियाओं को पैदा करने का काम किया था। बहन बेटियों की आबरू खतरे में थी। प्रदेश में आए दिन दंगे होते थे। आज भाजपा शासन काल में माफिया या तो प्रदेश छोड़ रहे हैं या फिर गले में तख्तियां लटकाकर थाने में सरेंडर कर रहे हैं। यह बातें उत्तर प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कही।

वह बुधवार को गैंसड़ी विधानसभा के पिपरा चौराहे पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के

**▸▸ उप मुख्यमंत्री ने कहा, सुरक्षित नहीं थीं बहन- बेटियों की इज्जत, आए दिन होते थे दंगे**

पास सर्वाधिक लोकप्रिय नेता मोदी हैं जिनका मुकाबला भ्रष्टाचारियों से है। कांग्रेस की सरकार में मंत्री रहे कई लोग सलाखों के पीछे हैं। कांग्रेस ने घोटाले पर घोटाला कर देश को लूटने का काम किया था। उन्होंने इस मौके पर लोकसभा श्रावस्ती से भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्र व गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह शैलू को जिताने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने किया।

# भाजपा प्रत्याशी के भाइयों ने फैला रखा है आतंक: प्रियंका

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार :** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रायबरेली से भाजपा उम्मीदवार पर निशाना साधते हुए कई आरोप लगाए हैं। बुधवार को क्षेत्र के उमरन, अकोढीया, ऊंचाहार नगर और मतीनगंज में हुई सभाओं को संबोधित करते हुए प्रियंका ने रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ रहे भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह का नाम लिए बगैर कहा कि भाजपा उम्मीदवार के पांचों भाइयों ने पूरे जिले में आतंक फैला रखा है।

प्रियंका ने कहा, आपकी सांसद

**▸▸ उमरन, अकोढीया, ऊंचाहार नगर और मतीनगंज में जनसभा को किया संबोधित**

सोनिया गांधी थीं, हमेशा लोगों से झुककर मिली हैं। आज ऐसा नहीं हो रहा है। हमारी आंगनबाड़ी की महिलाएं, आशा बहुएं जब अपने मानदेय बढ़ाने के लिए लखनऊ में धरना देती हैं, तो उन पर लाठियां बरसाई जाती हैं। प्रियंका ने राहुल गांधी को भारी समर्थन देने की अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार आई तो आपको रोजगार, महिलाओं के खातों में धनराशि, कृषि उपकरणों से जीएसटी खत्म करने संबंधी काम करेगी।

# राहुल की कुंडली में प्रधानमंत्री बनने का योग नहीं : केशव

संवाददाता,कौशांबी, प्रयागराज

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में भाजपा सांसद प्रत्याशी विनोद सोनकर की जनसभा में बुधवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इंडी गठबंधन पर जमकर बरसे। उन्होंने खुले मंच से कहा राहुल गांधी की कुंडली में प्रधानमंत्री बनने का योग नही है। आने वाले चार जून के परिणाम में सपा का सफाया हो जायेगा।

कौशांबी के सैनी में आयोजित जनसभा में उप मुख्यमंत्री ने मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं को बताया और 20 मई को होने वाले

**▸▸ कौशांबी के सैनी में आयोजित जनसभा में कहा, 4 जून को सपा का हो जाएगा सफाया**

चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा वह कौशांबी के साथा प्रदेश की 80 सीट भाजोआ अपने गठबंधन के साथ जीत रहा है। 2014 से 2022 के बीच में सारे चुनाव विपक्षी हार चुके है। 2024 का चुनाव भी यह हारने जा रहे है। पूर्ण बहुमत से भाजपा सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने भूपेश बघेल को लेकर कहा की वह छत्तीसगढ़ का चुनाव अभी हार कर आये है। वह राहुल गांधी को लेकर मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे है।

# सरकार बनने के बाद भी समाप्त नहीं होगा आरक्षण : राजनाथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आरक्षण को लेकर विपक्ष लोगों को गुमराह कर रहा है। कहा जा रहा है कि केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने पर संविधान में संशोधन कर आरक्षण समाप्त कर दिया जाएगा। भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। केंद्र में सरकार बनने के बाद भी आरक्षण किसी कीमत पर समाप्त नहीं होगा।

बुधवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अमीनाबाद में आयोजित जनसभा के दौरान उक्त बात कही। उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण विपक्ष ने लागू किया।



अमीनाबाद में आयोजित जनसभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में आरक्षण करने का प्रयास भी किया था मगर कोर्ट ने उसे रद कर दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में मोदी के नेतृत्व में स्पष्ट बहुमत के साथ केंद्र में सरकार बनी। हमने जो भी वादे किए उनको पूरा किया।

**▸▸ अमीनाबाद में सभा को रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री ने किया संबोधित**

कश्मीर से धारा 370 को समाप्त किया। जम्मू-कश्मीर का आज तेजी से विकास हो रहा है। राम अपनी कुटिया से निकलकर महल में प्रवेश कर चुके हैं। देश में रामराज होने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है।

सभा में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, डॉ. महेंद्र सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक वाजपेई, मेयर सुषमा खर्कवाल आदि मौजूद रहे।

### दादी के बाद पोता भी दे रहा गरीबी हटाओ का नारा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ का पुलिंदा है। 1954 में दादी नारा देती थी गरीब हटाओ का और आज पोता भी वहीं नारा दे रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के भीतर औरंगजेब की आत्मा है और यह आपकी संपत्ति की बंदरबांट करने का काम करेंगे। कांग्रेसी और समाजवादी गुंडे उस पर कब्जा करने का प्रयास करेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जो लखनऊ के लिए परिकल्पना थी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 10 वर्ष के अंदर उसको मूर्त रूप देने का काम किया है। लखनऊ 10 वर्ष के अंदर स्मार्ट सिटी बना है।

# बुंदेलखंड को पृथक राज्य बनाएंगे: मायावती

संवाददाता, अतर्रा/बांदा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में अब सभी सियासी दलों ने अपनी ताकत झोंकनी शुरू कर दी है। इसी क्रम में बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने बुधवार को हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान में बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट मयंक द्विवेदी व हमीरपुर-महोबा सीट से प्रत्याशी निर्दोष दीक्षित के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। बसपा प्रमुख ने एक तरफ पृथक बुंदेलखंड राज्य का मुद्दा उठाया, वहीं आरक्षण का कार्ड खेलते हुए सत्तासीन भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

कहा कि बसपा की सरकार बनी तो बुंदेलखंड को पृथक राज्य बनाकर विकास कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों का कोटा अभी तक भरा नहीं गया और भाजपा के लोग दलित व पिछड़ों के आरक्षण पर डाका मारने का षड्यंत्र रच रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी को निशाने पर लेते हुए कहा कि वह केवल पूंजीपतियों के हितों का ही ख्याल रखते हैं। गरीबों की उन्हें कोई चिंता नहीं है। बसपा विरोधी पार्टियों की तरह गठबंधन के साथ चुनाव नहीं लड़ रही है, अकेले चुनाव लड़कर बसपा चुनाव मैदान में दम भर रही है।

**▸▸ मोदी पर लगाया सिर्फ पूंजीपतियों को मालामाल करने का आरोप**

### फतेहपुर में जनसभा आज

**अमृत विचार,लखनऊ :** बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में सुप्रीमो मायावती गुरुवार को फतेहपुर में चुनावी जनसभा संबोधित करेंगी। राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने बताया कि 16 मई को चुनावी सभा फतेहपुर के खागा में नवीन मंडी नेशनल हाईवे समीप बहादुरपुर गांव के मैदान में आयोजित होगी। सभा में आसपास के कार्यकर्ताओं के साथ ही संगठन के पदाधिकारी शामिल होंगे। मालूम हो कि इस चुनाव में बसपा ने किसी भी राजनैतिक दल के साथ गठबंधन नहीं किया है। अकेले मायावती अपनी चुनावी सभाओं के जरिये अपने प्रत्याशियों के पक्ष में न केवल समर्थन जुटा रही हैं, बल्कि तीसरे मोर्चे के रूप में बसपा को स्थापित करने का प्रयास कर रही हैं।

# मोदी सरकार ने सबका विकास नहीं सबका सत्यानाश किया है : खड़गे

## जनसभा में भाजपा पर बरसे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे

रायबरेली/डीह

**अमृत विचार।** रायबरेली संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी व अमेठी के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जनसभा को संबोधित किया।

डीह के गन्ना कांटा बाग में बुधवार को आयोजित जनसभा में खड़गे ने कहा कि ये चुनाव हार या जीत का नही देश की रक्षा,लोकतंत्र बचाने,संविधान की रक्षा का है। अगर आप इसे बचा नहीं पाए तो संविधान खत्म हो जाएगा। और आप गुलाम हो जाएंगे,संविधान बचेगा तो हम बचेगें। संविधान से लिखने,पढ़ने की आजादी होगी दूसरे गांव आने जाने की आजादी होगी। यदि ये आये तो दलित-दलित,पिछड़े-पिछड़े और आदिवासी-आदिवासी ही रह जाएंगे। अमेठी कांग्रेस का गढ़ है स्मृति जीती तो गरीबों को तकलीफ देगी। मोदी कहते है कि कांग्रेस ने 55 साल में क्या किया। मैं पूछता हूं कि तुमने 10 साल में क्या किया। मोदी कहते थे कि स्विस बैंक में जमा काला धन लाऊंगा सबको 15 लाख दूंगा। 15 लाख देने को कहा पर नहीं दिया, पहला झूठ बोला। हर साल 2 करोड़ युवाओं को नौकरी देने को कहा नहीं दिया,दूसरा झूठ बोला। किसान की आमदनी दुगनी करने को कहा नहीं किया। मोदी झूठो का सरदार है। कांग्रेस सरकार आयी तो नरेगा मज़दूरी 400 देगी, अनाज 5 की जगह 10 किलो देगी, महिलाओं को एक लाख सालाना देगी। कांग्रेस ने जो गारंटी कार्ड जारी किया है। उसमें मेरे व राहुल गांधी के संयुक्त हस्ताक्षर है। मोदी पहले कहते थे कि 70 साल में क्या किया अब कहते है 55 साल में क्या किया। हमने लालगंज में रेल कोच कारखाना, एम्स, राजीव गांधी पैट्रोलियम संस्थान, शारदा नहर आदि बनवाने का कार्य किया। भाजपा ने दस सालों में क्या किया। मोदी सरकार ने सबका साथ,सबका विकास नहीं सबका सत्यानाश किया है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि जब वो 42 साल पहले सलोन में एक महीने रहने का सौभाग्य मिला था, उस समय पानी बिजली शिक्षा स्वास्थ्य की समस्या थी आज जब मैं आया हूं तो पूरा कायाकल्प हो चुका है।


कांग्रेस प्रत्याशी केएल शर्मा को गले लगाते राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे।


राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जनसभा में उमड़ी हजारों की भीड़।

### हिमाचल के सीएम ने की राहुल को जिताने की अपील

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** बुधवार को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व प्रत्याशी राहुल गांधी के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। स्थानीय खोया मंडी चौराहे पर उन्होंने कहा कि राहुल चाहते तो हिमाचल की किसी भी संसदीय सीट से चुनाव लड़ सकते थे, लेकिन उन्होंने अपनी मां सोनिया गांधी के द्वारा रिक्त की गई सीट को ही अपनी कर्म भूमि बनाया। इसलिए आप लोग राहुल को भारी मतों से विजई बनाइए। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार किसानों को सिर्फ 6 हजारा सालाना देती है, जबकि हिमाचल सरकार बेटियों को 12 हजार सालाना देती है। इसके पूर्व उत्तराखंड की विधायक ममता, राकेश, पूर्व विधायक अशोक सिंह, सुधा द्विवेदी, सुरेश, सुरेंद्र शर्मा, अभिनव तिवारी, कृष्ण वर्मा, सुरेंद्र त्रिवेदी, शिवमोहन सिंह, सुरेश सिंह, गिरीश सिंह, अविनाश, मनीष, मोहम्मद अमीन हाशमी ने मुख्यमंत्री का फूल मालाओं से लाद कर जोरदार स्वागत किया।


जनसभा को संबोधित करते हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री व साथ में बैठी पूर्व प्रत्याशी सुधा द्विवेदी।

# भ्रम फैला रही है कांग्रेस : अनुप्रिया

## केंद्रीय मंत्री ने रायबरेली में भरी हुंकार, बोलीं- अबकी बार 400 पार

बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** कस्बे के रफी अहमद किदवई पार्क में रायबरेली से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने आई अपना दल (सोनेलाल) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का भाजपा एवं अपना दल के कार्यकर्ताओं ने बड़ी माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जीतने के बाद कितनी बार यहां की पूर्व सांसद आई हैं और जो आप लोगों के बीच में कांग्रेस के लिए वोट मांग रहीं हैं। वह किसके सुख-दुख में आई है।

कांग्रेस सिर्फ भ्रम फैला रही है,आप सभी लोग इनके झांसे में न आएं।भाजपा गठबंधन ही देश को प्रगति के रास्ते पर ले जाने का कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी देश में सिर्फ भ्रम फैलाने का काम कर रही। कांग्रेस ने दलितों,पिछड़ों के साथ सौतेला व्यवहार किया है, जिसके कारण ऊंचे-ऊंचे पदों पर उनके बच्चों की संख्या कम दिखाई देती है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के गठबंधन की सरकार ने आप सभी के लिए कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है जिसका लाभ पूरे भारतवर्ष के प्रत्येक घर व परिवार के जन जन को मिल रहा है। उन्होंने राहुल और प्रियंका पर तंज कसते हुए कहा कि यह दोनों लोग भ्रम फैला रहे हैं कि बीजेपी आएगी तो संविधान खतरे में पड़ जाएगा। ऐसा कुछ नहीं है बीजेपी कभी संविधान को खतरे में नहीं डालेगी, क्योंकि भाजपा खुद संविधान को लागू कर देश को प्रगति के रास्ते पर ले जा रही है। केंद्र में इस बार फिर सरकार बनेगी और मोदी जी के 400 पार का नारा साकार करेगी। जनसभा के मौके पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, रायबरेली लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह, मध्य प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी भाई पटेल, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, बछरावा नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी सहित भारतीय जनता पार्टी एवं अपना दल के तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता वह भारी संख्या में आम जनमानस मौजूद रहा।


जनसभा को संबोधित करतीं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल। अमृत विचार


जनसभा में उमड़ी भीड़। अमृत विचार

### नगर विकास मंत्री ने महाराजगंज में की जनसभा

**महराजगंज ,रायबरेली,अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के एक-एक मंत्री से लेकर एक-एक कार्यकर्ता पूरे जोश में दिख रहा है आज नगर पंचायत महराजगंज में नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर वर्ग के विकास के लिए बनाई गई योजनाओं का सिलसिलेवार उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा देश के विकास के लिए गरीबों को राशन ही नहीं सड़कों को चमकाने का कार्य किया। आवास बनाने के साथ-साथ श्रीराम के मंदिर सहित दर्जनों मंदिरों का कायाकल्प भी किया। देश की आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ वाह्य सुरक्षा का भी ध्यान रखा। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। महराजगंज नगर पंचायत अध्यक्ष सरला साहू प्रतिनिधि प्रभात साहू व शिवगढ़ नगर पंचायत प्रतिनिधि राजा राकेश प्रताप सिंह ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा को 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी अनुभव कक्कड़, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, रामलाल अकेला, सुनील मौर्य, मंडल अध्यक्ष विवेक पांडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा सहित जनमानस उपस्थित रहे।



नुक्कड़ सभा में मंचासीन अतिथि। अमृत विचार

# पाल व धनगर समाज ने ठाना- राहुल गांधी को है सांसद बनाना : मुकेश

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मथुरा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रहे मुकेश धनगर रायबरेली से पार्टी उम्मीदवार राहुल गांधी के पक्ष में मतदान करने के लिए अपने समाज में जाकर लोगों से कांग्रेस के लिए वोट की अपील कर रहे हैं।

अपने समाज के बीच में लगातार प्रचार-प्रसार करने का नतीजा यह है कि पाल और धनगर समाज पूरी तरह से अब राहुल गांधी की तरफ हो गया है। पाल और धनगर समाज इस बार जमकर राहुल गांधी को वोट करने जा रहा है। मुकेश धनगर का समाज के बीच में जाने से गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। गांवों में अब बयार चल रही पड़ी है कि इस बार राहुल गांधी को सांसद बनाना है।उन्होंने गांवों में जाकर लोगों को बताया है कि सरकार आते ही हम लोगों की जनगणना कराई जाएगी और जिसकी जितनी संख्या भारी होगी उसकी उतनी हिस्सेदारी के हिसाब से हमें लाभ दिया जाएगा। कांग्रेस की इस अभियान से लोगों के बीच में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। मुकेश धनगर ने गांव-गांव महिलाओं के हक की बात और उनके खाते में आने वाले एक लाख रुपये की भी बात को बहुत ही अच्छे से उठाया है, जिसका भी फायदा मिलता कांग्रेस को नजर आ रहा है।


लोगों से चर्चा करते मुकेश धनगर।

# भाजपा के शासनकाल में गांव-गरीब हुआ है मजबूत : डिप्टी सीएम

लालगंज,रायबरेली

**अमृत विचार।** बुधवार को कस्बे के शिक्षण संस्थान चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज लालगंज में भाजपा प्रत्याशी दिनेश सिंह के पक्ष में जनसंपर्क कर रहे मध्य प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश आगे बढ़ रहा है।

डिप्टी सीएम ने भाजपा की सरकारों को सुशासन का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि हम सबको रायबरेली से भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को सांसद बनाकर तीसरी बार मोदी सरकार बनानी है। हमें ऐसे सांसद को चुनना चाहिए जो हमारे हर सुख-दुख में खड़ा रहे। एमपी के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने पार्टी की अन्य उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि मोदी सरकार के 10 वर्षों के शासनकाल में गांव गरीब मजबूत हुआ है। हर घर को मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पद का सदुपयोग किया है जबकि कांग्रेस के शासनकाल में नेताओं ने पद का दुरुपयोग करते हुए देश को रसातल में पहुंचने का काम किया है। सीएमपीएस के एमडी दीप प्रकाश शुक्ला ने मुख्य अतिथि को कमल के फूल का प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ल ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार जताया। मुख्य अतिथि राजेंद्र शुक्ला को आश्वासन दिया कि रायबरेली में कमल खिलेगा। बैसवारा इंटर कॉलेज में भी एमपी के उपमुख्यमंत्री ने प्रबुद्धजनों को संबोधित किया। इस अवसर पर आशीष पांडेय, राजेश मिश्र, रामकुमार बाजपेयी, नरेंद्र बहादुर सिंह,नीरज बाजपेयी, रवि सिंह, आशुतोष शुक्ला, वीपी सिंह, राजेश सिंह फौजी, डा एमडी सिंह, डॉ अरुण सिंह मुन्ना, राम प्रताप सिंह, अमित सिंह, अनूप पांडे, भवानी श्रीवास्तव, वीरेंद्र शुक्ला, रविंद्र सिंह आदि नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला को कमल के फूल का प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित करते सीएमपीएस के एमडी दीप प्रकाश शुक्ला। अमृत विचार

### भागने वाले नेताओं से जनता रहे होशियार : दिनेश सिंह

**लालगंज, रायबरेली,अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव पूरे चरम पर पहुंच चुका है। सभी दलों के प्रत्याशी जनसंपर्क और नुक्कड़ सभाओं के जरिए जनता को लुभाने में जुटे हुए हैं। बुधवार को भाजपा के प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने सरेनी विधानसभा में पूरे भिखिया, लालू मऊ, भूपगंज और सरेनी में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। इसके अलावा लालगंज नगर में पदयात्रा निकालकर लोगों से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि जहां गांधी परिवार दिल्ली से आकर रायबरेली में चुनाव लड़ता है। वहीं वह रायबरेली में रहकर लोकसभा का चुनाव लड़ते हैं। और हारने के भाग जाते हैं। उन्होंने कहा कि हम अंतिम सांस तक रायबरेली वासियों की सेवा करते रहेंगे। राहुल गांधी की तरह भाग कर वायनाड नहीं जाएंगे। ऐसे नेता से होशियार रहने की जरूरत है जो केवल आपका वोट हासिल करने के लिए दिखाई देते हैं। संचालन विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने किया। नुक्कड़ सभा में विजय प्रताप सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी, रमाकांत मिश्रा, प्रमोद सिंह, संजय बाजपेई, राजेश सिंह, नागेंद्र सिंह, जगन्नाथ पांडे, विकेश द्विवेदी, संतोष सिंह, ओम शरण, शारदानंद द्विवेदी, अशोक यादव, बाबूलाल लोधी, रामसेवक पाल, वेदपाल, रामदास साहू, कन्हैयालाल फौजी, राम प्रकाश यादव, शंकर लाल साहू, अभिषेक शुक्ला, अजीत प्रताप सिंह, डा चंद्र प्रताप सिंह आदि नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।


जनसभा को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह।

## 'अमृत विचार' की मुहिम — जागरूक मतदाता बने

**रायबरेली, अमृत विचार।** शहर के कैनवास क्लब की आरजू यादव ने लोकतंत्र के पर्व के महत्व के बारे में अपनी कलाकृति के माध्यम से ईवीएम को लेकर चित्र बनाया है। जिसमें ईवीएम से वोट करते ही उसकी स्क्रीन पर एक पर्ची दिखेगी जिसे वोट दिया गया है उसके बारे में पता चल जाएगा। 7 सेकेंड के अंदर ही यह पर्ची बाक्स में चली जाएगी और गोपनीय रहेगी। आपके भी मन में मतदान को लेकर कोई सवाल गूंज रहा है तो उसे अमृत विचार समाचार पत्र में भेज सकते हैं। आपकी कलाकृतियों के माध्यम से सवाल और जवाब प्रकाशित किया जाएगा। 20 मई को होने वाले चुनाव में जिला प्रशासन की मतदान प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम में आप भी अपनी भागीदारी कर सकते हैं। अपनी कलाकृतियों को ई-मेल आईडी avrbl@gmail.com या व्हाटसएप नंबर 9140826999 पर भेज सकते हैं।




# वरिष्ठजनों को किया जागरूक



विधिक जागरूकता शिविर में मौजूद लोग। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ और जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तरुण सक्सेना के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली के तत्वाधान में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आईटीआई कैम्पस दूरभाष नगर में वृद्धजनों के लिए विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि कैसे आप अपने विधिक अधिकारों के प्रति सचेत रहे। इस अवसर पर वृद्धजनों को उनके निःशुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गई। बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के कार्यालय में किसी कार्यदिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उक्त शिविर में वृद्धाश्रम के प्रबंधक धनंजय प्रताप सिंह, लेखाकार हिमांशु सिंह, भण्डारी अनुज श्रीवास्तव, सेवादार नीलम श्रीवास्तव, पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव व मनोज कुमार प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में किया जनसंपर्क

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में व्यापारियों का समूह मुख्य बाजारों में भ्रमण करके भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को भारी मतों से विजय दिलाने की अपील की।

व्यापारियों ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में ही देश और व्यापारी सुरक्षित है। इस दौरान हैदराबाद, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु के व्यापारी भी मंडल के साथ व्यापारियों के पास पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने के अपील की।

भ्रमण कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश युवा मंत्री सोनू वर्मा, जिला संरक्षक संदीप जैन, जिला कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता, जिला महामंत्री संदीप शुक्ला, जिला युवा अध्यक्ष पंकज प्रजापति, जिला मंत्री प्रखर श्रीवास्तव, मुकेश, विजय सिंह, पुरुषोत्तम, नागेंद्र, मनीष सिंह, सरिता सिंह, प्रमोद सिंह, नर्सिंग सिंह, गुरु मूर्ति ,शिव शंकर, विनोद कुमार, एकलव्य राम लिंगम, अंकुर सिसोदिया, सोमी सिंह, चित्रांशु निगम , मनीषा सिंह मौजूद रहे।

# योगी-मोदी के नेतृत्व में व्यापारी सबसे सुरक्षित : संजय सेठ

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 में यह संदेश देने के लिए की भाजपा सरकार योगी और मोदी के नेतृत्व में व्यापारियों के लिए सबसे सुरक्षित और व्यवस्थित सरकार बनी है। इसके लिए एक व्यापारिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

उद्योग व्यापार मंडल के द्वारा स्थानीय दीप होटल में आयोजित व्यापारिक सम्मेलन में राज्यसभा सांसद संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने भाजपा सरकार की प्रशंसा करते हुए सरकार को व्यापारियों के लिए सबसे सुरक्षित और व्यवस्थित सरकार बताया है। संजय सेठ ने कहा कि चाहे जीएसटी का मामला हो, बिजली की आपूर्ति हो, माफियावाद से मुक्ति हो, व्यापार के लिए मुद्रा या फिर लोन दिए जाने की व्यवस्था हो इन सभी मुद्दों में भाजपा सरकार खरी उतरी है । उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश का यह ऐसा क्षेत्र था, जहां पर सबसे ज्यादा व्यापारियों के साथ लूट होती थी। जिसे योगी सरकार की सख्ती के बाद खत्म कर दिया गया है। उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री व जिला अध्यक्ष पंकज मुरारका का ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस व्यापारिक सम्मेलन में जगतपुर, ऊंचाहार, हरचंदपुर, बछरावां, कठवारा, राही, मुंशीगंज, गंगागंज, घुरवारा, मुराई का बाग, डलमऊ, तकिया चौराहा, अमावा, लालगंज, सेमरी भोजपुरी, महारानीगंज चौराहा, रुस्तमपुर, कुचरिया, महाराजगंज, थुलवासा सहित पूरे जिले के व्यापारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।


व्यापारियों को संबोधित करते राज्यसभा सांसद संजय सेठ साथ में उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष पंकज मुरारका व अन्य । अमृत विचार

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

# नोटबंदी के नाम पर मोदी सरकार ने हड़प ली गरीबों की गाढ़ी कमाई : प्रमोद तिवारी

## जनसभा में भाजपा पर जमकर बरसे राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता

सलोन, रायबरेली


सलोन में जनसभा को संबोधित करते प्रमोद तिवारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मोदी सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में सिर्फ पूंजीपति मित्रों के ही हितो का ख्याल रखा। उन्होंने कहा कि यह पहली सरकार है जिसने किसानों के कर्ज माफ करने की तो सुध नही ली, बल्कि देश की नामचीन पूंजीपतियों अडानी व अम्बानी का 16 लाख करोड़ कर्ज माफ कर दिया है।

बुधवार को अमेठी संसदीय क्षेत्र में इण्डिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के पक्ष में प्रचार पर निकले राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने करहिया बाजार में चुनाव जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा और मोदी सरकार पर तीखे सियासी प्रहार किये। उन्होंने कहा कि जीएसटी के नाम पर मोदी सरकार ने पहली बार खाने पीने की चीज तो दूर कफन तक पर टैक्स लगाया है। उन्होनें कहा कि पीएम ने प्रत्येक परिवार को 15 लाख रूपये देने का भी झांसा दिया। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने जनसभा में केन्द्रीय मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी पर भी अमेठी की जनता के साथ छलावा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा की राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के अमेठी से पारिवारिक रिश्ते का हवाला देते हुए अमेठी में कांग्रेस को वोट देने की अपील की है। उन्होंने लोगों को कांग्रेस की न्याय गारण्टी का सरकार बनने पर फौरन अमल में लाने के बाबत भरोसा दिलाते हुए इस चुनाव में स्मृति ईरानी की जमानत तक जब्त होने का दावा जताया। उन्होनें कहा कि 15 लाख तो किसी के खाते में दूर-दूर तक नजर नही आया, बल्कि नोटबंदी के नाम पर गरीब आदमी की गाढ़ी कमाई भी मोदी सरकार ने फितरत के साथ हड़प लिया। इसके पहले धरई बाजार, सिरसिरा गणेशगंज में आयोजित पार्टी की नुक्कड़ सभा में भी उन्होनें युवाओं तथा महिलाओं व किसानों के लिए भाजपा सरकार पर सौ प्रतिशत धोखेबाज सरकार होने का कड़वा तंज कसा। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता एवं कांग्रेस स्टार प्रचारक प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार की सत्ता से विदाई इस बात से और सुनिश्चित हो गयी है कि सेंसेक्स में मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक साढ़े सात लाख करोड का घाटा आया है। उन्होनें लोगों से चुनावी संवाद करते हुए कहा कि जनता की कमाई का सात हजार करोड़ इलेक्ट्रॉल बाण्ड के सहारे मोदी सरकार ने खुली लूट की है।

## चुनाव में लगे वाहन चालकों को किया सम्मानित

**संवाददाता, रायबरेली।** तेज धूप व भीषण गर्मी को लेकर जहां आमजन बेहाल है वह प्रशासन द्वारा लोकसभा चुनाव को संपन्न करने के लिए दिन-रात मेहनत की जा रही है चुनाव को सकुशल संपन्न करने के लिए पहले से ही वाहनों को संरक्षित कर लिया गया है। जो लगातार चुनाव में लगे अधिकारियों को लाने और ले जाने का काम कर रहे हैं। गर्मी को देखते हुए चालकों से एआरटीओ परिवर्तन मनोज कुमार सिंह ने बात कर उनकी समस्याओं को सुना। एआरटीओ परिवर्तन ने बुधवार दोपहर कलेक्ट परिसर में आए आधा सैकड़ों से अधिक वाहन चालकों को गर्मी से राहत देने के लिए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि गर्मी बहुत तेज है धूप में गमछा चालकों के लिए काफी सहारा रहेगा क्योंकि जब तेज धूप होती है तो गमछे से सर ढका जाता है जो राहत देता है। उन्होंने सभी चालकों से कहा कि काम के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी पूरा ख्याल रखें।

# मंडल रेल प्रबंधक ने ट्रैक व समपारों का किया निरीक्षण

संवाददाता, रायबरेली


ट्रैक व विंडो ट्रेलिंग का निरीक्षण करते मण्डल रेल प्रबन्धक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मण्डल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा ने मण्डल के अन्य अधिकारियों के साथ लखनऊ-रायबरेली-ऊंचाहार पर स्थित समपारों (रेलवे क्रॉसिंग) व ट्रैक का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। मंडल रेल प्रबंधकने निरीक्षण के दौरान परियावां कालाकांकर रोड स्टेशन पर पहुंच कर रात्रिकालीन स्टाफ की सजगता का निरीक्षण करते हुए स्टेशन मास्टर से ट्रेन संचालन संबंधित संरक्षा एवं सुरक्षा के ज्ञान को परखा। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य रेल खंड की संरक्षा, सुरक्षा, और संचालन स्थिति का जायजा लेना था।

निरीक्षण के दौरान मण्डल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा ने परियावां कालाकांकर रोड स्टेशन-अरखा स्टेशन के मध्य चल रहे रेलवे ट्रैक के रख रखाव कार्य का जायजा लिया। इसके अलावा कार्य कर रहे कर्मचारियों से उनके कार्य के बारे मे जानकारी ली। सिग्नलिंग उपकरणों की कार्यशीलता को भी देखा। रेलवे क्रॉसिंग की सुरक्षा और संचालन की भी समीक्षा की गई एवं क्रॉसिंग पर तैनात कर्मचारियों से उनको कार्य से संबंधित ज्ञान व उनके द्वारा रात्रि में किए जा रहे कार्यों के प्रति सजगता को परखा गया एवं रेलवे क्रॉसिंग पर सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। मण्डल रेल प्रबन्धक ने ट्रैकमैन व रेलवे कर्मचारियों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने रेल खंड की स्थिति को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए और कर्मचारियों को उच्चतम स्तर की सेवा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया।

# तुष्टिकरण की राजनीति करती है कांग्रेस-सपा : साक्षी महराज

खीरों,रायबरेली

**अमृत विचार।** रायबरेली संसदीय क्षेत्र में आगामी 20 मई को होने वाले मतदान के लिए सभी राजनैतिक दल चुनाव प्रचार कर मतदाताओं को रिझाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को भाजपा नेता साक्षी महराज ने खीरों क्षेत्र में कई नुक्कड़ सभाओं के जरिए सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सपा और कांग्रेस को भगवान राम और सनातन धर्म का विरोधी बताते हुए तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। भाजपा नेता साक्षी महराज ने बसावन खेड़ा, धुराई आदि कई गांवों में रायबरेली संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी दिनेश सिंह के समर्थन में नुक्कड़ सभाएं की। अपने भाषण में साक्षी महराज ने कहा कि सपा नेता अखिलेश यादव और कांग्रेस का पूरा गांधी परिवार भगवान राम का विरोधी है। कांग्रेस तो भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल खड़े करती है। अखिलेश यादव खुद कहते हैं कि वह भगवान राम को नहीं मानते। इसीलिए सपा ने सैकड़ों राम भक्त कारसेवकों पर गोली चलवाकर सरयू माता के जल को रक्तरंजित कर दिया था। लेकिन वही अखिलेश यादव और गांधी परिवार चुनाव के समय मन्दिरों में जाकर माथा टेक कर और दिखावटी पूजा पाठ कर धार्मिक आडंबर कर लोगों को धर्म के नाम पर बेवकूफ बनाकर वोट लेना चाहते हैं। जिन्होंने राम मन्दिर के उद्घाटन के निमंत्रण को ठुकरा दिया वही आज धार्मिक आडंबर कर सनातनियों की भावनाओं का मजाक उड़ाते हैं। इसी तरह साक्षी महराज ने कांग्रेस और सपा पर तीखे प्रहार किए। इन नुक्कड़ सभाओं में सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष और भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा प्रत्याशी ने मांगे वोट

**सरेनी, रायबरेली।** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने बुधवार को स्थानीय ठाकुर वीर बाबा मंदिर परिसर में कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में सुरक्षित है। इसलिए रायबरेली की सीट को उनकी झोली में डाल दीजिए। उन्होंने कहा कि नामांकन के बाद राहुल गांधी रायबरेली से चले गए लेकिन दिनेश प्रताप हर गांव गली में आप से वोट मांग रहा है। अध्यक्षता सुशील तिवारी ने की। इस मौके पर मुन्नू तिवारी, मनोज सिंह, पप्पू लोहिया, बच्चा सिंह, अमरपाल सिंह, जंग बहादुर सिंह, रमाकांत त्रिवेदी, ऋषि सिंह, दिवाकर मिश्रा, अनूप पांडे, लाला सिंह, जवाहर पासवान, संजू पाल, पप्पू सिंह चौहान, खिन्नी सिंह, सुशील सिंह, चंद्रकांत, नीरज श्रीवास्तव, तेज प्रताप, विनोद लोधी, अवध बिहारी यादव आदि रहे।

# आरडीआरके पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने फहराया परचम


सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में आरडीआरके पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हाईस्कूल में शानदार प्रदर्शन करके माता-पिता के साथ ही विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

अनिमेषनाथ ने 92 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय टॉप किया है। आयुष पटेल ने 91.5 प्रतिशत और प्रभात गुप्ता 91.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर संयुक्त रूप से विद्यालय में द्वितीय स्थान अर्जित किया है। शिखा पटेल ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान अर्जित किया। आरडीआरके पब्लिक स्कूल बछरावां के प्रधानाचार्य शिव प्रसाद वर्मा, आरडीआरके पब्लिक स्कूल शिवगढ़ के प्रधानाचार्य रविचन्द्र वर्मा, विद्यालय के प्रबंधक रामहर्ष वर्मा ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सफल सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। मेधावी छात्र अनिमेषनाथ, आयुष पटेल, प्रभात गुप्ता, छात्रा शिखा पटेल ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता अभिभावकों एवं विद्यालय के अनुभवी श्रेष्ठ शिक्षकों व विद्यालय के शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण को दिया है।

**अनिमेषनाथ ने 92 प्रतिशत अंक लाकर टॉप किया विद्यालय**

अमृत विचार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **अनन्त प्रसाद मिश्र पुत्र हृदय नारायण मिश्र, निवासी–ग्राम, पहाड़पुर कला, परगना–अल्देमऊ, तह0 कादीपुर जिला–सुल्तानपुर,** मैं अपने बड़े पुत्र विनोद कुमार मिश्र के क्रिया कलापों से आहत हूँ। वह आये दिन मुझे मारता–पीटता और गाली गलौज करता है उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम परशुराम पुत्र गंगाराम जो कि गलत है। मेरा सही नाम **परशुराम विश्वकर्मा पुत्र गंगाराम नि0–ग्राम– अमदही (खलहनपुरवा) पो0–अमदही, वि0ख0 बेलसर थाना–उमरीबेगमगंज तह0–तरबगंज जिला–गोण्डा** है।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम हाई स्कूल अंक पत्र में मोहम्मद आमिर कामरान सिद्दीकी है और पैन कार्ड एवं आधार कार्ड में मोहम्मद आमिर कामरान है। दोनों ही नाम मेरे हैं इस नाम व पता का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है। मेरा वास्तविक नाम **मोहम्मद आमिर कामरान पुत्र मोहम्मद अब्दुल हई सिद्दीकी, निवासी– मोहल्ला– मुबारकपुर टीला, कन्नौज** है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **रामदीन उर्फ कल्लू पुत्र महावीर, निवासी– बन्दीपुर, मल्लवां, जिला हरदोई उ0प्र0** मेरे भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी मे नाम रामदीन दर्ज है, जिसकी पॉलिसी संख्या– 223670188 है। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य सभी शैक्षिक व मूल दस्तावेजो पर मेरा नाम कल्लू दर्ज है। अतः मेरी जीवन बीमा पॉलिसी मे अंकित नाम रामदीन तथा आधार कार्ड एवं अन्य सभी शैक्षिक व मूल दस्तावेजो पर अंकित नाम कल्लू दोनो एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरे है इस नाम का अन्य कोई दूसरा व्यक्ति नही है। मुझे इन दोनो नाम रामदीन उर्फ कल्लू दोनो नाम से जाना व पहचाना जाता है।

**तलाश गुमशुदा**
**शान्ती देवी बालिग पत्नी अमिरका प्रसाद निवासी पूरेप्रसाद थाना सिरसिया विकास खण्ड सिरसिया जनपद श्रावस्ती ...अभियोगी**
मेरे पति अमिरका प्रसाद पुत्र राम धीरज साकिन पूरे प्रसाद, वि0 खण्ड– सिरसिया– जनपद–श्रावस्ती सन् 1997 में मजदूरी के सिलसिले मे बम्बई गये थे और वहाँ जाने के बाद कोई सम्पर्क एक साल तक नही हुआ तब मेरी मुवक्किला अपने रिश्तेदारो के साथ बम्बई जाकर उनके सम्भावित स्थानो पर तलाश किया तो उनका कही पता नही चल रहा है और न ही उनकी कोई खोज खबर है मैने उनके सम्बन्ध मे प्रत्येक संभावित स्थानो पर तलाश किया परन्तु उनका कही पता नहीं चल पा रहा है मैने इसकी सूचना थाना सिरसिया मे कई बार दिया परन्तु गुमशुदगी की रिर्पोट नही दर्ज की गयी । – **शान्ती देवी बालिग पत्नी अमिरका प्रसाद, निवासी– पूरेप्रसाद थाना सिरसिया विकास खण्ड सिरसिया, जनपद– श्रावस्ती**


एनटीपीसी में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व एनटीपीसी के अधिकारी। अमृत विचार

# बालिकाओं के सशक्तिकरण का एनटीपीसी ने उठाया बीड़ा

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** विद्युत उत्पादन के द्वारा ऊर्जा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिए एनटीपीसी उतनी ही जिम्मेदारी व संवेदनशीलता के साथ परियोजनाओं के आसपास की नन्हीं प्रतिभाओं की छिपी हुई मेधा को निखारने का एक महा अभियान चला रखा है।

बालिका सशक्तिकरण अभियान के माध्यम से पिछले कई वर्षों से एनटीपीसी ऊंचाहार आसपास के गांवों की बालिकाओं को एक नया मंच देकर उनकी प्रतिभा को निखारने व व्यक्तित्व को संवारने का निरंतर प्रयास कर रहा है। अभी तक सैकड़ों बालिकाओं को इस मुहिम से लाभान्वित किया जा चुका है। इसी क्रम में इस वर्ष भी बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत 120 बालिकाओं को 'सपनों की उड़ान' जैसे नारे गढ़कर संकल्प शक्ति का एक नया प्रयोग किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ ऊंचाहार परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा तथा प्रियदर्शिनी लेडीज़ क्लब की अध्यक्षा तरूणा छाबड़ा व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छाबड़ा ने कहा कि हमें प्रसन्नता है कि हमें बालिकाओं के सशक्तिकरण का अवसर मिला है। छाबड़ा ने विश्वास व्यक्त किया कि इस कार्यक्रम से प्रशिक्षित बालिकाओं को 'सपनों की उड़ान' भरने की इच्छाशक्ति को नया संबल मिलेगा। इसी के साथ इस वर्ष प्रतिभाग करने वाली बच्चियों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यशाला की फैकल्टी संस्था माई जेनआई की प्रतिनिधि वंदिता सैमुअल ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें शिक्षा के अलावा कराटे, गीत-संगीत, डांस, योगा व गुड टच-बैड टच आदि के विषय में बताया जाएगा। साथ ही ये प्रयास किया जाएगा कि बालिकाओं का आत्मविश्वास प्रबल हो सके। इसके पूर्व मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने सभी का स्वागत किया।

# वार्षिकोत्सव में मेधावी हुए सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली


मेधावियों को सम्मानित करते प्रबंधक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** खीरों विकास क्षेत्र के रफीक नगर में बुधवार को स्टेट बैंक के निकट विवेकानंद बिहारी लाल विद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं परीक्षा फल वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव एवं अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नाटक प्रस्तुत किये।सम्मान समारोह में छात्र छात्राओं को अंक पत्र वितरित किए गए। वहीं, प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक चंद्रिका प्रसाद ने कहा कि इसी तरह सभी बच्चों को मेहनत कर समाज मे अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन करना चाहिए। विद्यालय के व्यवस्थापक डॉ. एपी श्रीवास्तव ने कहा कि केवल किताबी ज्ञान ही नहीं बच्चो को सांस्कृतिक, शारीरिक और मानसिक ज्ञान होना भी जरूरी है। इस मौके पर आदेश श्रीवास्तव शिवकेश त्रिवेदी, अशोक त्रिवेदी, दिनेश कुमार, रवि, राम प्रताप मौजूद रहे।

## जिला सैनिक बंधु की बैठक सम्पन्न

संवाददाता, रायबरेली


बैठक में मौजूद पूर्व सैनिक

**अमृत विचार।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली, कैप्टन (नौसेना) अतुल्य दयाल की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सैनिक बन्धु सदस्यों और पूर्व सैनिकों की समस्याओं एवं अन्य विषयों पर चर्चा की गई। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा पूर्व सैनिकों को वरीयता के साथ नियमानुसार उनके कार्यों और समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन से निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया। बैठक में सैनिक बन्धु समिति के सदस्य कॉर्पोरल चन्द्र भान शुक्ला, सूबेदार दुष्यन्त लाल, आनरेरी कैप्टन आरबी सिंह आदि मौजूद रहे।

## बैंक से खाताधारक के झोले से 75.5 हजार रुपये गायब

**लालगंज, रायबरेली।** पूरे बाबू मजरे गौरा रुपई निवासी मो.मुइन ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा लालगंज खाते में पैसा जमा करने गए थे। उनके झोले में 57 हजार 5 सौ रुपये थे। बैंक में पैसा जमा करने के लिए खड़े थे,लेकिन किसी ने झोले से रुपया पार कर दिया। मुईन ने कोतवाली पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बैंक के सीसीटीवी कैमरे में घटना दिखाई दी है।वहीं, पुलिस मामले की जांच-पड़ताल करने की बात कही है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# बच्चों को बांटीं प्रिंटेड गृहकार्य हस्तपुस्तिका


प्रिंटेड गृहकार्य हस्तपुस्तिका के साथ बच्चे । अमृत विचार

राही, रायबरेली

**अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय राजापुर में तैनात शिक्षक अजय सिंह कार्यों को लेकर सदैव चर्चा में रहते हैं। उनके द्वारा किए गए अभिनव प्रयासों से विद्यालय के बच्चे लाभान्वित होते है। वहीं प्रदेश के लाखों विद्यार्थी व हजारों शिक्षक लाभन्वित होते हैं। शिक्षक का मानना है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में ग्रामीण परिवेश के बच्चे इस अवधि में पठन-पाठन से बिल्कुल दूर हो जाते हैं। इसलिए बच्चों को ब्लैक बोर्ड पर कुछ पाठ तैयार करने के लिए दे दिए जाते हैं। जिसमें छात्र पठन-पाठन से जुड़े रह पाते हैं। शिक्षक अजय सिंह ने पिछले सालों की भांति इस वर्ष भी गृहकार्य निर्मित करने की ठानी और उसे प्रिंट भी कराया।


आवश्यकता है
अमृत विचार, लखनऊ को
इलेक्ट्रीशियन की
PLC वेस प्रिंटिंग मशीन की जानकारी हो
अनुभव :- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
9518031113, 96516 43339
अमृत विचार
ऑफिस : 25/16ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ - 226001 (उ.प्र.)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES
JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

## एक नजर

### 31 के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 31 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका को देखते हुए कार्रवाई की गई। इसके अलावा तीन वांछितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### हत्या के प्रयास के मामले का आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को फतेहपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में थाना क्षेत्र के शेखपुर मकदूम निवासी जुनैद को फतेहपुर रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक चाकू बरामद किया।

### दो वांछित पकड़े गए

अमृत विचार : अमृत विचार : मसौली पुलिस टीम ने बुधवार को क्षेत्र के ग्राम समशाबाद मजरे सादामऊ निवासी श्रवण कुमार व पिंकी को डुबकी मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी पॉक्सो एक्ट में वांछित थे।

### पहले गाड़ी ठोकी, विरोध करने पर मारपीट की

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : ग्राम अडा निवासी संजीव कुमार सिंह ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह अपने वाहन से कार्यकर्ताओं के साथ दरियाबाद में पार्टी मीटिंग के लिए जा रहा था। तभी रास्ते में एक डंपर चालक रामनरेश पाल ने दिलौना मोड भिटरिया के पास पीछे से जोरदार गाड़ी में टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। विरोध करने पर चालक रामनरेश व उसका साथी राजपाल मारपीट करने लगा। संजीव सिंह के प्रार्थना पत्र पर कोतवाली रामसनेहीघाट पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया।

# मोदी के नेतृत्व में नए भारत की यश गाथा पूरी दुनिया में फैली : अनुप्रिया

## त्रिलोकपुर स्थित बीपी शुक्ला इंटर कॉलेज के मैदान में भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को किया संबोधित

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का मस्तक ऊंचा हुआ है। उन्होंने 10 वर्षों में देश को तरक्की के रास्ते पर ले जाने का कार्य किया है। आज नए भारत की यश गाथा पूरी दुनिया में फैल चुकी है। हम चुनावी मैदान में खोखले चुनावी वादों के साथ नहीं, बल्कि 10 वर्षों के काम का लेखा-जोखा लेकर आए हैं। आप लोग कमल खिलाकर विपक्षियों की जमानत जब्त कराने का काम करें।

ये बातें केंद्रीय राज्यमंत्री एवं अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने बुधवार को त्रिलोकपुर स्थित बीपी शुक्ला इंटर कॉलेज के मैदान में भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत के पक्ष में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि 10 साल पहले यूपीए की सरकार में हर रोज नया घोटाला सामने आता था। जबकि भाजपा की सरकार में एक भी घोटाला या भ्रष्टाचार सुना हो तो बताइए। उपस्थित जन समूह से रूबरू होते हुए अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पिछले 75 वर्षों में सबसे ज्यादा कांग्रेस की सरकार देश में रही है। आप लोग दिल पर हाथ रखकर अपने आप से सवाल कीजिए कि पिछले 10 वर्षों की सरकार में बदलाव आया या नहीं।

उन्होंने प्रत्याशी राजरानी रावत को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने की अपील की। उपस्थित जन समूह को पहले मतदान फिर जलपान का


मंच से लोगों का अभिवादन स्वीकार करतीं केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल साथ में भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत।

संकल्प दिलाते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार ने मोदी के नेतृत्व में इन 10 वर्षों में देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया है। आज का भारत वह भारत है जिसकी यश कीर्ति और ख्याति पूरी दुनिया में फैल चुकी है। अब तमाम देशों के बड़े-बड़े राष्ट्राध्यक्ष भारत के नक्शेकदम पर चलना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करने के लिए वे पलकें बिछाए बैठे रहते हैं। यह भारत के प्रधानमंत्री का सम्मान नहीं है, देश की 140 करोड़ जनता का सम्मान है, जो पूरी दुनिया कर रही है। कोई भी भारतवासी किसी भी देश की युद्ध भूमि में फंसा हो तो देश के अंदर मोदी के नेतृत्व में इतनी मजबूत सरकार है कि उसे स्वदेश वापस लाया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने यह करके दिखाया भी है।


जनसभा को संबोधित करतीं अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल।

उन्होंने कहा कि जब मजबूत सरकार बनेगी तभी नए एयरपोर्ट बनेंगे, नया रेल नेटवर्क बिछाया जाएगा और भी इस तरह के विकास कार्य कराये जा सकेंगे। इसलिये 10 सालों की विकास यात्रा को अगर और भी गतिमान बनाना चाहते हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें। इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी राज्यरानी रावत, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, अपना दल के जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, वीरेंद्र पटेल, लवली रावत और सत्य प्रकाश वर्मा समेत अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, डाक्टर विवेक वर्मा, वेद प्रकाश रावत, ब्लॉक प्रमुख सूरतगंज लकी सिंह ने केंद्रीय राज्यमंत्री को बुके देकर स्वागत किया।

# अधिग्रहीत वाहनों के न आने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**सख्ती**

- कल से एकत्र होंगे अधिग्रहित वाहन, 899 वाहनों का होगा प्रयोग
- जीआईसी मैदान में करनी होगी आमद

अमृत विचार : पोलिंग पार्टियों को बूथ तक लाने और मतदान कराकर वापस नवीनमंडी स्थल पर छोड़ने के लिए शुक्रवार से अधिग्रहीत वाहनों की आमद शुरू हो जाएगी। इसके लिए जीआईसी मैदान में वाहनों के खड़े होने की व्यवस्था की गई है। पूर्व में दिए गए नोटिस व दिशा-निर्देशों के बाद वाहन लेकर न आने पर संबंधित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। मतदान के दिन 899 हल्के व भारी वाहनों का प्रयोग होगा।

20 मई को पांचवें चरण में 2615 बूथों पर मतदान होना है। मतदान के दिन 189 हल्के तो 710 भारी वाहनों का प्रयोग होना है। इन वाहनों को जीआईसी मैदान में चालक समेत आने को निर्देश किया गया है। एआरटीओ प्रशासन ने पूर्व में ही संबंधित वाहनों के कागज व चालकों के मोबाइल नंबर आदि का ब्योरा ले लिया था। बताया जा रहा है कि सूचना के बाद चुनाव में सहयोग ने करने और वाहन को निर्धारित समय पर न लाने की स्थिति में संबंधित वाहन चालक और मालिक के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार कुर्सी विधानसभा में 142, रामनगर में 105, बाराबंकी सदर में 112, जैदपुर में 107, दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में 114 और रुदौली आंशिक क्षेत्र में पांच वाहनों को लगाया गया है। इन वाहनों से पोलिंग पार्टियां अपने-अपने बूथों पर रुट के हिसाब से पहुंचेंगी। एआरटीओ प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बताया कि 17 मई से वाहनों को एकत्र किया जाएगा। पूर्व में सूचित करने के बाद भी वाहन के न आने पर मुकदमा भी दर्ज कराया जा सकता है।

**ईंधन की व्यवस्था करेगा आपूर्ति विभाग**

मतदान कराने जाने वाले वाहनों के ईंधन की व्यवस्था आपूर्ति विभाग करेगा। इसके लिए वाहन चालकों को जिला पूर्ति कार्यालय में जाकर लॉगबुक भरकर डीजल, पेट्रोल आदि की पर्ची लेनी होगी। इस पर्ची के आधार वह संबंधित पेट्रोल पंप के क्रेडिट ईंधन अपने वाहन में भरा सकेंगे। ईंधन देने के लिए 13 पेट्रोल पंपों को चिह्नित किया गया है। इस संबंध में इन पेट्रोल पंप संचालकों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। वहीं आपूर्ति विभाग में भी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।

# मतदान हर नागरिक का अधिकार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन जिला बार एसोसिएशन के हाल में जिला जज दिनेश चन्द की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान सभी ने मतदान करने की शपथ ली।

जिला जज दिनेश चन्द ने उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारियों एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं को मतदाता की शपथ दिलाई। इसके अतिरिक्त अधिवक्ताओं के माध्यम से आमजनमानस को भी जागरूक करने के लिए बताया गया कि मतदान एक नागरिक का अधिकार है, साथ



कार्यक्रम में मंचासीन जिला जज दिनेश चन्द व अन्य अधिकारी।

ही यह एक कर्तव्य भी है, मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते है। मतदान से सरकारे बदल सकती है, देश का विकास हो सकता है और समाज में बदलाव आ सकता है। इस मौके सत्यदेव गुप्ता प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, आनन्द कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम, हिसाल बारी किदवई अध्यक्ष, अशोक वर्मा महामंत्री जिला बार समेत अधिवक्ता व न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

# निर्वाचन कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं

**चेतावनी**

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण
- बीएलओ द्वारा वितरित की जा रही पर्चियों की भी ली जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने विधानसभा नवाबगंज के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज बाराबंकी में बने मतदान केंद्र 336, 337, 338, 339 का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ द्वारा वितरित की जा रही मतदाता पर्चियों के वितरण सम्बंधी जानकारी ली और कहा कि निर्वाचन के काम में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं


मतदान केंद्र का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार।

की जायेगी। इसलिये किसी भी प्रकार की कार्यवाही से बचने के लिये सभी बीएलओ मतदाताओं के घर घर जाकर शतप्रतिशत मतदाता पर्चियों के वितरण का कार्य समय से पूरा करें। इस अवसर पर एसडीएम नवाबगंज सहित सम्बन्धित अधिकारी भी मौजूद रहे।

**ठीक से प्रशिक्षण प्राप्त करें**

कार्मिक: लोक सभा चुनाव को लेकर शहर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में चल रहे पोस्टल बैलेट मतदान और ईडीसी फॉर्म का जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने निरीक्षण किया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कार्मिकों से प्रशिक्षण के विषय पर बातचीत की और कहा कि सभी मतदान कार्मिक अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें। किसी को कोई दिक्कत हो तो प्रशिक्षकों को बताए, जिससे उनकी समस्याओं का निदान हो सके। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट काव्या, एसडीएम राजेश विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मतदाता पर्ची वितरण कार्य की एसडीएम ने की समीक्षा

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : उपजिलाधिकारी ने पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा घर घर बांटी जा रही मतदाता पर्चियों की स्थिति का जायजा भी लिया।

गुरुवार को एसडीएम आनंद तिवारी ने राजस्व निरीक्षक विनोद कुमार के साथ ग्राम पंचायत औरेला, औलिया लालपुर, परसा आदि पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया एवं गांवों में मतदाता पर्चियों के वितरण की समीक्षा कर स्थित का जायज़ा लिया। एसडीएम ने सभी पोलिंग बूथों पर सुविधाओं की भी समीक्षा की और आवश्यक निर्देश भी दिए। इस सम्बन्ध में एसडीएम आनंद तिवारी ने बताया कि बीएलओ द्वारा गांवों में घर घर मतदान पर्ची पहुंचाने का काम किया जा रहा है। सभी गांवों में पर्ची वितरण कार्य सुचारु रूप से चल रहा है।

उन्होंने कहा कि समय-समय पर इसका निरीक्षण कर स्थित पर नजर रखी जा रही है। जल्द ही इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। पर्चियां सही मतदाताओं तक हर हाल में पहुंचे, इसके लिए सभी को निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर समस्त पंचायतों के बीएलओ, सुपर वाइजर और लेखपाल आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### मतदाताओं ने हस्ताक्षर कर मतदान का लिया संकल्प


मतदाता जागरुकता को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाते लोग। अमृत विचार

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : मतदान हमारा अधिकार है, वोट हमारी ताकत, 20 मई को होने वाले मतदान में हम सब लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपनी ताकत का एहसास कराएंगे। सतरिख कस्बे में चले हस्ताक्षर अभियान में मतदाताओं ने हस्ताक्षर बनाकर मतदान का संकल्प लिया। पुलिसकर्मी भी अभियान का हिस्सा बने। गढ़ी मोहल्ला स्थित राजीव मेमोरियल आदर्श विद्यालय के तत्वावधान में बुधवार को थाना चौराहे पर हस्ताक्षर अभियान चला। मतदाताओं ने हस्ताक्षर कर हर हाल में मतदान का संकल्प लिया। आयोजक राजीव मेमोरियल आदर्श विद्यालय के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार शुक्ला की पहल पर पुलिस कर्मियों से लेकर अन्य लोगों ने इस अभियान में अपनी भागीदारी दिखाई। सतरिख कस्बे के अलावा बड़ापुरा, बंदगीपुर, सराय अकबराबाद, शरीफाबाद, सुल्तानपुर मानपुर राह देबियापुर सहेलिया और घौसाबाद सहित कई अन्य गांवो के मतदाता हस्ताक्षर करने पहुंचे। शिक्षक राम लल्लन, पंकज यादव, अजय यादव, धर्मेंद्र यादव, अतुल दुबे, रमाशंकर, लवलेश पांडे और मोहम्मद आकिब काजी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में किया जनसंपर्क


जनसंपर्क करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के समर्थन में मंडल अध्यक्ष रामसागर मौर्य की अध्यक्षता में जुटे रामदेव सिंह प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख हैदरगढ़ एवं जिला पंचायत सदस्य ने बुधवार को पराग दुग्ध संघ अयोध्या मंडल के अध्यक्ष आनंद सिंह मोनी एवं अन्य पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र की ग्राम पंचायत शहरी इस्लामपुर के शहरी व देवपुरा गांव में घर-घर जनसंपर्क किया। कार्यकर्ताओं ने लोगों को मोदी और प्रदेश की योगी सरकार की उपलब्धियां गिनायीं। लोगों से देशहित में भाजपा प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगा। जनसंपर्क के लिए दौरान मंडल प्रवासी कौशलेंद्र शुक्ला, विधायक दिनेश रावत के छोटे भाई मिथिलेश रावत, प्रधान दीनबंधु पांडे, मंडल उपाध्यक्ष विक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मामूली विवाद में महिला समेत तीन लोगों ने युवक को पीटा

रामसनेहीघाट, बाराबंकी] अमृत विचार : कोतवाली रामसनेहीघाट अंतर्गत मामूली सी बात को लेकर महिला सहित तीन लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति को पीट-पीट कर घायल कर दिया। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए एक सी एच्सी बनीकोडर लाया गया। रामसनेहीघाट कोतवाली अंतर्गत ग्राम चौरी मजरे चौरी आलादासपुर निवासी रामराज मिश्रा पुत्र निर्मल कुमार मिश्रा ने कोतवाली में शिकायत पत्र देते हुए बताया कि घर के बगल रहने वाले अनिल कुमार मिश्रा, उनके पुत्र आदित्य और पत्नी अनीता द्वारा मुख्य रास्ते पर अपने घर का दरवाजा खोले हुए थे। बंद करने को कहने पर तीनों लोगों द्वारा हमला कर घायल कर दिया। पड़ोसियों द्वारा किसी तरह लोगों ने बचाया और सीएचसी बनीकोडर इलाज के लिये लाया गया।

### युवक पर पुत्री को भगा ले जाने का आरोप

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली रामसनेही घाट से एक गांव में एक नाबालिक अनुसूचित जनजाति की लड़की को गांव के ही एक युवक द्वारा कहीं भगा ले जाने की शिकायत लड़की के पिता ने कोतवाली में की है। कोतवाल को शिकायत पत्र देते हुए बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को सोमवार को गांव के ही एक युवक कही बहला फुसलाकर भगा ले गया और बेटी साथ ही सोने के जेवर और 30 हजार की नकदी भी अपने साथ लेकर गयी है। इस बात की शिकायत करने पर युवक के परिवारीजनों द्वारा उससे गाली-गलौज और धमकी दी गयी है।

## फर्स्ट वोटर

### पहली बार दूंगा वोट



अंश गुप्ता का कहना है कि मतदान अवश्य करना चाहिए। लोकसभा चुनाव में पहली बार वोट करूंगा। सरकार को विकास कार्यों के साथ युवाओं को रोजगार में वरीयता दे।

### मत देने के लिए है उत्साह



अनुभव शुक्ल का कहना है कि पहली बार मतदान करने को लेकर उत्साहित हूं। देश के विकास के लिए मतदान करूंगा। खुशी है कि लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने का मौका मिल रहा है।

### लोगों को कर रहा प्रेरित



अजय कनौजिया का कहना है कि पहली बार मतदान को लेकर उत्साहित हूं। एक मजबूत सरकार चुनने से देश के विकास में योगदान मिलता है। मैं मतदान के लिए लोगों को जागरूक कर रहा हूं।

### मतदान हमारा अधिकार



दिव्यांशु कुमार का कहना है कि पहली बार वोट देने के लिए उत्साहित हैं। राष्ट्र की प्रगति के साथ सुशासन के लिए बेहतर प्रत्याशी को वोट करूंगा। मतदान हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है।

# टीमों ने की 4521 वाहनों की जांच

बाराबंकी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर जिले भर में प्रशासन की टीमों द्वारा वाहनों की सघन चेकिंग का अभियान चल रहा है। इसके लिए 21 चेक पोस्ट बनाए गए हैं। बुधवार को इन सभी चेकपोस्टों में कुल 4581 वाहनों की जांच स्थाई निगरानी टीम प्रभारियों द्वारा की गयी।

जांच के समय किसी प्रकार की नकदी व सामग्री नहीं पायी गयी। उनके अनुसार 26 अप्रैल से 15 मई तक कुल 62,514 वाहनों की जांच चेक पोस्ट पर की गयी है। उन्होंने बताया कि बुधवार को उड़नदस्ता टीमों द्वारा जांच के दौरान वाहनों में किसी प्रकार की नकदी व सामग्री नहीं पायी गयी।

## स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान करना जरूरी

**मतदाता जागरूकता को अमृत विचार की मुहिम**

बाराबंकी, अमृत विचार : जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानपुर के छात्र कृत वर्मा ने मतदाताओं के सवाल कि मतदान करना क्यों जरूरी है का जवाब अपने चित्र के माध्यम से दिया है। अगर आपके मन में भी मतदान से जुड़ा ऐसा कोई सवाल हो तो आप हमें sveepbarabanki2024@gmail.com व amritvicharbarabanki@gmail.com पर लिखकर भेजें। अमृत विचार सित्र के माध्यम से आपका सवाल और उसका जवाब प्रकाशित करेगा। मुहिम खत्म होने पर इस प्रतियोगिता के तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को अमृत विचार व जिला प्रशासन सम्मानित भी करेगा।



## चुनावी चौपाल

**रामसनेहीघाट इलाके में लोगों ने पेपर लीक समेत अन्य मामलों को उठाया**

# देशहित से बड़े नहीं हैं महंगाई व बेरोजगारी के मुद्दे

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

अमृत विचार : 20 मई को होने वाले लोकतंत्र के महापर्व को लेकर हर कोई उत्साहित है। होटलों और चाय की दुकानों पर चुनाव की ही चर्चा सुनाई पड़ रही है। लोगों को मतदान के लिए जागरुक करने को अमृत विचार की टीम बुधवार को रामसनेहीघाट पहुंची और चुनावी माहौल जाना।

नगर पंचायत रामसनेहीघाट के भिटरिया में एक प्रतिष्ठान पर दोपहर के वक्त कुछ लोग चुनावी चर्चा में जुटे थे। अमरकेस सिंह ने एक तरफ महंगाई, बेरोजगारी, निजीकरण जैसे मुद्दे उठाये तो


रामसनेहीघाट क्षेत्र में चौपाल में मतदान की शपथ लेते नागरिक। अमृत विचार

दूसरी तरफ मोदी की गारंटी और बाबा के बुलडोजर न्याय पर भरोसा भी जताया। दिनेश तिवारी ने कहा कि राशन से लेकर सख्त शासन, अयोध्या में राममंदिर जैसे तमाम ऐतिहासिक कदम मोदी सरकार ने उठाये हैं। उन्हें मोदी के राशन और बाबा के शासन पर पूरा भरोसा है। गांव में सड़क भले नहीं बनी पर देश मजबूत हुआ है। मुकेश कुमार ने कहा कर्जा माफ और बेरोजगारों को नौकरी के वादों का असर इस चुनाव में देखने को मिलेगा। पतिराम ने कहा कि महिलाओं को भी एक लाख रुपये देने की बात भी हो रही है। वहीं शिव शंकर वर्मा ने कहा कि बेरोजगारी, पेपर लीक और महंगाई मुद्दे हैं। पर यह मुद्दे देश की मजबूती से बड़े नहीं है। शारदा साहू ने बीच में टोकते हुए कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और स्वास्थ्य सुविधाएं इस चुनाव का बड़ा मुद्दा हैं। राम नरायण मिश्रा ने कहा कि मेधावी युवाओं को आज भी नौकरी मिल रही है। इसके बाद यहां मौजूद सभी लोगों ने मतदान की शपथ ली।

# स्कार्पियो पलटने से चार लोग हुए घायल

बनीकोडर, बाराबंकी

अमृत विचार : कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र में बुधवार को एक स्कार्पियो पलटने से उसमें सवार 4 लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई गई। हादसा हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग पर भानपुर के निकट हुआ। टिकैतनगर के पानापुर गांव निवासी लालचंद बुधवार को अपनी बहन की विदाई कराने असंद्रा के पूरे निधान मजरे खुसेहटी आये थे। विदाई के बाद स्कॉर्पियो से लौट रहे थे। भानपुर के पास गाड़ी पलट गई। उसमें सवार निवासी राजन (30) व मुबीन (30) गंभीर रूप


हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन। अमृत विचार

से घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस से सीएचसी रामसनेही घाट ले जाया गया। जहां राजन की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं गुड़िया पत्नी गोलू व लालचंद को हल्की चोट आई हैं। उन्हें इलाज कर घर भेज दिया गया है।

## एक नजर

### पेड़ से टकराई पिकअप चालक की मौत

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** :थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र अंतर्गत बुधवार सुबह मुर्गा लाद कर एक पिकअप बाराबंकी जा रही थी। तभी गौरा सैलक के पास आनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई। जिसमें ड्राइवर मोहम्मद तारिक रसूल की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस जब तक गाड़ी को सही करती। तब तक ड्राइवर की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से गाड़ी को सही करवाया और उसके नीचे से शव को बाहर निकाल कर कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।

### खुले नाले से हादसे की आशंका

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार** : विकास खंड बंकी के मंजीठा ग्राम पंचायत में बृजेश कुमार के मकान के पास पानी निकासी के लिए गहरा नाला तो बना है, लेकिन इस पर ढक्कन आज तक नहीं रखे गए। जिससे खतरा बना हुआ है। यहां के लोगों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम प्रधान की लापरवाही के चलते ग्राम पंचायत में विकास का कोई कार्य नहीं हो पा रहा। हाल ही में बंकी ब्लॉक के ही भनौली ग्राम पंचायत में एक मासूम घर से खेलने के लिए निकली थी और नाले पर ढक्कन ना होने के उसकी नाले में गिरकर डूबने से मौत हो गई थी। लोगों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# अभेद्य सुरक्षा घेरे में होगी मोदी की रैली

## जैदपुर ओवरब्रिज के निकट भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में कल जनसभा को करेंगे संबोधित


बैठक को संबोधित करते अपर पुलिस महानिदेशक अमरेंद्र सिंह सेंगर।

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार** : भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में 17 मई को जिले में बाराबंकी-अयोध्या हाईवे स्थित जैदपुर ओवरब्रिज के निकट आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा अभेद्य सुरक्षा घेरे में होगी। इसे लेकर एडीजी ने बुधवार को सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। रैली स्थल पर पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। बाहर से भी फोर्स आएगी। रैली में 20 कंपनी पैरामिलिट्री, आठ आईपीएस, 50 से अधिक एडिशनल एसपी व डीएसपी सुरक्षा की कमान संभालेंगे।

सफेदाबाद के हिंद मेडिकल कॉलेज में अपर पुलिस महानिदेशक अमरेंद्र सिंह सेंगर ने कार्यक्रम


रैलीस्थल पर उतरा हेलीकॉप्टर।

स्थल की सुरक्षा सहित मुख्य जगहों की सुरक्षा के लिए बैठक में निर्देश दिये। इस मौके पर पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या प्रवीण कुमार, मंडलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, एसपी दिनेश कुमार सिंह, एएसपी उत्तरी सीएन सिन्हा और एएसपी दक्षिणी डा. अखिलेश नारायण समेत सुरक्षा में लगे अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में 20 कंपनी पैरामिलिट्री, आठ आईपीएस, 50 से अधिक एडिशनल एसपी व डीएसपी सुरक्षा की कमान संभालेंगे। करीब दो से ढाई हजार की संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। हर व्यक्ति की मेटल डिटेक्टर से जांच की जाएगी। एसपीजी पूरे हालात का जायजा लेने के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर मुहर लगाएगी। बुधवार को सेना का हेलीकॉप्टर रैली स्थल पर उतरा। उससे उतरे अधिकारियों ने रैली स्थल का जायजा लिया। इसके बाद हेलीकॉप्टर वहां से चला गया।

### पीएम के कार्यक्रम को लेकर किया गया रूट डायवर्जन

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार** : 17 मई को आयोजित प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा को लेकर रूट डायवर्जन किया गया है। बलरामपुर, गोंडा, बहराइच व श्रावस्ती से जनपद लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को थाना रामनगर से सुढ़ियामऊ, फतेहपुर, देवा, माती होते हुए जाने की अनुमति रहेगी। लखनऊ की तरफ से गोण्डा, बहराइच जाने वाले सभी वाहन असैनी ओवरब्रिज से उतरकर असैनी मोड़ होते हुए देवा तिराहा, नाका सतरिख और रामनगर तिराहा होते हुए जा सकेंगे। इसके आलावा लखनऊ से अयोध्या, बस्ती और गोरखपुर की ओर जाने वाले वाहन इंदिरा नहर से किसान पथ होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर जाएंगे। अयोध्या से लखनऊ की ओर जाने वाले वाहन थाना रामसनेहीघाट अंतर्गत भिटरिया चौराहा से थाना असन्द्रा, हैदरगढ़ होते हुए जा सकेंगे। यह डायवर्जन 17 मई की सुबह 6 से शाम 5 बजे तक लागू रहेगा।

**भारी वाहनों के लिये यह रहेगा रास्ता** : भारी मालवाहक वाहनों के लिये अलग से रूट निर्धारित किये गए हैं। 17 मई को बड़े वाहनों को अगर लखनऊ से बाराबंकी होते हुए गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, अयोध्या और गोरखपुर जाना है तो वह वाहन इंडिरा नहर से किसान पथ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगें। गोरखपुर होते हुए अयोध्या से बाराबंकी और लखनऊ जाने वाले वाहनों को अयोध्या से रायबरेली रोड होते हुए कुमारगंज-जगदीशपुर-हैदरगढ़ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जाना होगा। वहीं गोरखपुर, बलरामपुर, गोण्डा से बाराबंकी होते हुए लखनऊ आने वाले वाहनों को जरवल रोड तिराहा से बहराइच मार्ग पर टिकोरा मोड़ से चहलारीघाट होते हुए सिधौली-सीतापुर होकर गंतव्य की ओर जाना होगा।

### यह रहेगी पार्किंग व्यवस्था

17 मई को आने वाले लोगों के वाहनों की पार्किंग स्थल की जगह प्रशासन ने तय कर दी है। इसके अंतर्गत ग्राम शुक्लाई, भाजपा कार्यालय के पास, ग्रीन गार्डेन, कण्टीजेंसी मोड़, धरौली गेट के सामने, आरके हास्पिटल एके पीछे वाहनों की पार्किंग कराई जाएगी।




**मतदाता जागरूकता**
अवध शरण वर्मा लल्ला जी पार्क में मतदाताओं को जागरूक करने को लगा लोकतंत्र वृक्ष। इसमें लोगों को लोकतंत्र वृक्ष को पानी देकर सींचते हुए दिखाया गया है।

# कछुआ का शिकार करते 6 गिरफ्तार

**देवा, बाराबंकी**

**अमृत विचार** : वन विभाग की टीम ने प्रतिबंधित कछुआ का शिकार करते हुए आधा दर्जन तस्करों को मौके से गिरफ्तार कर उनके पास से 4 जीवित कछुओं को बरामद कर लिया। तस्करों को जेल भेज दिया गया है। हर कछुए का वजद 30 किलोग्राम से अधिक है।

वन क्षेत्राधिकारी मयंक सिंह ने बताया कि बुधवार की दोपहर करीब 3 बजे देवा कस्बा स्थित धारा तालाब के पास प्रतिबंधित कछुओं का शिकार करते हुए शकील पुत्र स्व. सफीक निवासी मोहल्ला हुज्जाजी पूर्वी कस्बा थाना देवा, मुन्ना पुत्र अली अहमद, दिलीप


तस्करों से बरामद प्रतिबंधित प्रजाति का कछुआ। अमृत विचार

कुमार पुत्र सोहनलाल, हरिश्चंद्र पुत्र भारत लोध, राकेश पुत्र बाबू कश्यप निवासी ग्राम बासुंडा थाना रामपुर मथुरा सीतापुर और राम सिंह पुत्र सत्तू निवासी ग्राम गोदियानपुरवा मजरे सैखल जलालपुर थाना मोहम्मदपुर खाला को गिरफ्तार किया गया। टीम ने इनके पास से चार जीवित कछुए बरामद किए। वन क्षेत्राधिकारी मयंक सिंह ने बताया कि वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में सुनील कुमार चौहान, मनोज कुमार यादव, प्रशांत कुमार, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव और अन्य वनकर्मी शामिल रहे।

### मांस की मिलती है मुंहमांगी कीमत

इंडियन सॉफ्ट शेल्ड प्रजाति के कछुओं की हड्डी और कवच से दवा बनाने की बात सामने आई है। इसके मांस की भी मुंहमांगी कीमत मिलती है। इस कारण अंतरराष्ट्रीय तस्करों की इस पर गिद्धदृष्टि लगी हुई है। तस्करी कर इन कछुओं को बांग्लादेश, मलेशिया, चीन और थाईलैंड भेजा जाता है। ब्लैक मार्केट में इसका मांस 5 से 10 हजार रुपये किलो बिकता है

# पोलिंग पार्टियों का प्रशिक्षण पूरा, 270 मतदान कार्मिक रहे गैरहाजिर

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव को लेकर चल रहा प्रशिक्षण बुधवार को पूरा हो गया। सात दिनों में 3150 पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया गया। एक पोलिंग पार्टी में कुल चार मतदान कार्मिक शामिल थे। हालांकि सात दिनों के प्रशिक्षण में कुल 258 कर्मचारी गैरहाजिर रहे। जिनके खिलाफ कार्रवाई की नोटिस जारी की गई।

जीआईसी आडिटोरियम में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और सीडीओ अ. सुदन की अध्यक्षता में नौ मई को मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण शुरू हुआ था। सात दिनों तक मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित दिया गया। इस दौरान 258 कर्मचारी गैरहाजिर रहे, जिन पर कार्रवाई के लिए सीडीओ ने विभागीय संस्तुति करते हुए नोटिस भेजी गई। प्रशिक्षण में पीठासीन, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय को मतदान से संबंधित जानकारी दी गई और सभी को उनकी जिम्मेदारी बताई गईं। जिसमें मास्टर ट्रेनरों ने ईवीएम को सील करने से लेकर वीवीपैट से कनेक्शन करने तक की जानकारी दी। सीडीओ ने मतदान कार्मिकों को बताया कि मतदान से 90 मिनट पहले माक पोल कराएं।

# भाजपा को सता रहा सत्ता जाने का डर

**बोला हमला**

▸▸ गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने किया जनसंपर्क

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार** : बाराबंकी हमारे परिवार की राजनीतिक कर्मभूमि है। यहां की जनता का स्थान हमारे दिल में है। इनके साथ कभी धोखा या विश्वासघात नहीं कर सकता। यदि इनके आशीर्वाद मिला तो जनता की खुशहाली और विकास के लिये कसर नहीं छोड़ूंगा और इनके सुख -दुख में हमेशा शामिल रहूंगा।

ये बातें इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने बुधवार को नगर पालिका परिषद बाराबंकी के लक्ष्मणपुरी वार्ड व विकास खण्ड सिद्धौर के ग्राम उस्मानपुर, नूरापुर कौरहापुरवा में जनसम्पर्क के दौरान कहीं। इस दौरान उनके साथ नगर पालिका परिषद की चेयरमैन शीला सिंह वर्मा मौजूद रहीं। वहीं विकास खण्ड सिद्धौर में पूर्व सांसद रामसागर रावत मौजूद रहे। तनुज पुनिया ने कहा कि भाजपाइयों को सत्ता से जाने का डर सता रहा है। इसलिये उनकी भाषा बदल गयी है। देश के अन्नदाता नौजवान किसी के बहकावे में न आयें। वह इंडिया गठबन्धन की प्राथमिकता में है। पूर्व सांसद रामसागर रावत ने कहा कि गठबंधन झूठ फरेब जुमलेबाजी की राजनीति नहीं करता है।


जनसंपर्क करते कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया व पालिकाध्यक्ष शीला सिंह।

# महालक्ष्मी योजना बदलेगी जीवन

**दावा**

▸▸ रामनगर विधायक फरीद महफूज किदवाई ने किया जनसंपर्क

**रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार** : रामनगर विधान सभा के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार को पूर्व मंत्री व विधायक रामनगर फरीद महफूज किदवई ने पांडेपुरवा, बनतेरा, शिवबक्सपुरवा, भिठौली, बेलपुरवा, सुल्तानापुर, चौधरीपुरवा समेत कई गांव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में जनसंपर्क किया। इस दौरान फरीद महफूज किदवाई ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने देश को नोटबंदी की लाइन में तड़पाया। ऑक्सीजन सिलेंडर की लाइन में रुलाया और प्रतियोगी परीक्षा दे रहे युवाओं को बेरोजगारी की लाइन में उलझाया। हमारी सरकार सिर्फ एक लाइन लगाएगी और वह होगी एक लाख की लाइन। इसमें खड़े होने का इंतजार हर गरीब महिला कर रही है। महालक्ष्मी योजना गरीब परिवारों की 'लाइफ लाइन' बनेगी। हर गरीब परिवार की एक महिला को सालाना 1 लाख रुपया दिया जाएगा, को 10 किलो राशन मिलेगा। 30 लाख नौकरियां 15 अगस्त तक दी जाएंगी। किसानों का कर्जा माफ किया जाएगा। उनके साथ प्रतिनिधि व सपा प्रदेश सचिव लल्लन वर्मा भी मौजूद रहे।


जनसंपर्क करते विधायक फ़रीद महफूज किदवाई। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### मनाई गई चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि


टिकैत के चित्र पर माल्यार्पण करते भाकियू के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सचिव निसार मेहंदी की अगवाई में पारिजात परिसर में किसानों के मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि मनाई। जल जंगल जमीन पर्यावरण बचाओ दिवस के रूप में उनकी पुण्यतिथि पर किसानों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की ।पारिजात परिसर में लगे पौधों की सिंचाई कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव निसार मेहंदी ने कहा कि बाबा टिकैत ने अपना संपूर्ण जीवन किसान हितों के लिए संघर्ष करने में लगा दिया। आज किसान अगर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है और आवाज उठा रहा है तो ये देन महात्मा टिकैत की ही है। बुधवार को उनकी पुण्यतिथि पर हम सभी कार्यकर्ता यह संकल्प लेते हैं कि उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर किसान समाज पर्यावरण के लिए कार्य करेगा। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता तुफैल अहमद , राम तीरथ यादव , रोशन लाल राधेश्याम रावत मोहम्मद इस्माइल मनोज कुमार अमरेश कुमार मोहम्मद सलीम देशराज रावत सूरज लाल धीमान राकेश कुमार रावत देवकी रावत पीतांबर कुमार रावत अनुरोध कुमार यादव रमाकांत यादव आदि किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### कृष्ण जन्म का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर

**रामनगर, बाराबंकी :, अमृत विचार** : कस्बा रामनगर के मोहल्ला धमेड़ी 2 में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस में कामाख्या धाम से आई कथा व्यास मानस दीपमाला महाराज ने नवधा भक्ति, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, बाल लीला तथा कंस वध की मार्मिक कथा का उपस्थित श्रोता जनों को रसपान कराया। बुधवार की कथा में ध्रुव महाराज के चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कहा कि भगवान को पाने की कोई उम्र नहीं होती। क्योंकि श्रीध्रुव जी महाराज तो 5 वर्ष की अवस्था में ही भगवान को प्राप्त कर लिए। बाल भक्ति ध्रुव के आग्रह पर श्री हरि विष्णू नरसिंह अवतार में प्रकट हुए। प्रह्लाद जी महाराज भगवान के लिए अपने पिताजी से भी प्रताड़ित हुए। नवधा भक्ति की असीम महिमा के कारण प्रह्लाद जी को लेकर उनकी बुआ होलिका में बैठ गईं और ब्रह्मा जी से आशीर्वाद प्राप्त होलिका जलकर खाक हो गईं, लेकिन भक्त प्रहलाद पर आंच भी नहीं आई। श्री बामन अवतार की कथा कहते हुए भगवान श्री रामभद्र जी के जन्म की कथा को श्रवण कराया। इसके बाद 16 कलाओं से परिपूर्ण भगवान कृष्ण चंद्र के जन्म की पावन कथा का वर्णन किया। रात्रि के 12 बजाते ही मेरे प्रभु मां देवकी के गर्भ से अवतार लेकर के आए। जन्म के बाद से ही लीलाधारी ने अनेक बाल बाल्यावस्था की क्रीडा कर अनेक राक्षसों का उद्धार किया। वहीं पर अत्याचारी पापचारी दुराचारी मामा कंस के अत्याचार को समाप्त किया। आचार्य महंत भास्कर दास कामाख्या धाम, महाराज शेषनारायण पांडेय, कृष्णा, ब्रजकिशोर, बनवारी कथा को गति देने में सहभागी हैं। यजमान चक्रवर्ती , दुर्गा शंकर, रमन, बाबा देवी प्रसाद, ओंकारनाथ, भगौती प्रसाद, पवन, प्रदुम्न, गोलू ,अभिनव, ओम श्रीमद् भागवत कथा संपन्न कराने में सहयोग दे रहे हैं। इस मौके पर नगर अध्यक्ष रामशरण पाठक, डॉक्टर कृष्ण बिहारी शुक्ला, सभासद राजेश शुक्ला, रामानंद शर्मा, विश्वनाथ शुक्ला, श्री कृष्णा शर्मा, लल्लन तिवारी, अरुण बाबा, प्रेम नारायण उपाध्याय शाहिद काफी संख्या में नगर वासी उपस्थित रहे।


ब्यास गद्दी से कथा सुनातीं दीपमाला ।

### शराब की दुकान न हटाये जाने से ग्रामीणों में आक्रोश

**बाराबंकी : अमृत विचार** : एक लंबे समय से ग्राम सभा असैनी में सरकारी शराब की दुकान को हटाये जाने को लेकर ग्रामीणों ने तमाम तरह के उपाय किये लेकिन शराब की दुकान नहीं हटाई जा सकी। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। पूरा मामला विकासखंड बंकी के ग्राम असैनी का है। जहां सरकारी शराब की दुकान के आसपास तीन विद्यालय हैं। जिनमें से दो सरकारी विद्यालय हैं। यहां स्थित शराब की दुकान के हटाये जाने को लेकर बीते 12 अगस्त 2021 को ग्रामीणों द्वारा एकमत होकर शराब की दुकान को बंद कराने का प्रस्ताव पारित किया। लेकिन जिला प्रशासन व आबकारी विभाग के कान में जूं तक नहीं रेंगी। सोशलिस्ट पार्टी इंडिया के जिलाध्यक्ष अमित मौर्या का कहना है कि शराब की दुकान को हटाये जाने को लेकर लगातार जिलाधिकारी को कई पत्र लिखे जा चुके हैं पर कार्रवाई नहीं हुई।

# दो तस्करों की 7.5 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार** : मादक पदार्थों की तस्करी कर युवाओं और नौजवानों में नशे की लत डालने वाले गिरोह के सरगना थाना क्षेत्र जैदपुर के ग्राम टेरा निवासी तारिक अनवर व उनके गिरोह के लिए काम करने वाले गिरोह के सदस्य मो. शादाब की साढे सात करोड़ से अधिक की चल अचल सम्पत्ति जैदपुर पुलिस ने बुधवार को कुर्क कर ली। इन तस्करों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

गिरोह का सरगना तारिक व उसका साथी अनवर अपराध व मादक पदार्थों की तस्करी बीते आठ दस सालों से कर रहे थे। तस्करी के जरिये इन दोनों ने एक बड़ा आर्थिक साम्राज्य अपने व परिवार के सदस्यों के नाम खड़ा कर लिया था। इन दोनों तस्करों का असर आस पास रहने वालों पर प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से दिखाई दे रहा था। बुधवार को जैदपुर पुलिस टीम ने इन दोनों की साढे सात करोड़ से अधिक की चल अचल सम्पत्ति कुर्क कर ली। जिसमें

ग्राम कोला गहबड़ी परगना सतरिख में एक बड़ा भूखंड जो तारिक की माता के नाम है जिसकी कीमत करीब चार करोड़ , जबकि गिरोह के सदस्य शादाब की माता के नाम सतरिख परगना के ग्राम कोला गहबड़ी में एक बड़ा भूखंड जिसकी कीमत दो करोड़ पचास लाख, सतरिख के ग्राम टेरा मे भी गिरोह के सदस्य शादाब की माता के नाम चालीस लाख का एक भूखंड, शामिल है। शादाब ने अपने चाचा इम्तियाज के नाम सतरिख के ग्राम टेरा मे एक भूखंड लिया जिसकी कीमत पच्चीस लाख रुपये , जबकि शादाब ने अपने पिता के नाम ग्राम टेरा मे चालीस लाख रुपये का भूखंड तस्करी व अपराधिक कृत्यों से अर्जित किया।

गिरोह के सरगना तारिक पर जैदपुर में गैगेस्टर सहित एनडीपीएस का केस व गिरोह के सदस्य शादाब पर गैगेस्टर व एडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज है। गिरोह के सरगना तारिक व शादाब की चल अचल लगभग साढे सात लाख से अधिक सम्पत्ति को पुलिस ने कुर्क कर ली। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस तरह से समाज विरोधी गतिविधियों मे लिप्त सभी तस्करों व अपराधियों को चिन्हित किया जा रहा है जल्दी ही उन पर भी कार्रवाई की जायेगी।

## डीएम का आदेश बेअसर, नहीं हुई जांच

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार** : डीएम और एसडीएम के आदेश पर भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। एक माह पहले एसडीएम ने नायब तहसीलदार को वृद्ध विधवा की जमीन पर जबरन अवैध मिट्टी खनन की जांच के आदेश दिए थे। लेकिन जांच शुरू नहीं की गई है। बरौली निवासिनी पार्वती की उम्र करीब 88 वर्ष है। वृद्धा का कहना है कि शुभम यादव उसके खेत के पास मिट्टी खनन का कार्य कर रहा था। शुभम ने उसके खेत की भी मिट्टी खोदकर तालाब बना दिया। इसकी जानकारी कुछ लोगों ने उसे दी। करीब एक महीना पहले इसकी शिकायत विधवा ने डीएम कार्यालय में की थी। जहां से उपजिलाधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।


पूर्व मंत्री व सपा नेता का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

### भाजपा सरकार में आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला : गोप

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार** : भाजपा सरकार ने महिलाओं, पिछड़ों, दलितों और छोटे व्यापारियों किसानों के हक अधिकारों को दबाने और पूंजीपतियों को फायदा पहुंचने के सिवाय कोई दूसरा काम नहीं किया। लोगों को मौजूदा सरकार में आश्वासन भाषण के अलावा कुछ नहीं मिला। ये बातें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने बुधवार को विधानसभा रामनगर के ग्राम रानीगंज में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहीं। सपा जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा कि मौजूदा सरकार विभाजन की राजनीति कर रही है। पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने कहा कि आज देश का हर वर्ग इस सरकार से परेशान है। जनसभा में पूर्व ब्लाक प्रमुख ज्ञानू सिंह और सपा जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

**खेती-किसानी** किसानों के लिये साबित हो रही मुनाफे की खेती, कई दूसरे राज्यों में भी बढ़ रही है मांग

# आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में धूम मचा रही बाराबंकी की हरी मिर्च

**दीपराज सिंह, देवा, बाराबंकी:**

**अमृत विचार** : क्षेत्र में इस समय तैयार हो चुकी हरी मिर्च की उत्तर प्रदेश के जनपदों सहित अन्य प्रदेशों में भी काफी मांग है। मंडियों में डिमांड बढ़ने से किसानों को मिर्च के वाजिब दाम मिल रहे हैं। जिसके चलते मिर्च के किसानों में खुशी का माहौल है।

बाराबंकी जनपद के देवा, बेलहरा, खेवली और कुर्सी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हरी मिर्च की खेती की जाती है। किसानों के लिए अच्छी बात यह है कि इस फसल के दाम भी नकद ही मिल जाते हैं। क्षेत्र में मिर्च की 6807, 1902, गोमती और अर्चना जैसी प्रजातियों की प्रमुख रूप से खेती की जाती है। इन प्रजातियों की वर्तमान समय में आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार समेत अन्य कऊ राज्यों में काफी मांग है। इसके साथ-साथ उत्तर प्रदेश के जौनपुर, सुल्तानपुर, रायबरेली, गोरखपुर, बलिया, वाराणसी सहित अन्य मंडियो में भी हरी मिर्च की काफी खपत हो रही है। इस वर्ष शुरुआत से ही मिर्च के भाव 2000 रुपये से लेकर 2300 रुपए प्रति कुंतल तक के आसपास चल रहे हैं।

क्षेत्र के तगाजीपुर मजरे खेवली निवासी किसान संतराम यादव ने बताया कि हरी मिर्च की खेती के लिये एक एकड़ में बीज खाद, पानी व कीटनाशक, मजदूरी आदि मिलकर किस्तों में औसतन करीब 1 लाख रुपए का खर्च आता है। यदि वर्तमान भाव चलता रहा तो प्रति एकड़ करीब 6 लाख रुपए की आमदनी होगी। जिसमें खर्च काटकर प्रति एकड़ करीब 5 लाख रुपए तक मुनाफा होने की उम्मीद है। कृषि उत्पादन मंडी समिति बाराबंकी के आंकड़ों के अनुसार जनपद से प्रतिदिन तकरीबन 2000 कुंटल के करीब हरी मिर्च बाहर की मंडियों में जा रही है। क्षेत्र के मिर्च कारोबारी जयप्रकाश मौर्य ने बताया कि वर्तमान समय में 6807 किस्म की मिर्च की आंध्र प्रदेश व महाराष्ट्र से काफी डिमांड हो रही है। जिसके चलते इसके भाव में तेजी है। वर्तमान के भाव में किसानों को अच्छा लाभ हो रहा है।


जिले के किसानों द्वारा उत्पादित मिर्च। अमृत विचार

### दो हजार क्विंटल हरी मिर्च रोज भेजी जा रही बाहर

वर्तमान समय में देवा फतेहपुर व कुर्सी क्षेत्र से प्रतिदिन तकरीबन 2000 कुंतल की हरी मिर्च बाहर की मंडियों में जा रही है। मिर्च का भाव प्रतिदिन एक जैसा नहीं रहता। इसमें मांग के अनुसार गिरावट व तेजी आती रहती है। किसानों के लिये मिर्च की खेती काफी मुनाफे का सौदा है। अपने प्रदेश के साथ-साथ दूसरे राज्यों में मिर्च की हमेशा मांग रहती है। इसके अलावा किसानों को इसके दाम भी तुरंत नकद मिल जाते हैं।

-कुंजबिहारी लाल, मंडी निरीक्षक।

## एक नजर

### तीन दिन पूर्व फोड़ा था पत्नी का सिर, आज फंदे से लटका मिला युवक का शव

अयोध्या, अमृत विचार। हैदरगंज थाना क्षेत्र में बुधवार को पचगंवा पटेलनगर निवासी दीपनारायण वर्मा (35) पुत्र पारसनाथ का शव उसके घर में रस्सी के फंदे के सहारे लटका मिला है। तीन



दिन पूर्व मृतक का अपनी पत्नी से विवाद हुआ था और उसने हमलाकर पत्नी का सिर फोड़ दिया था। थाना प्रभारी अरशद खान ने बताया कि मारपीट के बाद पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने दीपनारायण के खिलाफ कार्रवाई की थी। आशंका है कि पारिवारिक कलह के चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया कर पड़ताल कराई जा रही है।

### प्लेटफार्म पर मिला शव शिनाख्त नहीं

अयोध्या, अमृत विचार। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर एक वृद्ध का अर्धनग्न शव मिला है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जीआरपी थाने के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार राय ने बताया कि मृतक के शरीर पर केवल अंडरवियर है। उसकी दाढ़ी बढ़ी हुई है। उसकी उम्र लगभग 58 वर्ष आंकी गई है। उसके पास ऐसा कुछ नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान हो सके। शव को शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है।

### दर्शन को आई युवती लापता

अयोध्या,अमृत विचार। अपने परिवार के साथ रामलला के दर्शन करने आई एक युवती संदिग्ध हालात में अयोध्या से लापता हो गई। पीड़ित पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में पूराकलंदर थाना क्षेत्र के भाईपुर पूरे रामप्रसाद का पुरवा निवासी पवन कुमार तिवारी का कहना है कि वह सपरिवार 3 मई को दर्शन करने आए थे। रामपथ पर बैंक ऑफ बड़ौदा एटीएम के सामने उनकी 21 वर्षीय पुत्री आकांक्षा लापता हो गई। अयोध्या कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कराई है।

### जागरुकता रैली आज

अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या धाम स्थित जोनल कार्यालय से गुरुवार सुबह आठ बजे मतदाता जागरुकता रैली निकाली जाएगी। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा की मौजूदगी में चारों अपर नगर आयुक्त व अन्य अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहेंगे।

# भाजपा सरकार की विदाई का संदेश अयोध्या से जाना चाहिए : अखिलेश

## सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले- अबकी आ गए तो न देश बचेगा न संविधान

मवई, अयोध्या।



सभा को संबोधित करते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव। अमृत विचार

अमृत विचार : सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि अयोध्या से इस सरकार की विदाई का बड़ा संदेश जाना चाहिए। लोगों को सावधान करने के लहजे में बोले कि इस बार यह सरकार आ गई तो न देश बचेगा न ही संविधान। वह मवई चौराहे पर एक बाग में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विधायक अवधेश प्रसाद के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

कहा कि पीडीए गठबंधन की सरकार बनी तो किसानों का कर्जा ही नहीं माफ होगा। युवाओं को रोजगार और महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये मिलेंगे। महंगाई से रोजगार और किसानों के मुद्दे पर सरकार को घेरा। कहा कि सरकार ने केवल धोखा दिया। पीडीए नहीं जनता चुनाव लड़ रही हैं। सातवें चरण तक जनता का गुस्सा भी सातवें आसमान पर होगा। बोले भाजपा ने सिर्फ अमीरों का कर्जा माफ किया है। हम किसानों का माफ करेंगे।

कहा कि इस सरकार में पेपर लीक हो गया। साल भर से मेहनत कर रहे युवाओं की सारी मेहनत पानी में मिल गई। किसानों की बोरी से इन्होंने पांच किलो खाद चोरी की। सरकार आई, तो ये लोग 10 किलो चोरी करेंगे। किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। उन्होंने भीड़ के लोगों से सवाल-जवाब भी खूब किया।

बोले मोटरसाइकिल पांच साल पहले कितने में आती थी? डीजल कितना महंगा कर दिया? दवा महंगी कर दी जो पैरासिटामॉल 500 एमजी की आती थी। आज वो भी 650 वाली काम कर रही है। कहा कि खाकी वर्दी वालों को तो जबरदस्ती वैक्सीन लगवा दी। जिन्होंने लगवाई है उनको दिल की बीमारी जल्दी हो रही है। महंगाई भाजपा के चंदा वसूलने से आई। भाजपा वाले परिवारवाद की बात करते हैं अब पीडीए ही मेरा परिवार है। इस दौरान पूर्व सांसद स्व. मित्रसेन यादव का नाम लेकर डैमेज कंट्रोल को कोशिश की।

जनसभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने की। जनसभा में रुदौली के पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी, राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप, पूर्व मंत्री तेज नारायण, जयशंकर पांडेय, फिरोज खान गब्बर, बेनी वर्मा की बहु रेनू वर्मा, पूर्व सांसद राम सागर रावत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## सधे ही नहीं, मंझे राजनीतिज्ञ दिखाई दिए अखिलेश

कमर अब्बास, मवई (अयोध्या)।

अमृत विचार : सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार को सधे ही नहीं मंझे हुए राजनीतिज्ञ के रूप में दिखाई दिए। डेढ़ घंटे विलम्ब से यहां पहुंचे अखिलेश यादव ने माइक संभालते ही अपने पिता स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की तरह जनता से सीधा रिश्ता जोड़ लिया। करीब 60 मिनट के सम्बोधन के दौरान सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जहां भीड़ देख अपनी खुशी का इजहार किया वहीं दूर सड़क पर खड़े पीले कपड़ों में एक व्यक्ति को लेकर इंगित किया तो जनता मुदित हो गई। उन्होंने केन्द्र और प्रदेश की सरकार पर करारा हमला किया और पीडीए सरकार बनने पर घोषणा पत्र के वादों को गिनाते हुए जनता के बीच सलीके से रखा।

एमएसपी को लेकर किसानों को साधने का प्रयास किया तो अग्निवीर और भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक को लेकर युवाओं को भी साधने की कोशिश की। खास बात यह रही कि सम्बोधन के दौरान अखिलेश यादव जनता के साथ सवाल-जवाब भी करते रहे। उन्होंने पूछा महंगाई बढ़ी कि नहीं, जवाब मिला जी भइया बढ़ी, फिर सवाल किया जबरन वैक्सीन लगवाई गई कि नहीं, जवाब मिला जी बिल्कुल। इसके बाद उन्होंने कहा कि पीडीए की सरकार बनी तो युवाओं को सेना में पहले की तरह नौकरी मिलेगी। किसानों को खाद पूरी और कम दाम पर मिलेगी। एमएसपी कानून किसानों के लिए लागू होगा। महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना मिलेंगे। कहा कि पीडीए सरकार बनने पर अमीर परिवारों की तरह गरीब परिवारों को भी गुणवत्ता परक अनाज व पैकेट में आटा, दाल, चावल और डाटा मुफ्त मिलेगा।

अखिलेश यादव यहीं नहीं रुके उन्होंने कहा कि आज पारले जी जैसा छोटा पैकेट में मिल रहा है। भाजपा सरकार बनी तो एक बिस्कुट मिलेगा यही खाद का हाल होगा। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मंहगाई चंदा वसूली के चलते बढ़ी है। अपने 60 मिनट के सम्बोधन में अखिलेश यादव ने 30 मिनट तक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की तरह भीड़ से संवाद जारी रखा। जाते-जाते उन्होंने सपा के वरिष्ठ नेताओं के संघर्षों का जिक्र करते हुए पूर्व विधायक राम सागर यादव और मित्रसेन यादव का भी याद किया। उन्होंने कहा कि इन्हीं नेताओं के कारण आज समाजवादी पार्टी मजबूत स्थित में है। बता दें कि मित्रसेन यादव के पुत्र अरविंद सेन यादव भी चुनाव मैदान में है इसलिए अखिलेश ने दो बार मित्रसेन यादव का नाम लिया।

### अयोध्या का विकास सपा सरकार में शुरू हुआ

अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरते हुए कहा कि अयोध्या का विकास सपा सरकार में शुरू हुआ। अब यह इसे आर्थिक राजधानी बना रहे हैं। बोले सांड खुले छोड़ दिए गए हैं, रोज दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। पीडीए सरकार बनी तो मृतकों के परिवार की हर मदद की जाएगी। अखिलेश यादव ने जाते-जाते दिल्ली से सांसद जी हाजिर हो सुनाया और कहा यह अयोध्या पर भी सटीक बैठता है।

## कल आएंगे सीएम योगी, रैली की तैयारी तेज



अयोध्या। अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अमानीगंज बाजार में रैली को संबोधित करेंगे। इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा के जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी जुट गए हैं। सभा को लेकर चुनाव कार्यालय पर बैठकें हो रही है। सभा को लेकर कोर कमेटी की बैठक हुई। लोकसभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री की सभा को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। पदाधिकारीयों तथा जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारियां सौपी गई। बैठक में लोकसभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

▸▸ जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

## घोसियाना-गद्दोपुर मझवा में रात भर गुल रही बिजली

अयोध्या कार्यालय

▸▸ धू-धू कर जला ट्रांसफार्मर, फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू

अमृत विचार : कौशलपुरी विद्युत उपकेंद्र के घोसियाना में मंगलवार रात ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग लगने के कारण क्षेत्र के कई हिस्सों की बिजली काट दी गई। उधर, दुर्गापुरी सब स्टेशन के गद्दोपुर मझवा में भी ट्रांसफार्मर में गड़बड़ी आ जाने के कारण पूरी रात बिजली गुल रही। दोनों जगह कटौती होने से करीब तीन हजार के लोग गर्मी में रात भर परेशान रहे।

घोसियाना में लगे ट्रांसफार्मर में आग लगते ही ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड व बिजली उपकेंद्र पर दी। इस पर फीडर के अंतर्गत कई जगहों की लाइन काट दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए काम शुरू किया। रात साढ़े 10 बजे के पुलिस बल तैनात कर दोनों ही तरफ से आने-जाने वाले वाहनों को रोक दिया गया। करीब आधे घंटे के बाद ट्रांसफार्मर में लगी आग पर काबू पाया जा सका। रात 12 बजे के बाद कुछ मोहल्लों में लाइन चालू कर दी गई, जबकि घोसियाना और सरस्वती शिशु मंदिर वाली गली में पूरी रात लाइट नहीं रही। सुबह पांच के बाद दूसरा ट्रांसफार्मर लगाए जाने के बाद व्यवस्था बहाल हो पाई। रात में आग लगने के बाद कई घरों को जाने वाली केबल क्षतिग्रस्त हो गई थी। एक बार बुधवार दोपहर शटडाउन लेकर घरों की केबल जोड़ी गईं।

उधर, दुर्गापुरी सब स्टेशन अंतर्गत गद्दोपुर मझवा क्षेत्र में भी रात 11 बजे लाइट कट गई। इसके बाद स्थानीय लोग फीडर पर कर्मियों को फोन लगाते रहे, लेकिन किसी ने नहीं उठाया। जेई विकास कुमार राय ने बताया कि ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई थी। सुबह सात बजे बिजली बहाल कर दी गई। कौशलपुरी विद्युत उपकेंद्र के जेई आरके द्विवेदी ने दी बताया कि गर्मी में लोड बढ़ने के कारण ट्रांसफार्मर में आग लगने की घटनाएं सामने आती हैं।

## छात्र-छात्राओं ने निकाला कैंडल मार्च

कुमारगंज (अयोध्या)

**दिखा आक्रोश** ▸▸ यशपाल मौत मामले में आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिया धरना



विश्वविद्यालय के गेट नंबर 2 पर बैठकर शांति प्रार्थना करते हुए छात्र। अमृत विचार

अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में तीन दिन पूर्व एमएससी एग्रोनॉमी अंतिम वर्ष के छात्र यशपाल सिंह की मौत से भड़के छात्र- छात्राओं ने मंगलवार रात कैंडल मार्च निकाला। विश्वविद्यालय के गेट नंबर 2 पर बैठकर शांति प्रार्थना की।

इसके बाद छात्र-छात्राओं का हुजूम विश्वविद्यालय के वीआईपी गेट पर पहुंचा। जहां धरने पर बैठकर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ फिर नारेबाजी शुरू कर दी। उनकी मांग थी कि आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार किया जाए और दिवंगत छात्र के परिजनों को मुआवजा दिलाया जाए। रात्रि करीब 2:30 बजे आंदोलित छात्र धरना स्थल से हटे। वहीं कैंडल मार्च निकालने की सूचना पर सुरक्षा अधिकारी आरके सिंह ने विश्वविद्यालय के दोनों गेटों में चौकसी बढ़ाकर गेट पर ताले लगवा दिए थे, लेकिन छात्रों का आक्रोश एवं गुस्सा देख प्रशासन नतमस्तक दिखा।

### छात्र के सील कमरे को खुलवाकर की जांच

कुमारगंज (अयोध्या)। कृषि विश्वविद्यालय के छात्र एवं बरेली के अमानपुर भगवतीपुर निवासी यशपाल सिंह (22) पुत्र मलखान सिंह द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में फॉरेंसिक टीम ने बुधवार को छात्र के सील कमरे को पुलिस की मौजूदगी में खुलवाकर साक्ष्य संकलित किये। प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज रतन सिंह और विवेचक एनडीए चौकी प्रभारी अरविंद कुमार पटेल ने विश्वविद्यालय के सुरक्षा प्रभारी सहित छात्रावास के वार्डन और सहायक छात्रावास को थाने तलब कर पूछताछ की। पुलिस के सवालों के आगे विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारी आरके सिंह सहित हॉस्टल वार्डन और अन्य प्रशासनिक अधिकारी निरुत्तर रहे।

## मतदान में नियम पालन के साथ मिलेंगी सुविधाएं

अयोध्या कार्यालय

▸▸ दृष्टिहीन व अशक्त मतदाता साथ ले जा सकेंगे वयस्क सहयोगी, वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगी वरीयता

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मतदान में मतदाताओं को नियमों का पालन करना होगा। उन्हें नागरिक सुविधाएं मिलेंगी। दृष्टिहीन व अशक्त मतदाता सामतदान कक्ष में अपने साथ वयस्क सहयोगी ले जा सकेंगे। वरिष्ठ नागरिकों को मतदान करने में वरीयता दी जाएगी।

फैजाबाद संसदीय क्षेत्र में वोट 20 मई को डाले जाएंगे। मतदान केंद्र बनाए जा चुके हैं। मतदाता सूची अपडेट हो गई है। अब मतदान की व्यवस्था के साथ मतदाता को दी जाने वाली नागरिक सुविधाओं की जांच पड़ताल की जा रही है। मतदान के दिन मतदाताओं को नियमों का पालन करना होगा। आयोग से इसके लिए कई नियम और सुविधाएं घोषित की गई है। मतदान केंद्र पर वोट देने के लिए महिला और पुरुषों की अलग-अलग लाइन लगाई जाएंगी। जो भी मतदाता मतदान के लिए निर्धारित समय के भीतर लाइन में लग जाएंगे, उन्हें मतदान की अनुमित दी जाएगी।

### मतदान कक्ष में नहीं ले जा सकेंगे मोबाइल व कैमरा

जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि मतदान कक्ष के भीतर मोबाइल, कैमरा जैसे उपकरण अंदर नहीं ले जा सकेंगे। किसी एक प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने के लिए नकदी या अन्य प्रकार का लालच देना-लेना भ्रष्ट आचरण के तहत माना जाएगा। मतदान केंद्र में पहचान के लिए मतदाता पर्ची स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र या फिर आयोग से दिए गए 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में कोई एक दिखाना होगा। मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए पेयजल के साथ छाया की व्यवस्था की जाएगी।

## वन विभाग की टीम ने चलाया सर्च अभियान

अयोध्या, अमृत विचार। लखनऊ हाईवे किनारे स्थित माझा बरेहटा में तेंदुए की आहट को लेकर वन विभाग ने मंगलवार रात में फिर से क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया। टीम को न तो कोई जानवर दिखा और न ही कोई निशान।

▸▸ मांझा बरेहटा में तेंदुए की आहट का मामला

मांझा बरेहटा के नेउर का पुरवा में आबादी से सटे खेत की तरफ सोमवार रात लगभग 10 बजे दो जानवर दिखने के बाद गाँव में हलचल मच गई थी। आवास के बगल स्थित मक्के और सब्जी के खेत में जानवरों के पैरों का निशान मिला था। अयोध्या कोतवाली पुलिस ने छानबीन की थी। देर रात दो बजे तक ग्रामीण लाठी-डंडे से लैस होकर पहरा देते रहे थे। मया रेंज वन विभाग के राजेश कुमार और रामछबीले ने ग्रामीणों से जानकारी ली थी। खेत से जानवरों के पैरों के निशान का सैम्पल जाँच के लिए प्रयोगशाला भेजवाने के लिए एकत्र किया था। वन विभाग मया क्षेत्र के रेंजर अरुण कुमार मौर्य ने बुधवार को बताया कि जानवर की पहचान और तलाश के लिए टीम से तलाशी कराई गई है। मौके से कोई ख़ास सुराग नहीं मिला है। खेत से एकत्र किए गए पैरों के सैम्पल को जाँच के लिए प्रयागशाला भेजवाया जा रहा है। रिपोर्ट से ही स्थिति स्पष्ट होगी। फ़िलहाल निगरानी कराई जा रही है।

## 84 कोसी परिक्रमा में शामिल तीन संतों की हादसे में मौत

अयोध्या, कार्यालय

▸▸ मखौड़ा से वापस लौटते समय हुआ हादसा काफिले की ही पिकअप ने मारी टक्कर

अमृत विचार। रामनगरी की ऐतिहासिक 84 कोसी परिक्रमा में शामिल तीन संतों की बुधवार को बस्ती के परशुरामपुर थाना क्षेत्र में हुई सड़क हादसे में मौत हो गई। सभी परिक्रमा खत्म कर अयोध्या लौट रहे थे।





बस्ती के मखभूमि मखौड़ा पर 84 कोसी परिक्रमा संपन्न होने के बाद महंत गयादास गुट की ओर से धर्मार्थ सेवा संस्थान के बैनर तले संचालित परिक्रमा में शामिल साधु-संत वापस अयोध्या आ रहे थे। परसा-लकड़मंडी मार्ग पर बस्ती के परशुरामपुर थाना क्षेत्र स्थित रायपुर नहर पुलिया के निकट बुधवार सुबह करीब छह बजे परिक्रमार्थियों का सामान लेकर पीछे-पीछे चल रही पिकअप अनियंत्रित हो गई और काफिले में पैदल ही आगे चल रहे तीन संतों को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों बुजर्ग संत गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने तीनों घायलों को श्रीराम अस्पताल भेजवाया। जहां डॉ. एसपी राय ने महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र स्थित डिगुरी निवासी रामभजन पाल (68) को मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल वहीं के निवासी अक्षय लाल (66) पुत्र गिरीशचंद्र और जिले के इनायतनगर थाना क्षेत्र स्थित भागीपुर निवासी राममिलन पाल (65) पुत्र राम खेलावन को दर्शननगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पहुंचने पर इमरजेंसी वार्ड प्रभारी डॉ. वीके आर्या ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

चौकी प्रभारी दर्शननगर निरीक्षक आशीष त्रिपाठी ने बताया कि जानकारी पर मृतकों के परिजन यहां पहुंच गए थे। घायल संतों को लेकर आए परशुरामपुर थाने के दरोगा मुनींद्र त्रिपाठी ने बताया कि पिकअप चालक के झपकी आ जाने के चलते हादसे की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने दुर्घटना करने वाले वाहन को कंब्ज़े में लिया है। शिकायत के मुताबिक आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### राजस्थान के विस अध्यक्ष वासुदेव ने किये रामलला के दर्शन



सरयू आरती में शामिल हुए राजस्थान के विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी।

अयोध्या, अमृत विचार : राजस्थान के विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने परिवार के साथ बुधवार को रामलला के दर्शन भाव विभोर हो गए। इस दौरान सरयू घाट पर आरती भी की। हनुमान गढ़ी पर दर्शन पूजन किया। रामलला के दर्शन के बाद पत्रकारों से वार्ता करते अयोध्या की बदलते स्वरूप को देख कहा कि अयोध्या विश्व की सबसे बड़ी तीर्थ नगरी बनकर उभरी है। आने वाले तीन महीने के अंदर राजस्थान में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत सिंधी भाषा को भी वरीयता भी दी जाएगी। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत मातृभाषा के तौर सिंधी भाषा की शिक्षा दी जाएगी। कहा कि मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। अयोध्या के बाद काशी और मथुरा की भी बारी है। काशी का मुद्दा चल रहा है। बहुत जल्द मूर्त रूप लेगा।

### अगवा और दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार। कैंट थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र निवासी एक किशोरी को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी बनवीरपुर का निवासी आकाश शर्मा (20) को गिरफ्तार किया है। थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि पुलिस ने दर्ज मामले में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### गुणवत्तापरक व समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराएं कार्य

अयोध्या, अमृत विचार : नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा और अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी पाण्डेय ने स्काउट भवन के पीछे निर्माणाधीन नगर निगम व विकास प्राधिकरण के कार्यालय के निर्माण कार्य की प्रगति का संयुक्त निरीक्षण किया। निर्माण कार्य 119 .90 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच उपकरणों के माध्यम से करायी गई। कार्यालय भवन के कार्य गुणवत्तापरक व समयबद्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, अधिशासी अभियन्ता मोद नारायण झा, अधिशासी अभियन्ता आलोक सिंह, सहायक अभियन्ता गिरीश तिवारी, राजपति यादव, अवर अभियन्ता धर्मवीर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

### छोटी देवकाली मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा



छोटी देवकाली से निकाली गई शोभायात्रा। अमृत विचार

अयोध्या, अमृत विचार : जानकी जन्मोत्सव के तहत नवमी तिथि की पूर्व संध्या पर बुधवार रात आठ बजे माता सीता की कुलदेवी माता गौरी की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। यात्रा छोटी देवकाली से निकलकर श्रृंगारघाट, हनुमानगढ़ी, कनक भवन और राम जन्मभूमि परिसर से होते हुए अशर्फी भवन, गोलाघाट तुलसी उद्यान के रास्ते मंदिर पर आकर समाप्त हुई। श्री छोटी देवकाली समाज समिति के महामंत्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष 89वें वार्षिक उत्सव के रूप में मां जानकी जन्मोत्सव को मनाया जा रहा है।

## रविंद्र की मौत खुदकुशी है या हत्या, विवेचना से होगा फैसला

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रविंद्र की मौत खुदकुशी से हुई या हत्या की गई इसका फैसला विवेचना से होगा। मामले में कोर्ट ने रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश दिया है। यह आदेश सीजेएम अंशुमाली पांडेय की अदालत से बुधवार को हुआ। आदेश में कोतवाल रुदौली को रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश दिया गया। अधिवक्ता केदारनाथ वर्मा ने बताया कि घटना 19 सितंबर 2023 की रात की है। रुदौली थाना क्षेत्र के फिरोजपुर मखदूमी गांव के मजरे हिंदू का पुरवा में रविंद्र कुमार का शव बाग में आम के पेड़ से लटकता हुआ मिला था। पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की तो मृतक की पत्नी ममता ने कोर्ट में अर्जी दी। उसमें आरोप लगाया था कि उसके गांव के मातादीन की भांजी पूजा काफी दिनों से मातादीन के घर में रहती हैं। 19 सितंबर 2023 की रात पूजा के मोबाइल से फोन करके रविंद्र को बुलवाया गया। पूजा, विजय कुमार तथा मातादीन ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश दिया है।

## 21 अगस्त से प्रदेशीय विद्यालयीय खेलों का आगाज

अयोध्या कार्यलय

**कार्यक्रम जारी**

▸▸ 29 खेलों की प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन, दो माह तक चलेंगी प्रतियोगिताएं



अमृत विचारः प्रदेशीय विद्यालयीय सत्र 2024-25 का खेल कार्यक्रम डॉ. भीमराव आंम्बेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान की ओर से बुधवार को घोषित कर दिया गया। शिक्षा निदेशक उप्र डॉ. महेन्द्र देव के निर्देशन में घोषित कार्यक्रम के अनुसार 29 खेलों की प्रदेशीय प्रतियोगिता 21 अगस्त से शुरू होकर 29 अक्टूबर तक होगी।

इसी प्रतियोगिता से चयनित उप्र टीमें स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के तत्वावधान में होने वाली राष्ट्रीय विद्यालयीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। घोषित कार्यक्रम के अनुसार सब जूनियर अंडर-15 बालक व जूनियर नेहरू हॉकी अंडर-17 बालक-बालिका प्रतियोगिता 21 से 23 अगस्त तक मुरादाबाद में होगी। तैराकी, डाइविंग, वाटरपोलो अंडर-14, 17 व 19 बालक-बालिका 28 से 30 अगस्त तक लखनऊ, टेबल टेनिस व बैडमिन्टन अंडर-14, 17 व 19 बालक-बालिका 28 से 31 अगस्त तक आजमगढ़ में होगी। फुटबॉल अंडर-14, 17 व 19 बालक-बालिका दो से छह सितम्बर तक लखनऊ, कबड्डी अंडर-14, 17 व 19 बालक-बालिका नौ से 13 सितम्बर तक मिर्जापुर में, बास्केटबॉल अंडर-14, 17 व 19 बालक-बालिका 17 से 22 सितम्बर तक कानपुर में होगी। 20 से 24 सितम्बर तक कुश्ती अंडर-14, 17 व 19 बालक, अंडर-17 व 19 बालिका तथा अंडर-17 व 19 बालक ग्रीको व फ्री स्टाइल गोरखपुर में, हैण्डबॉल अंडर-14, 17 व 19 बालक-बालिका वाराणसी में होगी। 23 से 26 सितम्बर तक ताइक्वाण्डो अंडर-14, 17 व 19 बालक-बालिका मेरठ, जूडो अंडर-14, 17 व 19 बालक-बालिका आगरा, हॉकी अंडर-14, 17 व 19 बालक-बालिका गोरखपुर, भारोत्तोलन अंडर-14, 17 व 19 बालक-बालिका प्रयागराज, वॉलीबॉल अंडर-14, 17 व 19 बालक-बालिका बरेली में होगी। तीरंदाजी अंडर-14, 17 व 19 बालक-बालिका 27 से 29 सितम्बर तक वाराणसी में, कराटे अंडर-14, 17 व 19 बालक-बालिका 20 से 23 सितम्बर तक मेरठ में होगी। तीन से सात अक्टूबर तक क्रिकेट अंडर-14 बालक व अंडर-19 बालिका आगरा में, रायफल शूटिंग अंडर-14, 17 व 19 बालक-बालिका मेरठ में तथा जिम्नास्टिक अंडर-14, 17 व 19 बालक-बालिका प्रतियोगिता आगरा में होगी। क्रिकेट अंडर-, 17 व 19 बालक पांच से नौ अक्टूबर आगरा में, बॉक्सिंग अंडर-14, 17 व 19 बालक-बालिका 14 से 16 अक्टूबर तक झांसी में, खो-खो अंडर-14, 17 व 19 बालक-बालिका 18 से 22 अक्टूबर तक अयोध्या में तथा एथलेटिक्स अंडर-14, 17 व 19 बालक-बालिका 25 से 29 अक्टूबर तक लखनऊ में होगी।

## मतदाता जागरुकता के लिए आज बनाई जाएगी मानव श्रृंखला

अयोध्या, अमृत विचार : मतदाता जागरुकता के लिए आज 16 मई को शाम चार बजे शहर में मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। इसमें स्कूल, कॉलेजों के छात्र, स्काउट-गाइड, एनसीसी कैडेट, शिक्षकों के साथ ही आम लोग शामिल होंगे। इसको लेकर तैयारी कर ली गई है। मानव श्रृंखला 16 मई को बनाई जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि मानव श्रृंखला जीआईसी गेट से शुरू होकर मकबरा, रामनगर तिराहा, नाका हनुमानगढ़ी, रायबरेली नाका मोड़ अग्रेसन चौक, आबकारी भवन, फ्लाईओवर से अवध विश्वविद्यालय तक बनाई जाएगी। श्रृंखला के रूट को 12 खंडों में बांटा गया है। इनके विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापको को पर्यवेक्षक के रूप में लगाया गया है। बच्चों को पेयजल के लिए जीआईसी, मकबरा चौराहा, रायबरेली तिराहा नाका और प्रयागराज रोड नाका बाईपास अयोध्या पर टैंकर खड़े किए जाएंगे।

# किशोरी के अपहरण के दोषी को पांच साल कारावास की सजा

## कोर्ट ने 10 हजार रुपए अर्थदण्ड भी लगाया, दोस्तपुर थानाक्षेत्र के एक गांव में चार साल पूर्व 15 साल की किशोरी के अपहरण का मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** दोस्तपुर थानाक्षेत्र के एक गांव में चार साल पूर्व 15 साल की किशोरी के अपहरण करने के दोषी संगम उर्फ अनिल गौतम को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने बुधवार को पांच साल के कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर कुल 10 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

अदालत ने अर्थदण्ड की आधी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति पीड़िता को देने का आदेश भी दिया है। एडीजीसी रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक आरोपी ने दो फरवरी 2020 को किशोरी का अपहरण कर लिया, जिसकी काफी खोजबीन परिवार वालों ने की। तब पता चला कि पड़ोसी का साला किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। किशोरी के भाई की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी के खिलाफ चार्जशीट अदालत में दाखिल की। दौरान विचारण अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे में पेश किए गये चार गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर बुधवार को कोर्ट ने दोषी को पांच साल कठोर कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।



दीवानी न्यायालय का मुख्य गेट। अमृत विचार

### एक नजर

#### पत्रकार आशुतोष की हत्या की निंदा की गई

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जौनपुर जिले के शाहगंज कोतवाली के पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की दिनदहाड़े हुई निर्मम हत्या की पत्रकारों ने निंदा की। स्थानीय निरीक्षण गृह रमेश तिवारी की अध्यक्षता में एक शोक सभा की गई। शोक सभा में उपस्थित सभी पत्रकारों ने घटना की घोर निंदा किया और मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। मौके पर मनोज पांडेय एडवोकेट, प्रेम शंकर पांडेय महेश नारायण दुबे, राजेश दुबे एडवोकेट, विश्वनाथ मिश्र, अजय तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी, सुनील कुमार दुबे आदि मौजूद रहे।

#### सत्यदेव प्रथम व शिवानी को मिला द्वितीय स्थान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग ने बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित किया। प्रतियोगिता में परास्नातक कक्षाओं के छात्रों ने भाग लिया। जिसमें एमए के छात्र सत्यदेव मिश्र को प्रथम शिवानी शुक्ल को द्वितीय व डिम्पल तिवारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

#### 743 में 716 लोगों का घर पर हो चुका मतदान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सरकार ने 85 प्लस बुजुर्ग व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को घर जाकर पोस्टल बैलेट से मतदान कराया जा रहा है। बताते चलें कि जिले 85 प्लस बुजुर्गों की संख्या 445 तो 40 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 298 है। सोमवार से चल रहे घर घर पोस्टल बैलेट मतदान द्वारा अभी तक 425 बुजुर्गों व 291 दिव्यांगों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया है। फिलहाल अभी गुरुवार को भी पोस्टल बैलेट से मतदान होना है।

### हत्या के दो आरोपी दोषी करार, भेजे गए जेल

**सुलतानपुर :** अमेठी जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के धौरहरा में आठ साल पूर्व हुई हत्या, जानलेवा हमला और अन्य आरोपों में न्यायाधीश एकता वर्मा ने दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया है। आरोपियों की सजा के बिन्दु पर 17 को अदालत फैसला करेगी। घटना के बाद से ही दोनों आरोपी जेल में बंद हैं। नाली का पानी निकालने के विवाद में 23 अप्रैल 2016 को आरोपी प्रदीप सिंह, वीरकेश्वर और सिंटू ने लाठी डंडे से हमला बोल दिया। गंभीर चोटों के कारण शैलेन्द्र सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। शैलेन्द्र के पिता वादी राम बहादुर सिंह, मां ममता और गवाह राम बहादुर भी घायल हुए थे। मुकदमे के दौरान आरोपी सिंटू की मौत हो गई। अन्य दोनों जेल से रिहा नही हो सके। दिनदहाड़े हुई घटना से गांव में दहशत फैल गई थी। न्यायालय ने प्रदीप सिंह, वीरकेश्वर सिंह को हत्या समेत अन्य अपराधों का दोषी माना जिनकी सजा पर सुनवाई 17 मई को होगी।

### अधिवक्ता हत्याकांड में सुनवाई 28 मई को

**सुल्तानपुर :** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में बुधवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई नही हो सकी। बीती तारीख पर वादी मुकदमा मोहम्मद सलीम की गवाही सेशन कोर्ट में दर्ज की गई थी। वादी पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने बताया बचाव पक्ष ने वादी से जिरह की परंतु जिरह पूरी न होने के कारण जिला जज जय प्रकाश पांडेय ने शेष जिरह के लिए 15 मई की तिथि नियत की थी परंतु वकीलो के प्रस्ताव के कारण बुधवार को सुनवाई नही हो सकी। अदालत ने शेष जिरह के लिए 28 मई की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थाने के अलहदादपुर गांव निवासी अधिवक्ता आजाद अहमद की बीते साल छह अगस्त को भुलकी चौराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उनके भाई मुनव्वर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक के पिता मो. सलीम ने कोतवाली नगर के लोलेपुर गांव निवासी सिराज अहमद उर्फ पप्पू, घरहा निवासी इस्माइल उर्फ प्रिंस, सोहराब, मेराज, सलमान समेत कई आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने के बाद केस अभियोजन साक्ष्य में चल रहा है।

# ढाई माह में 3,963 एमटी गेहूं ही खरीद सका महकमा

▸▸ नैफेड के एक क्रय केंद्र पर अभी भी बोहनी न होने पर जारी की गई नोटिस

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** बीते वर्ष गेहूं की खरीद न होने के चलते इस वर्ष महकमे ने एक माह पहले ही खरीद केंद्रों का संचालन शुरु कर दिया था। फिर भी महकमे के सभी क्रय केंद्र अभी तक संचालित नहीं हो पाया है। जिस एडीएम वित्त एवं राजस्व ने कारवाई के निर्देश दिया है।

महकमे द्वारा गेहूं खरीद के लिए इस बार एक मार्च से 83 क्रय केन्द्रों से गेंहू खरीद की शुरुवात की गई थी। करीब डेढ़ माह बाद गेहूं खरीद की शुरुवात हुई लेकिन गति धीमी थी। जिसको लेकर अफसरों ने बैठक कर खरीद में तेज़ी लाने का निर्देश दिया था। ढाई माह बाद महकमे द्वारा अभी तक 82 क्रय केन्द्रों पर 1, 004किसानो से 3,963 एमटी गेंहू की ख़रीद कर पाया है। जबकि नैफेड द्वारा संचालित नारायनपुर क्रय केंद्र अभी भी खरीद शुरु नही कर पाया है। सरकार द्वारा महकमे को 76 हजार एमटी गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा गया है। सरकार द्वारा गेहूं खरीद के लिए इस बार बटाईदार से भी गेहूं खरीदने का प्रस्ताव था। फिर भी खरीद लक्ष्य से महकमा अभी काफी पीछे है। वही किसानों ने बताया कि सरकार द्वारा 2275 रुपए प्रति क्विंटल मूल्य निर्धारित है। इतना रेट हमें घर बैठे मिल जा रहा है तो धूप में कौन गेहूं बेचने सरकारी क्रय केंद्रों पर जाएं।

## ट्रैवल एजेंसी में घुसकर प्रबंधक को पीटा, केस

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पयागीपुर में एक ट्रैवल एजेंसी कार्यालय में घुसकर दबंगों ने मारपीट की। शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने सहयोगी मो. हुसैन पुत्र मकसूद अली निवासी हसनपुर थाना बंधुआकला के साथ मंगलवार को अपने ट्रैवल एजेंसी के ऑफिस कोतवाली नगर के पयागीपुर में बैठे थे। लगभग छह से सात यात्री छत्तीसगढ़ जाने के लिए टिकट करवा रहे थे। आरोप है कि इस बीच मो. सकलैन उर्फ भल्लू, सजर अब्बास, इरशाद अब्बास उर्फ शहंशाह और एक अज्ञात व्यक्ति डंडा और बेल्ट लेकर आए, गाली देते हुए और कहा कि तुम्हारी वजह से कोई सवारी हमारे पास नहीं आ रही है। इतना कहते हुए शैलेन्द्र पर हमला कर दिया। शोर होने पर आसपास के लोगों के पहुंचने पर सभी धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि इस मामले में शैलेन्द्र प्रताप की तहरीर पर पुलिस ने मो. सकलैन, सजर अब्बास, इरशाद अब्बास और एक अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दही है।

# उपद्रवियों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

**लोकसभा चुनाव**

▸▸ 26,509 लोगों का शांति भंग में पुलिस कर चुकी है चालान

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अगर आप पुलिस के दस्तावेजों में उपद्रवी हैं तो लोकसभा चुनाव के दौरान जरा संभलकर रहिएगा। क्योंकि, पुलिस की उपद्रवियों पर पैनी नजर बनी हुई है और लगातार जिला बदर की कार्रवाई की जा रही है।

लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए 26,509 लोगों के खिलाफ मुचलका पाबंद की करने की कार्यवाही की गई है। भूमि विवाद, रंजिश के विवाद, खूनी संघर्ष व चुनाव के दौरान हुई घटनाओं सहित अन्य विवाद में शामिल लोगों के खिलाफ यह कार्यवाही की गई है। ताकि, चुनाव के दौरान कोई विवाद या विपरीत स्थिति उत्पन्न न हो सके। एसपी सोमेन बर्मा ने बताया कि आपराधिक किस्म के लोगों पर कार्यवाही करने के लिए सर्किलवार सीओ व थाना प्रभारी निरीक्षक को कड़े आदेश दिए गए है। ताकि, चुनाव के समय कोई भी समस्या उत्पन्न न हो सके। चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस की कार्यवाही अभी जारी है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी से संस्तुति कराते हुए लगातार जिला बदर की कार्यवाही भी की जा रही है।

### कादीपुर में 11 लोग किए गए जिला बदर

**कादीपुर, सुलतानपुर :** लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। सीओ विनय गौतम ने बताया कि क्षेत्र में तीन फ्लाइंग स्वाट एवं तीन सर्विलांस स्टेटिक टीम लगाई गई है, जो 24 घंटे निगरानी कर रही है। सीओ सर्किल के विभिन्न थानों के कुल 11 लोगों को छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। क्षेत्र के 5,599 लोगों को पाबंद करते हुए उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की गई है। क्षेत्र के 206 लोगों पर 110 जी की कार्यवाही पुलिस ने की है। 32 लोगों के विरुद्ध गुंडा एक्ट एवं एक के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही की गई है। पुलिस में अभी तक आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 27 लोगों के विरुद्ध एवं आर्म्स एक्ट में 13 लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की है। एनडीपीएस के अंतर्गत दो लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है।

### बिना कसूर के भी भोगनी पड़ती है सजा

मतदाता ही लोकतंत्र के प्राण तत्व हैं। इनके ही दम से सरकारें आती और जाती हैं। कोई भी चुनाव हो उसे उत्सव के रूप में देखा जाता है। चुनावी उत्सव के मतदाता ही अभिन्न अंग होते हैं। वोट के लिए दिग्गज राजनेता मतदाताओं के चरण-वंदन करते दिखते हैं। बावजूद इसके हर चुनाव में कुछ ऐसे भी मतदाता होते हैं जिन्हें बिना कसूर के एक सजा भोगनी पड़ती है। शांति व्यवस्था के नाम पर हजारों लोग पुलिस के कार्यालयों से लेकर अदालत तक चक्कर काटने को मजबूर हो जाते हैं। क्योंकि 107/16 में पुलिस आंख बंद कर उन पर भी कार्यवाही कर देती है। जिनका इससे दूर दूर तक लेना देना नहीं होता है इसमें कई बार ऐसे बुजुर्ग, असहाय, नाबालिग व अन्य शामिल होते हैं जो एकतरफा कार्रवाई की भेंट चढ़ जाते हैं। इनके घरों में दो जून की रोटी की भी ठीक से व्यवस्था नहीं है। फिर भी इन्हें दो जमानती और अधिवक्ता की फीस का इंतजाम कर जमानत करानी पड़ती है।

# द्वितीय प्रशिक्षण के तीसरे दिन अनुपस्थित रहे 37 मतदान कार्मिक

● गैरहाजिर कर्मियों पर सीडीओ ने दिए कार्रवाई के निर्देश

संवाददाता सुलतानपुर

**अमृत विचारः** छठे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान कार्मिको के द्वितीय प्रशिक्षण के तीसरे दिन प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। 25 कमरों में संचालित 10-10 पोलिंग पार्टियों को दो पालियों में प्रशिक्षित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने सभी प्रशिक्षण कक्षों का निरीक्षण करते हुए प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का फीडबैक लिया। साथ ही विधानसभा वार हो रही कमिशनिंग का भी निरीक्षण किया।

सीडीओ अंकुर कौशिक ने निरीक्षण के दौरान प्रतिभागियों से सी आर सी कब करेंगे, वीवीपैट का नाब वर्किंग के समय किस स्थिति में रहेगा, टेण्डर वोट कैसे पड़ेगा आदि पर जवाब सवाल किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ल ने सभी कक्षों में जाकर मतदान कार्मिकों को दी जा रही प्रशिक्षण सामग्री पर चर्चा की। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा संतोष गुप्ता ने प्रतिभागियों को माकपोल के पश्चात कण्ट्रोल यूनिट को क्लियर करना तथा वी वी पैट के ड्राप बाक्स में गिरी माकपाल की पार्टी को निकाल कर उसके पीछे मुहर लगाकर इसे काले लिफाफे में रखकर सील करने की प्रक्रिया समझाई। बीएसए दीपिका चतुर्वेदी, डीआईओएस रवि शंकर भी सहयोग में लगे रहे।उप कृषि निदेशक रामाश्रय यादव, जिला कृषि अधिकारी सदानंद चौधरी ने मतदान सामग्री के वितरण की मॉनिटरिंग की। स्टेट मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पांडेय , सुनील कुमार सिंह व संतराम यादव ने सभी प्रशिक्षण कक्ष में जाकर मतदान कार्मिकों के कार्य व दायित्व, लिफाफे तैयार करना, ईवीएम कनेक्शन व सील करने की प्रक्रिया पर डेमो दिया। प्रशिक्षण की पूरी तैयारी व व्यवस्था को देख रहे डा जनार्दन राय ने बताया कि द्वितीय प्रशिक्षण के तीसरे दिन पहली पाली में 29 तो दूसरी पाली में में आठ मतदान कार्मिक अनुपस्थित पाए गए।अनुपस्थित कार्मिकों का वेतन रोकते हुए सीडीओ ने स्पष्टीकरण मांगा है। पी पी टी और वीडियो चलाने में विपिन कुमार यादव, वकील अहमद, इमरान,आसिफ जमाल, अनुपम द्विवेदी, मनदीप पांडेय ,मृत्युंजय सिंह, विशेष श्रीवास्तव, विनोद सिंह ने सराहनीय योगदान दिया। प्रशिक्षकों में सुनील बरनवाल, अखिलेश,वदीयत उल्ला, राजीव सिंह,विजय कुमार,अजय सरोज, नरेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह,प्रदीप भार्गव, विनय प्रजापति,रवीन्द्र सिंह सर्वेश सिंह मुनीश,आलोक सिंह,शैलेश मौर्य, दिलीप शर्मा, शरद चतुर्वेदी ,रवीन्द्र सिंह,रणवीर सिंह, डा .हरिओम त्रिपाठी, शशांक सिंह, शैलेश मौर्य,जगन्नाथ रावत,भीम, कौशलेन्द्र, महेंद्र व अनूप आदि ने जनपदीय मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया।


मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण का निरीक्षण करते सीडीओ अंकुर कौशिक।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार घायल

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचारः** मंगलवार की रात बारात से लौट रहे बाइक सवार को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। मामला चांदा कोतवाली क्षेत्र हाइवे के बैतीकला टोल प्लाजा के पास का है। जहां पर प्रतापगढ़ जनपद के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र स्थित जलपा नीमगिरी गांव निवासी सुमित प्रजापति चांदा के बैती खुर्द गांव में आई बारात से अपने घर वापस जा रहे थे। तभी बैंती कला टोल प्लाजा के समीप किसी तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सुमित गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें सीएचसी प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने की दशा में चिकित्सकों ने सुमित को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### सार-संक्षेप


वरिष्ठ अधिवक्ताओं से वार्तालाप करते केएनआई विधि संकाय के विद्यार्थी।

#### विधि के छात्र-छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के विधि संकाय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को बुधवार को दीवानी न्यायालय परिसर में कानून की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया। फौजदारी अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने उन्हें कानूनी बारीकियों के साथ वकालत में व्यवहारिकता की भी जानकारी देकर प्रशिक्षण दिया। महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ अब्दुल हफीज, डा. प्रभात कुमार सिंह, शिव बहादुर तिवारी के निर्देशन में करंट लॉ फोरम के तहत अध्यनरत विधि के छात्र-छात्राओं का प्रशिक्षण जारी है। जिसके तहत छात्र-छात्राएं बुधवार को दीवानी न्यायालय पहुंचे और उन्होंने कानूनी तथा व्यवहारिक जानकारियां हासिल कर खुशी जताई।

#### नेता मत बनो नहीं तो भेज दूंगा जेल, दरोगा ने दी धमकी


**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** प्रधान के फोन पर पहुंचे हल्का दरोगा ने ग्रामीण को धमकी देते हुए कहा कि नेता मत बनो नहीं तो जेल भेज दूंगा। ग्रामीण ने स्थानीय थाने पर शिकायत करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। स्थानीय थाना क्षेत्र के ढसेरुआ तकिया निवासी अजमत अली ने अपर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। अजमत अली का आरोप है कि मंगलवार की शाम सात बजे ग्राम प्रधान अरशद अली चुनावी रंजिश को लेकर साथियों के साथ उसके दरवाजे पर आया। प्रधान ने पूछा कि मतदान किसे करोगे तो हम लोगों ने भाजपा को मतदान की बात कही। आरोप है कि प्रधान नाराज होते हुए बोले कि भाजपा मुस्लिम विरोधी है। हम प्रधान है, जहां कहेंगे वहीं मतदान करना होगा। विरोध पर प्रधान ने साथियों के साथ लाठी डंडे से पीटने लगे। कहा कि तुम लोग नेता बन रहे हो अभी पुलिस बुलाते हैं। प्रधान की सूचना पर पहुंचे फोर्स के साथ हल्का दारोगा अरशद खान ने लोगो की पिटाई करते हुए महिलाओं से अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जाते हुऐ धमकी भी दी कि प्रधान से मत उलझो नेता मत बनो नही तो जेल भेज दूंगा। कूरेभार थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि मारपीट की तहरीर मिली है। जिस पर केस दर्ज किया गया है। लोग अनायास ही इसको राजनीतिक मामला बना रहे हूं।

#### साहब! शादी के 20 साल बाद भी पीटता है पति, केस दर्ज

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पिता ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि शादी के बीस साल हो गए फिर भी बेटी का पति उसे पीटता हैं। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जौनपुर जिले के सरपतहा थाना क्षेत्र के डेहरी गांव निवासी कृपा शंकर ने थाने पर तहरीर दी है। उसने बताया कि अपनी बेटी की शादी बीस साल पहले अखंडनगर थाना क्षेत्र के महमूदपुर निवासी कमलेश से की थी। उसकी दो संताने है पुत्री साक्षी 12 बर्ष तो पुत्र आकाश 10 बर्ष है। आरोप है कि आए दिन दामाद उसकी बेटी बेबी को गाली गलौज देते हुए पीटता हैं। मेरे समझाने पर गाली गलौज देते हुए कहता है कि कितना दहेज दिया है। सोमवार को उसने उसकी बेटी की इतनी पिटाई कर दी कि उसे गंभीर चोट आई है। इलाज के लिए नही ले जानें दे रहा है जान से मारने की धमकी दे रहा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पिता की तहरीर पर उसके दामाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

#### शिक्षक की बेटी व बेटे ने रोशन किया नाम

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर विकासखंड के सेवतरी गांव निवासी प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा के बेटे अनुभव वर्मा ने दसवीं की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक हासिल किया है। अनुभव वर्मा सेंट्रल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल विकासनगर, लखनऊ का छात्र है। बेटे की इस उपलब्धि पर उसके माता पिता व विद्यालय में हर्ष व्याप्त है। वही जयसिंहपुर कस्बा निवासी दिलीप कुमार गुप्ता व शशि गुप्ता जो कि पेशे से शिक्षक है, उनकी बिटिया दिशा गुप्ता जिले के सनबीम स्कूल में दसवीं की छात्रा है। छात्रा दिशा गुप्ता ने सीबीएसई दसवीं के घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय स्तर पर सर्वाधिक 96 .8 प्रतिशत अंक अर्जित कर माता पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है। वह आगे चलकर चिकित्सा क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती है। छात्रों ने इस उपलब्धि का श्रेय माता पिता व गुरुजनों को दिया है।


अनुभव व दिशा

#### अधिवक्ता के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** करौंदीकला पहाड़पुर निवासी दीवानी कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व एडीजीसी रामकिशोर के निधन पर बुधवार को दीवानी न्यायालय स्थित अधिवक्ता संघ भवन में आयोजित शोकसभा में वकीलों ने दो मिनट का मौन रखकर शोक जताया। शोक प्रस्ताव कारण अधिवक्ता न्यायिक कामकाज से विरत रहे। शोक सभा में बार अध्यक्ष अरविंद पांडेय, महासचिव आर्तमणि मिश्र, पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र सिंह, शिव मंगल शुक्ल, अरविंद सिंह राजा, संतोष पांडेय, श्रवण पांडेय, विजय नारायण मिश्र, कुलदीप वर्मा, विश्वभर नाथ शुक्ल, प्रदीप यादव, अरुण पांडेय, अजय तिवारी, अशोक शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# एटीएम बूथ से कार्ड बदल कर निकाले 33 हजार रुपये

▸▸ जालसाजी करने वाले तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** एटीएम से पैसा निकालने गए एक व्यक्ति का कार्ड वहां मौजूद तीन लोगों ने बदलकर उसके खाते से 33 हजार चार सौ रुपए निकाल लिया। पीड़ित ने तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

कोतवाली के नारायन पारा गांव के विकास कुमार मौर्या बीते 11 मई को सुबह लगभग 10 बजे बैंक ऑफ बडौदा के एटीएम बूथ से सुबह 10 बजे अपने खाते से 10 हजार रुपए निकाले। पैसा निकालते समय उनके बगल ही तीन अन्य व्यक्ति खड़े थे। विकास ने उन लोगों से जाने को कहा तो उन लोगों ने कहा तुम अपना काम करो। पैसा निकालने के बाद विकास उसे गिन रहा था। इसी बीच वहां मौजूद तीन लोगों ने उसका एटीएम बदल लिया। पैसा लेकर विकास घर चला आया। तभी उसके खाते से 33 हजार चार सौ रुपए निकल गए और उसका मैसेज आया। बुधवार को विकास ने कोतवाली में तहरीर देकर तीन अज्ञात के विरुद्ध मामले में केस दर्ज कराया है। एसओ ने बताया कि केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# चुनाव में पहिले जइसन रौनक नाय देखात ब...

● चाय-पान की दुकानों पर चुनावी चकल्लस में आई तेजी

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** क्षेत्र में लोकसभा के चुनाव की सरगर्मी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। गांव से लेकर छोटी-छोटी बाजरों एवं कस्बे में चुनावी चर्चाएं जोरों पर है। चाय पान की दुकानों पर किस पार्टी को ज्यादा वोट मिलेगा और कौन सा प्रत्याशी मजबूत है को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

चुनावी चर्चा को लेकर बुधवार को कादीपुर के ककना बाजार में हरि गोविंद पांडेय की चाय की दुकान पर चाय पी रहे लोगों के बीच चुनावी चकल्लस जारी थी। उसी समय हमारे संवाददाता भी पहुंचे तो पप्पू ने कह रहे थे कि अब लोकसभा का चुनाव में मात्र 10 दिन बाकी है। फिर भी अबकी बार चुनाव प्रचार के दौरान पुरानी रौनक नहीं दिखाई पड़ रही है। इसके बावजूद भाजपा, सपा एवं बसपा के प्रत्याशी अपना प्रचार करने में पूरी ताकत झोक दिए हैं। अमरेथू डडियां के कुंवर बहादुर मिश्र ने कहा कि अबकी बार चुनाव में पहिले जइसन रौनक नाइ देखात बाटइ। रामचरित्र ने कहा कि पहिले जइसन चुनाव प्रचार अब नाई होत बा, न ही वइसन प्रत्याशी बाटेन। पहिले गांव गांव माइक लगाइका प्रचार करत रहेन। अब देखात न हैन। बात को काटते हुए शारदा प्रसाद पांडेय ने कहा कि इस बार भाजपा अब तक सबसे ज्यादा मजबूत दिख रही है। लेकिन सपा प्रत्याशी निषाद कइ वोट काटत बा। दूधनाथ ने कहा कि बसपा प्रत्याशी भाजपा के कुर्मी वोटों में सेध लगा रहा है। शैलेश ने कहा कि ईतो चुनाव अहै। केऊ जीते केऊ हारे। एकर बहस बहुत नाई करइ का चाही। एक बात बाटइ कि वोट सब केयू चलि का जरूर दइ जाय। वोट से ही हमार लोकतंत्र मजबूत होए। सबका वोट देइ बिना बूथ पे जाइ का समुझावइ कै जरूरत बाटइ। ताकि गांव घर कइ एकऊ वोट छुटइ न पावइ। इसी सलाह के साथ लोग चाय की अंतिम चुस्की खत्म कर अपने अगले गंतव्य की ओर निकल लिए।


कादीपुर में चाय की दुकान पर चुनावी चर्चा करते लोग। अमृत विचार

**समस्या** दो जिलों को जोड़ने वाले टांडा-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसों का है टोटा

# इंतजार कीजिए बस आ रही है, मिलता यही जवाब

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी में रोडवेज बस स्टेशन पर यात्रियों को राहत नहीं मिल पा रही है। बसों की कमी से स्थानीय व लंबी दूरी की यात्रा करने वाले लोगों को घंटों बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। बस न मिलने पर डग्गामार वाहनों का सहारा लेकर स्थानीय तो चले जा रहे हैं। लेकिन लंबी दूरी तय करने वाले यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा रहा है। कई यात्रियों को जब बस नहीं मिली तो वह प्राइवेट वाहन की तलाश में बाहर निकल गए।

परिवहन निगम के पास 125 बसे हैं। जिनमें से निगम की 27 बसे लोक सभा चुनाव के लिए चली गईं हैं। चुनाव में बसों के जाने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। एक माह से रोडवेज बसों की किल्लत चल रही है। बुधवार को बस स्टेशन पर अमेठी, कादीपुर, अकबरपुर जाने वाले यात्री परेशान दिखे। पूछताछ केंद्र पर कई यात्री आए। सभी को यह बताया गया कि इंतजार कीजिए, बस आ रही है। कुछ लोगों को तो घंटाभर इंतजार करने के बाद बस मिल गई। लेकिन जिन्हें नहीं मिली वे दूसरे वाहन की तलाश में रोडवेज परिसर से निकल गए।


रोडवेज परिसर में बसों के इंतजार में खड़े यात्री। अमृत विचार

> चुनाव ड्यूटी में बसों के जाने से कुछ दिक्कत हो रही है। यात्रियों की सुविधा का ख्याल रखते हुए दूसरे रूट पर चलने वाली बसों से उन्हें भेजा जाता है। -एनआर सरोज, रोडवेज स्टेशन इंचार्ज

### टांडा-बांदा मार्ग पर दिक्कत

जिला मुख्यालय से पड़ोसी जनपद अंबेडकर नगर को जोड़ने वाली टांडा बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर निगम की बसों का टोटा है। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि इस राजमार्ग पर चार बसों का संचालन का दावा किया जाता है। जबकि टांडा बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर निजी वाहनों की भरमार है।

# नंबर कम आने पर लखनऊ गया छात्र नहीं लौटा घर

▸▸ तलाश में जुटे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** सोमवार को जब सीबीएसई के 12वीं का परिणाम आया तो एक छात्र का नंबर कम था। उसने इसकी जानकारी बाबा को देते हुए कही चला गया। काफी देर इंतजार के बाद जब वह नहीं लौटा तो हड़कंप मच गया।

कुड़वार थाना क्षेत्र के भड़रा परशुरामपुर निवासी सर्वेश दूबे का पुत्र आर्दश दूबे सीबीएसई बोर्ड में 12वीं का छात्र था। सोमवार को वह अपने बाबा को लेकर मेडिकल कालेज लखनऊ गया था। इसी बीच जब उसके परीक्षा का परिणाम आया तो उसे केमिस्ट्री में नंबर कम आया था। आदर्श दुबे अपने बाबा को जानकारी देते हुए बाबा के पास अपना मोबाइल रख चला गया। बाबा ने सोचा की कहीं गया होगा, लेकिन जब काफी देर तक नहीं लौटा तो खोजबीन शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज में उसे मेडिकल कॉलेज से बाहर की तरफ दौड़ते देखा गया है। उसने पीले रंग की टी-शर्ट पहनी है। एक दूसरे सीसीटीवी फुटेज में उसे लखनऊ चारबाग रेलवे स्टेशन के पास देखा गया। परिवारीजन उसकी तलाश में जुटे हुए हैं। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# नेता-कार्यकर्ता अपने-अपने पोलिंग बूथ पर डट जाएं: किशोरी लाल शर्मा

## अब समय आ गया है पोलिंग बूथ को संभालने का, अहम हैं आने वाले पांच दिन

अमेठी

**अमृत विचार ।** लोकसभा सीट से इंडिया गठवन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने बुधवार को सभी कार्यकर्ताओं-नेताओं से अपने अपने पोलिंग बूथों को संभालने और प्रचार को मजबूत करने का आह्वान किया है। श्री शर्मा ने कहा कि गांधी परिवार के प्रति अमेठी की जनता का अपार प्यार मिल रहा है। जनता कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाना चाहती है। चुनाव में वोट रूपी फसल तैयार हो चुकी है। अब कार्यकर्ताओं-नेताओं को इस फसल को इकट्ठा करना है। इसके लिए आगामी पांच दिन अहम हैं। अपना बूथ सबसे मजबूत की भावना से सबको आगे बढ़ना है, तभी मंजिल मिलेगी। शर्मा ने कहा कि देश में कांग्रेस के पक्ष में लहर चल रही है। राहुल गांधी के नेतृत्व में देश बड़े बदलाव की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मैं पिछले 40 वर्षों से गांधी परिवार और अमेठी की जनता का सेवक बन कर काम कर रहा हूं अतः आगे भी इसी भावना के साथ सेवादार बन कर कार्य करता रहूंगा। किशोरी लाल शर्मा ने सुबह संसदीय कार्यालय गौरीगंज में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक लेने के बाद एचएएल, कोरवा गेट, महादेवन धाम, पश्चिम दुआरा ब्लॉक भेटुआ, पनिहार चौराहा, ब्लॉक शाहगढ़, माया, रेसी, गौरा, कल्याणपुर, जामों बाजार, सरमें, भोए में विभिन्न नुक्कड़ सभाओं कार्यक्रमों में भाग लिया।

### भाजपा की बौखलाहट ही बनेगा हार का कारण : पूर्व केन्द्रीय मंत्री

गौरीगंज, अमेठी। पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद राजीव शुक्ला ने बुधवार को बुधवार को केन्द्रीय कांग्रेस कार्यालय पर पत्रकारों से कहा कि भाजपा पार्टी युवा, किसान, महंगाई के मुद्दों को दर किनार कर भैंस, गाय, सोना, चांदी , धर्म, हिन्दू मुस्लिम जैसे मुद्दों को लेकर जनता को गुमराह कर रही है। लेकिन जनता अब उनके इस कारनामें को समझ चुकी है। अबकी बार जनता इनको जवाब देगी। भाजपा हार की बौखलाहट से अलग मुद्दों पर बात कर रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा को अटल बिहारी वाजपेई ने नाम दिया लेकिन उनका नाम लेने वाला कोई नहीं है। यही नहीं उनकी फोटो तक कहीं दिखाई नहीं पड़ती है। इस मौके पर मीडिया प्रभारी अनिल सिंह, अरविंद चतुर्वेदी सहित अन्य मौजूद रहे।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते पूर्व मंत्री राजीव शुक्ला।

### करणी सेना के कार्यकर्ता एकजुट, खोला भाजपा के खिलाफ मोर्चा

**गौरीगंज, अमेठी।** अमेठी संसदीय क्षेत्र में करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की है। तीन दिन पूर्व जगदीशपुर थाना क्षेत्र के थौरी बाजार में भाजपा व कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं में मारपीट का मामला संज्ञान में आया था, जिसमें पूर्व एमएलसी दीपक सिंह सहित दो लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। बुधवार को मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के शादीपुर, गाजनपुर दुआरिया, दादरा सहित दर्जनों गांवों के सैकड़ों लोगों ने बाबा भैरव नाथ मंदिर परिसर में पूर्व एमएलसी पर फर्जी तरीके से मुकदमा दर्ज होने पर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत के नेतृत्व में सैकड़ों क्षत्रिय समाज के लोगों ने स्मृति ईरानी अमेठी से हराने की सौगंध खाईं। क्षत्रिय समाज के लोगों से कहा कि अमेठी की राजपूत महिला के मान सम्मान के लिए महिला होते हुए भी एक शब्द नहीं बोला गया है जिसका मुंह तोड जबाब हम देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा राजपूतों के अपमान और उत्पीड़न पर उतारू हो गई है। करणी सेना चेतावनी देने आईं हैं कि यदि मुकदमा वापस नहीं हुआ तो 20 मई के बाद लाखों की संख्या में में राजपूत समाज सड़क पर उतर कर आन्दोलन करेंगे।


भाजपा सांसद के खिलाफ शपथ लेते क्षत्रिय समाज के लोग ।

# पोलिंग पार्टी रवाना स्थल का किया निरीक्षण

अमेठी

**अमृत विचार।** जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष व पोलिंग पार्टी रवाना स्थल बनाया गया है, जिसका बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर समस्त व्यवस्थाओं को देखा तथा सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 19 मई को पोलिंग पार्टियों की रवानगी को लेकर अलग-अलग विधानसभावार डिस्पैच सेंटर बनाने तथा 20 मई को मतदान के उपरांत ईवीएम मशीनों की रिसीविंग के लिए अलग-अलग विधानसभावार रिसीविंग सेंटर बनाने को कहा तथा वहां पर पर्याप्त टेबल, कुर्सी, टेंट, बैरिकेडिंग व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत राज अधिकारी को सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने को कहा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते डीएम एसपी । अमृत विचार

## अखिलेश और राहुल की जनसभा आज

**अमेठी।** कांग्रेस प्रत्याशी किशोरीलाल शर्मा के समर्थन में पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव शुक्रवार को जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा नंदमहर धाम स्थित मैदान में आयोजित की गई है। जनसभा को सफल बनाने के लिए इंडी गठबंधन के कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। कांग्रेस पार्टी अपने गढ़ को वापस पाने के लिए अमेठी के किले पर दोबारा परचम लहराने के लिए हर जतन कर रही है। पार्टी की ओर से लगातार गांधी परिवार के कई सदस्यों के साथ अमेठी में काम कर चुके किशोरीलाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अमेठी में डेरा डाले हुए हैं तो राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी लगातार अलग-अलग सभाओं के जरिए जनसंपर्क कर रही हैं। बुधवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सलोन में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा की थी।

## सर्वसम्मति से सभापति चुने गए मान सिंह राठौर



रेडक्रास के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

**जगदीशपुर, अमेठी।** जगदीशपुर विकास खंड के अंतर्गत स्थित एएच इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मान सिंह राठौर को इंडियन रेडक्रास सोसाइटी शाखा का सभापति चुना गया है। धीरेन्द्र कुमार सिंह को उप सभापति, डॉक्टर राजीव सौरभ को सचिव, मनोज कुमार पटेल को कोषाध्यक्ष का पदभार सौंपा गया ।इस मौके पर उपस्थित लोगो ने खुशी जाहिर करते हुए मान सिंह राठौर समेत अन्य पदाधिकारीगणों को माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया तथा सोसाइटी संगठन को मजबूत बनाने के लिए चर्चा की गई।

# तीन दिवसीय सतत् पुनर्वास कार्यक्रम की हुई शुरूआत


तीन दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल लोग। अमृत विचार

**मुसाफिरखाना अमेठी।** स्थानीय आदर्श सेवा समिति दिव्यांग विद्यालय के प्रांगण में भारतीय पुनर्वास परिषद सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के संस्थापक राम नरेश त्रिपाठी द्वारा सरस्वती देवी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। आदर्श सेवा समिति के अध्यक्ष विजय शंकर तिवारी ने बताया कि सतत् पुर्नवास कार्यक्रम 15 मई से 17 मई सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तीन दिन तक निरंतर चलेगा कार्यक्रम में प्रदेश से करीब दो सौ प्रतिभागी भाग लेंगे। जिसमें शिक्षको को दिव्यांगता के क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन के बारे में प्रशिक्षण दिया जायेगा एवं दिव्यांग छात्रों को नई तकनीकी से शिक्षित करने का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। इसअवसर पर मथुरा से आये प्रवक्ता संतोष मौर्य, कार्यक्रम समन्वयक राज किशोर यादव, विशेष शिक्षक मुकेश कुमार राज, राजू, बब्लू पाठक, दीपक पाठक, राजेश कुमार शुक्ल, अनूप कुमार तिवारी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

**अमेठी अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में सामान्य प्रेक्षक डा. एन. युवराज व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में 75 माइक्रो आब्जर्वर तथा द्वितीय प्रशिक्षण से छूटे हुए 40 मतदान कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्रोजेक्टर के माध्यम से मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में सभी माइक्रो आब्जर्वर को मतदान प्रक्रिया, माकपोल, ईवीएम के सीलिंग की प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही हैंड्स ऑन प्रैक्टिस भी कराया गया। माइक्रो आब्जर्वर मतदान दिवस को मतदान दल के द्वारा किए जाने वाले संपूर्ण मतदान की प्रक्रिया का सूक्ष्मता से अवलोकन करेंगे और उसकी रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में सामान्य प्रेक्षक को देंगे। प्रशिक्षण में सामान्य प्रेक्षक ने बताया कि आप लोग मतदान स्थल पर मतदान की तैयारी का आकलन करेंगे मतदान स्थल पर मतदान से पूर्व सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे रैंप, पेयजल, पर्याप्त फर्नीचर, उचित प्रकाश, शौचालय, छाया आदि व्यवस्था देखेंगे।

## आत्महत्या को प्रेरित करने के दंपति गिरफ्तार

**गंजमुरादाबाद, उन्नाव।** पोहपी खेड़ा निवासी मोहनलाल पुत्र रामखेलावन ने चार दिन पूर्व फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने उसके पिता की तहरीर पर प्रेरित करने की रिपोर्ट दर्ज कर दो लोगों को पकड़ा है।

पोहपी खेड़ा गांव निवासी रामखेलावन पुत्र कालिका ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि बीती 11 मई को उसका बेटा मोहनलाल गांव में खरबूजा बेच रहा था। तभी गांव के सियाराम व उसकी पत्नी सीमावती और मोहनलाल में विवाद हो गया। विवाद से नाराज मोहनलाल ने पड़ोसी गांव रामदीन खेडा के पास आम के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सियाराम व उसकी पत्नी सीमावती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। बुधवार को पुलिस ने गांव के प्राइमरी स्कूल के पास से सियाराम पुत्र व उसकी पत्नी सीमावती को गिरफ्तार किया।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को जेल में पड़ा हार्ट अटैक, हो गई मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

● वीडियोग्राफी के बीच दो डाक्टरों ने किया पोस्टमार्टम

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी की जेल में अचानक हालत बिगड़ गई। इस पर उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। बंदी की मौत की खबर उसके घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जेल प्रशासन की मांग पर दो डाक्टरों ने वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम किया।

इसमें हार्टअटैक से मौत होने की पुष्टि हुई है। बता दें कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने जेठ शंकर पासवान व पड़ोसी गांव निवासी शिवा रावत के विरुद्ध दो फरवरी-2024 को खेत में छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने की तहरीर दी थी। पुलिस ने जांच के बाद 10 फरवरी को दोनों के विरुद्ध छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की थी। महिला द्वारा दिए 164 के बयान के आधार पर सामूहिक दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई थी। पिता पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद शंकर की बेटी ने अपने ही चाचा (शिकायतकर्ता महिला के पति) जगतू पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 20 मार्च को पुलिस ने शंकर व शिवा को जेल भेजा था। तीन दिन बाद जगतू को भी जेल भेजा था। तीनों आरोपी जेल में थे। इनमें शिवा रावत सात मई को जमानत पर बाहर आ गया था। जबकि, शंकर व उसका छोटा भाई जगतू जेल में ही हैं। बुधवार सुबह शंकर की अचानक हालत बिगड़ गई। इस पर जेल वार्डर राजीव कुमार व रामसेवक उसे लेकर जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पति की मौत से पत्नी नीरज, बेटा सूबेदार बेहाल हैं। जेलर अमरदीप सिंह ने बताया कि शंकर का गैस की बीमारी का इलाज चल रहा था। अचानक उसकी हालत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया था। जहां इलाज के दौरान मौत हुई है। बुधवार को दो डाक्टरों ने वीडियोग्राफी के बीच शव का पोर्टमार्टम किया। इसमें हार्टअटैक से मौत होने की पुष्टि हुई है। एसएचओ पीके मिश्रा ने बताया कि बंदी की मौत पर पोस्टमार्टम कराया गया है।


शंकर( फाइल फोटो)।

## अपनी दमदारी दिखा रहे वारसी हसन

**गौरीगंज, अमेठी।** अमेठी संसदीय क्षेत्र से गौरीगंज कस्बा निवासी वारसी हसन लहरी भी राष्ट्रीय नारायणी विकास विकास पार्टी से प्रत्याशी हैं ।जो पूरी दम-खम के साथ चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। वारसी लहरी हसन लोगों के बीच में अपनी पैठ बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं । वे कई बार विधानसभा व लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। वे मतदाताओं के बीच पहुंच कर महंगाई, रोजगार सहित किसानो की समस्याओं को दूर करने जैसे वादों को लेकर घर-घर पहुंच रहें हैं।

# निरीक्षण में अनुपस्थित मिले अध्यापकों का वेतन रोका

**उन्नाव।** विभागीय अधिकारी के निर्देश पर संबंधित ब्लाकों के बीईओ ने विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान हिलौली ब्लाक क्षेत्र के जय सिंहखेड़ा स्थित परिषदीय विद्यालय की सहायक शिक्षिका नीलम सिंह, असोहा ब्लाक के केवाना स्थित विद्यालय की शिक्षामित्र गीता देवी वर्मा, मियागंज ब्लाक के भाखरा खेड़ा विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवधेश वर्मा, गंजमुराबाद के विश्रामखेड़ा की सहायक शिक्षिका शिल्पी देवी, नवाबगंज ब्लाक के मकूर परिषदीय विद्यालय की अनुदेशक शबनम व पुरवा के कोदियाखेड़ा स्थित परिषदीय विद्यालय की सहायक शिक्षिका नयन सोनी अनुपस्थित मिले थे। बीईओ की आख्या के आधार पर बीएसए संगीता सिंह ने सभी अनुपस्थित मिले शैक्षिक स्टाफ के वेतन में कटौती का आदेश जारी किया है।

# बीईओ ने मांगा ओनरशिप रजिस्टर का विवरण

संवाददाता औरास, उन्नाव

**अमृत विचार।** बीईओ ने ब्लाक क्षेत्र के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों को पत्र जारी कर ओनरशिप रजिस्टर तैयार करते हुए गणित व भाषा विषयों का आकलन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि 17 व 18 मई को निश्चित तौर पर आकलन रिपोर्ट तैयार करने के लिए छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं कराई जाएं। कक्षा एक का आकलन मौखिक परीक्षा से होगा, जबकि अन्य कक्षाओं के बच्चों की लिखित परीक्षा करानी होगी।

बीईओ संजय कुमार शुक्ल की ओर से जारी पत्र में कहा गया है ओनरशिप संबंधी निर्देश पहले जारी पत्र में दिए जा चुके हैं, लेकिन अधिकांश विद्यालय ओनरशिप रजिस्टर पर आकलन संबंधी विवरण नहीं उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे आभास होता है कि अब तक ओनरशिप निर्धारण की प्रक्रिया पर अमल नहीं किया गया है। पूर्व में जारी पत्र में कहा गया था कि शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर ओनरशिप तय कर आकलन परीक्षा कराते हुए विवरण उपलब्ध कराया जाए। मंगलवार को बीईओ द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि 17 मई को गणित और अगले दिन यानी शनिवार को भाषा की परीक्षा निश्चित तौर पर कराई जाए। साथ ही परीक्षा पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए ओनरशिप रजिस्टर पर विवरण दर्ज किया जाए। ओनरशिप रजिस्टर पर अंकित विवरण संकुल शिक्षक के माध्यम से बीईओ कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए, जिससे ब्लाक क्षेत्र के संकल्ति विवरण को निर्धारित प्रक्रिया के तहत उच्चाधिकारियों तक पहुंचाया जा सके।

## वर्ग पहेली-71

**बाएं से दाएं**

3. माल या राजस्व महकमे का वह क्षेत्रीय अधिकारी जो पटवारियों या लेखपालों के कागज़ात एवं काम-काज की जांच करता है।

4. 1. फ़ैशन मॉडल की तरह किया जाने वाला काम, मॉडल की तरह काम करने का व्यवसाय 2. किसी वस्तु के स्वरूप की प्रतिकृति बनाने का कार्य।

8. 1. भूमि, खेत 2. पृथ्वी, धरती 3. धरातल का कोई भाग, ठोस तल 4. भूमि का टुकड़ा, भूखंड 5. वह तेल जिसमें किसी इत्र को तैयार किया जाता है 6. आधार 7. नदी और तालाब का तल 8. वह कागज़

9. वह जो प्राय: कोई न कोई ख़ुराफ़ात करता रहता हो।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. गुंजार, गूंजने का शब्द 2. गुनगुनाना 3. भौरों के गूंजने की क्रिया।

2. 1. किसी घटना आदि का पूर्ण लिखित विवरण 2. खेलों के उच्चतम कीर्तिमान दस्तावेज़, लेख-प्रमाण 3. स्थायी रूप में रखना 4. सुरक्षित विवरण 5. अभिलेख।

5. हाथी दांत का बना हुआ।

6. बंद नाली का मुंह जिससे सफ़ाई करने के लिए बड़ी नाली में घुसा जा सकता हो, बंद नाली में प्रवेश करने का मार्ग।

7. 1. लोभ करने वाला, लालची 2. कंजूस।




### वर्ग पहेली -70 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 सि | रो | ही | ■ | 2 खु | द | ना |
| र | ■ | ■ | 3 ऍ | ■ | ■ | ■ |
| मो | ■ | ■ | पा | ■ | 4 कु | ■ |
| र | ■ | 5 पा | य | जा | मा | ■ |
| ■ | 6 झा | ल | र | ■ | र | ■ |
| 7 सा | ■ | की | ■ | ■ | ■ | 8 सु |
| ज़ | ■ | ■ | 9 र | वा | दा | र |

## सुडोकू -150

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | | 3 | 4 | 5 | | | |
| 3 | 6 | | | | | | | |
| 4 | | | 8 | 7 | | | | |
| | | | | | | | | 5 |
| 7 | | | | 9 | 4 | | | |
| | | 2 | | | | | 9 | 3 |
| | | 3 | | 2 | 6 | | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |


### सुडोकू -149 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 8 | 4 | 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 2 | 9 |
| 9 | 2 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 1 | 9 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 6 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 2 | 1 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 5 | 7 |
| 2 | 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 06 .22 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 18 .14 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** – आज व्यापार को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको राजनीति का सामना करना पड़ेगा। अपने शत्रुओं गतिविधियों को लेकर गंभीरता रखें। अत्यधिक आदर्शवाद से आपको बचना चाहिये। अपनी जीवनशैली पर पर्याप्त धन खर्च करेंगे।

**वृष** – आज अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। किसी पुरानी बीमारी से ग्रसित लोगों को समस्या हो सकती है।

**मिथुन** – आज जॉब में बदलाव करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। दूसरों की मदद करने से आपका सम्मान बढ़ेगा। दांपत्य संबंधों में प्रेमभाव बढ़ेगा। धर्म-कर्म में आपकी रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर उलझे मामले सुलझ सकते हैं।

**कर्क** – आज धन से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में उत्तम लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार के कार्यों में आपको मन लगाना चाहिए। आपकी दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**सिंह** – आज नई योजना बनाने के लिए समय उत्तम है। फर्जी फोन कॉल्स से आप सावधान रहें। कड़वी भाषा का प्रयोग न करें। दूसरे लोगों पर ज्यादा निर्भरता रखना ठीक नहीं है। ऑफिस की राजनीति से स्वयं को दूर रखें।

**कन्या** – आज सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है। जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को कुछ कठिनाई होगी। मंहगी वस्तुओं की ख़रीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**तुला** – आज भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में दिन बहुत शुभ है। विदेश यात्रा के उत्तम योग बन रहे हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी।

**वृश्चिक** – आज मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आईटी और बैंक से जुड़े लोगों को करियर में अच्छे परिणाम मिलेंगे। नया कारोबार शुरू करने में सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा न करें। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं।

**धनु** – आज विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों के साथ तीखी बहस हो सकती है। मन में किसी के प्रति बैर या घृणा का भाव न रखें। शाम को परिजनों के साथ विशिष्ठ विषयों पर चिंतन-विमर्श करेंगे।

**मकर** – आज आलस्य में आपका समय बर्बाद हो सकता है। बुरी संगति से स्वयं को दूर रखें। रहस्यात्मक विषयों की तरफ आकर्षित हो सकते हैं। विवाह संबंधित चर्चाओं के लिए समय शुभ नहीं है। जीवनसाथी आपसे कई तरह की शिकायत कर सकता है।

**कुंभ** – आज आपके पारिवारिक खर्च बढ़ सकते हैं। जीवनसाथी से कड़वी बातें करने से आपको परेशानी हो सकती है। कई नए विषयों की तरफ आपका झुकाव बढ़ सकता है। किसी रुके हुए मामले का समाधान होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**मीन** – आज चिकित्सा कार्य से जुड़े लोगों को कुछ कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ सकता है। व्यवसाय में सहयोगियों के साथ विश्वास में कमी की भावना उत्पन्न हो सकती है। परिवार को विशेष समय अवश्य दें।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
शिव शक्ति — सुबह : 10 .02
करिश्मा कुदरत का — रात : 07 .00

**&pictures**
मैं तेरा हीरो — सुबह : 11 .09
सोनचिड़िया — रात : 08 .00

**SONY PIX**
ऐनाबेले : क्रिएशन — सुबह : 08 .54
घोस्ट राइडर — रात : 09 .07

**ZEE CINEMA**
प्रेम कहानी — सुबह : 11 .00
साजिश — शाम : 05 .00

**colors CINEPLEX**
जुड़वा — सुबह : 09 .17
गहराइयां — दोपहर : 02 .55

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात :08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी छुट्टी के दिन घर पर बैठ कर डीवीडी में फिल्म देख रहा था। और जोर से चिलाया नहींहीहीही.. घोड़े से मत उतर पागल यह एक चाल है। आगे जाल बिछाया गया है। बोल रहा हूं मत उतर पछताएगा। पत्नी -कौन सी फिल्म देख रहे हो? पति-अपनी शादी की डीवीडी

मौलवी-किसी को इस शादी से ऐतराज।
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी-अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्य प्रियवादिनी च।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन्॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनार्जन करने वाली विद्या का ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं।

## संपादकीय

# अमेरिका की सोच संकीर्ण

भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह को लेकर हुए समझौते से अमेरिका की बेचैनी समझी जा सकती है। अमेरिका कभी नहीं चाहता कि दुनिया का कोई भी देश ईरान के साथ किसी तरह का व्यापारिक संबंध रखे। इसलिए भारत ने सोमवार को ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह के प्रबंधन के लिए 10 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए तो अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने तक की धमकी दे डाली। अमेरिकी चेतावनी के संदर्भ में बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर कहा कि चाबहार बंदरगाह से पूरे क्षेत्र को लाभ होगा और इसे लेकर संकीर्ण सोच नहीं रखनी चाहिए। गौरतलब है कि भारत ईरान, अफगानिस्तान, कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे मध्य एशियाई देशों तक अपनी पहुंच आसान बनाने के लिए चाबहार पोर्ट पर एक टर्मिनल विकसित कर रहा है। ईरान के साथ इस समझौते को चीन द्वारा पाकिस्तान में विकसित किए जा रहे ग्वादर बंदरगाह की काट के तौर पर देखा जा रहा है। इस समझौते के माध्यम से भारत और ईरान के बीच क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा और अफगानिस्तान, मध्य एशिया, और यूरेशिया के लिए नए रास्ते खुलेंगे। ऐसे समय पर जब भारत हमास के खिलाफ जंग में रणनीतिक रूप से इजराइल का साथ दे रहा है और एक समझौते के तहत फिलिस्तीनियों की जगह इजराइल में भारतीय कामगारों को भेज रहा है, चाबहार समझौता अवसर है कि भारत पश्चिम एशिया में अपने रिश्तों को नए सिरे से संतुलित करे। चाबहार बंदरगाह दक्षिण-पूर्वी ईरान में ओमान की खाड़ी में स्थित है। यह एकमात्र ईरानी बंदरगाह है जिसकी समुद्र तक सीधी पहुंच है।

अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर उस पर प्रतिबंध लगा दिए थे। पश्चिम एशिया संकट के दौरान ईरान और इजराइल के बीच बढ़े तनाव के मद्देनजर अमेरिका ने ईरान पर नए सिरे से आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। ऐसे में भारत के लिए सभी संबंधित पक्षों को विश्वास में लेते हुए ईरान के साथ एक दीर्घकालिक समझौते को अंतिम रूप देना चुनौतीपूर्ण था। अभी भारत को एक ऐसी उभरती हुई शक्ति के रूप में देखा जाता है, जो वैश्विक शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा रखता है। भारत के इस कदम से देश को मध्य एशिया के साथ कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी। यानी भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह की देखभाल, विकास और संचालन को लेकर हुआ समझौता न सिर्फ दोनों देशों के आपसी संबंधों के लिहाज से अहम है, बल्कि आने वाले वर्षों में इस पूरे क्षेत्र की भू-राजनीति को भी निर्णायक ढंग से प्रभावित कर सकता है।

# राजनीति के मौजूदा मिजाज को प्रतिबिंबित करता मीडिया



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

अटल बिहारी वाजपेयी के समय उनके कारण और कुछेक अनुभवी सांसदों की मर्यादित बहस के कारण पार्लियामेंट में गरिमा बनी रहती थी। सांसद जैसे होंगे और जैसी इनकी बैकग्राउंड होगी वैसा ही मिजाज पॉलिटिक्स का बनेगा और वैसी ही इसकी छवि संसद और प्रांतीय विधान सभाओं में दिखाई देगी।

राजनीतिक पत्रकारिता का मिजाज पिछले 50 साल में खासतौर से इमरजेंसी खत्म होने के बाद से बदला है। दो साल तक तो यह बढ़िया रहा, लेकिन देश में संघीय सरकार से संबंधित राजनीति का स्तर गिरता गया। साथ ही पार्लियामेंट की रोजमर्रा की कार्रवाई में अधिकांश सांसदों द्वारा की गई बहस की निम्न स्तरीयता के कारण भी स्तर गिरता गया। प्रांतीय पॉलिटिक्स और राजनीतिक शासन का स्तर तो और भी नीचे गिरा। मीडिया ने इसकी बढ़िया आलोचनात्मक कवरेज की और देशवासियों को नियमित तौर से जागरूक और सचेत ही नहीं किया, बल्कि आमजन को राजनीति के प्रति विवेकशील भी बनाया।

अटल बिहारी वाजपेयी के समय उनके कारण और कुछेक अनुभवी सांसदों की मर्यादित बहस के कारण पार्लियामेंट में गरिमा बनी रहती थी। सांसद जैसे होंगे और जैसी इनकी बैकग्राउंड होगी वैसा ही मिजाज पॉलिटिक्स का बनेगा और वैसी ही इसकी छवि संसद और प्रांतीय विधान सभाओं में दिखाई देगी। मीडिया रिपोर्टिंग तो जो हो चुका है उसका प्रतिबिंब मात्र है, लेकिन एक पहलू और है, यह है पॉलिटिकल विचार और राजनेताओं के बयानों और भाषणों की व्याख्या का कंटेंट जेनेरेट करना और इसे समाचार में समाहित करना। समाचार पत्रों में संपादकीय विभाग की यह मॉडर्न पॉलिसी जाहिरा तौर से अमेरिकन मीडिया से सत्तरादी दशक में वाटरगेट कांड से शुरू हुई थी जिसकी क्षीण सी यादें अभी जिंदा हैं।

इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिज्म की शुरुआत भी हम अमेरिकन मीडिया से ही मान सकते हैं जब अमेरिकन पार्लियामेंट ने फ्रीडम ऑफ द इनफार्मेशन एक्ट, 1967 पास किया था। वार कोरेस्पोंडेट्स और चुनाव कॉरेस्पोंडेंन्ट्स के रिपोर्टिंग स्टाइल में कोई खास फर्क मुझे इसलिए नजर नहीं आता कि दोनों में 'ह्यूमन इंटरेस्ट' अर्थात् मौलिक मानव प्रवृत्ति और रुचिकर जानकारी का तत्व काफी मात्रा में शुमार करने की प्रवृत्ति बढ़ गई है और लोग इस चटपटे मसाले को चाव से पढ़ते हैं। यह 1880 और 1980 के जर्नलिज्म से काफी भिन्न है, खास तौर से पॉलिटिशियंस आधुनिक जर्नलिज्म के तीखे तेवर

ऐसे में जर्नलिज्म ऐसा ही होगा जैसा यह रूस और चीन में है। लोकतंत्र का यह चौथा स्तंभ सिसकता हुआ तब दम तोड़ देता है, लेकिन कहते हैं वित्त के बिना अर्थात् लक्ष्मी के बिना सरस्वती अराधना भी असंभव है, कुछ ऐसा ही जर्नलिज्म के साथ भी है।

और इन्वेस्टिगेटिव तत्व से हल्का-सा आतंकित भी रहते हैं। ऐसे में चुनाव के दौरान पॉलिटिकल रिपोर्टर्स के स्टाइल ऑफ रिपोर्टिंग का महत्व बढ़ जाता है। मीडिया एनालिस्ट्स इसकी खूब पहचान रखते हैं। मीडिया और पॉलिटिकल दिग्गज़ों में 'दूर की दोस्ती' किसी और मतलब से होती है अर्थात् कुछेक बड़े पत्रकार एथिक्स नहीं छोड़ते और न्यूज कंटेंट में किसी तरह की ढील भी नहीं बरतते और न ही इसे एक मुलम्मा चढ़ाकर पेश करते हैं। ऐसा इसलिए कि ये जिस मीडिया हाउस से संबंध रखते हैं, उसकी समृद्ध साख या 'रेपुटेशन' होती है और वह इन पत्रकारों की कार्यशैली और पृष्ठभूमि से बनती है।

हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के जिन अखबारों ने पिछले दो दशक में देश में अपनी प्रसार संख्या बढ़ाई है, इन्होंने ट्रेडिशनल जर्नलिज्म को हल्का और समझौता-परक ही किया है। बेशक इनमें से किसी के 60 संस्करण आज छपते हैं और इनकी वित्तीय स्थिति मजबूत होने से पॉलिटिकल गवर्नेंस में इनकी साख भी बड़ी हो गई है। खेद है कि मीडिया स्टडीज करने वाले विश्वविद्यालयों के सीनियर प्रोफेसर्स और मीडिया अध्ययन संस्थानों द्वारा जर्नलिज्म में इस बदलाव पर कम ही रिसर्च होती है और ऐसे पेपर्स देखने-पढ़ने को अब अधिक संख्या में और नियमित तौर से नहीं मिलते हैं जैसे दो दशक पहले मिला करते। 'विदुर' पत्रिका बंद हो गई, लेकिन 'सेंटर फॉर स्टडीज इन डेवलपिंग सोसाइटीज' की 'प्रतिमान' और 'स्टडीज इन इंडियन पॉलिटिक्स' पत्रिकाओं ने इस परंपरा को चालू रखा है। असल में मीडिया इंडस्ट्री के लिए वित्त का 'फाउंटेन हेड' क्रिटिकल पॉलिटिकल जर्नलिज्म है जिसके प्रति मालिक और स्पेशल कॉरेस्पोंडेंन्ट्स अत्यंत सचेत रहते हैं। यह अलग बात है कि कुछेक बार ये दोनों, अर्थात् अखबार का मालिक और इनका एग्जीक्यूटिव एडिटर, पॉलिटिकल गवर्नेंस की धारा को भी बदल देने की हिम्मत रखते हैं। अरुण शौरी ने महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री अब्दुल रहमान अंतुले की नाजायज तरीके से धन उगाहने की प्रवृत्ति पर 'इंदिरा गांधी एज कॉमर्स' नाम से एक लेखमाला इंडियन एक्सप्रेस में दी थी। इसे तीन किस्तों में तीन दिन तक छापा गया था। अरुण शौरी ने इसके लिए बहुत समय लगाकर और अपने स्रोतों से अकाट्य साक्ष्य जुटाकर अखबार के मालिक रामनाथ गोयनका से सहमति लेकर इसे प्रकाशित किया था। इंदिरा गांधी इस लेखमाला को लेकर अंतुले पर बहुत कुपित हुई थी और तुरंत प्रभाव से अंतुले का इस्तीफा मांग लिया था। ऐसा जर्नलिज्म अब कहां?

प्रिंट मीडिया में एक माध्यम, जैसे कि एक समाचार पत्र, की साख प्रसार संख्या या प्रिंट आर्डर से नहीं बनती और न ही इस अवधारणा से कि विज्ञापन से मिलने वाला रिवेन्यु इसे बहुत अच्छी वित्तीय स्थिति प्रदान करता है, बल्कि इससे कि अमुक अखबार 'कैसा' जर्नलिज्म करता है। अमूमन, क्रिटिकल और तीखे तेवर वाले अखबार अधिक पसंद किए जाते हैं। कुछ नए अखबारों की सर्कुलेशन फिगर्स तो ऑडिट ब्यूरो ऑफ़ सर्कुलेशन (एबीसी) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध नहीं हैं। अर्थात् एबीसी द्वारा मान्य एक न्यूनतम क्राइटेरिया या औकात तक अभी ये नहीं पहुंचे हैं।

साख बनाने के लिए अखबार के लोगों को एक दूरगामी नीति पर काम करना होता है और ऐसे मिजाज के लोग प्रेस, एडिटोरियल और सर्कुलेशन के अलावा विज्ञापन विभागों में रखने होते हैं जिनका मिजाज तथ्यपरकता पूर्ण हो और समाज एवं देश हित को सर्वोपरि मानते हुए काम करने को ये लोग सदा उद्धत रहते हों। इस लाइन को जो फॉलो करते हैं वे टिके रहते हैं और अखबार की साख को बनाकर रखते हैं या बढ़ाते हैं। एक प्रतिष्ठित या/और उभरते हुए अखबार के मालिक या इसके एडिटर्स सरकार से या नेताओं से जानबूझकर नहीं उलझते। पब्लिक इंटरेस्ट में वास्तव में ही कुछ उघाड़ने से पहले और इसकी कवरेज को अकाट्य बनाने के लिए तथ्यों की ठीक से जांच करते हैं अर्थात् बारम्बार क्रॉस-चेक करते हैं। संबंधित लोगों से संपर्क करके सही बात जानने का प्रयास करते हैं और तभी कोई ब्रेकिंग स्टोरी प्रकाशित करते हैं। सरकार के सतर्कता विभाग को भी यह अनेक बार मालूम नहीं होता कि कहां, क्या हो रहा है या हो चुका है। हिंदी के अखबारों में एक आम कमी है कि ये अपनी ही न्यूज का और अगर कहीं से 'लीड' मिली है तो भी इसका फॉलोअप नहीं करते और अपनी स्थिति को मजबूत करने से लगातार चूकते हैं।

देश में ऐसे उदाहरण हैं कि बिजनेस पर्सन्स ने अपनी एंपायर को सुरक्षित बनाए रखने के लिए घाटा खाकर भी अखबार चलाए हैं। श्रम का उचित मूल्य दिया जाना और एथिक्स को मानना मीडिया में दो बड़ी बातें होती हैं। अगर ये दोनों नहीं हैं, अर्थात् दोनों तत्व ही 'कॉम्प्रोमिज्ड' हैं, तो राजनैतिक शासन या कहें तो पॉलिटिकल गवर्नेंस, के साथ यह हाथ मिलाकर चलने वाली बात होती है। ऐसे में जर्नलिज्म ऐसा ही होगा जैसा यह रूस और चीन में है। लोकतंत्र का यह चौथा स्तंभ सिसकता हुआ तब दम तोड़ देता है, लेकिन कहते हैं वित्त के बिना अर्थात् लक्ष्मी के बिना सरस्वती अराधना भी असंभव है, कुछ ऐसा ही जर्नलिज्म के साथ भी है। गोयनका जी का बहु-संस्करणी 'इंडियन एक्सप्रेस', कलकत्ता और दिल्ली से अंग्रेजी और हिंदी में प्रकाशित 'द स्टेट्समैन' एवं दोबारा से प्रकाशन जगत में आए 'द पायनियर' के अलावा 'द हिन्दू' और 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' और 'द हिंदुस्तान टाइम्स' द्वारा साख बनाए जाने के इतिहास से भी पत्रकारिता करने वाले बहुत से लोग परिचित नहीं हैं। गणेश शंकर विद्यार्थी और बाबू बालमुकुंद गुप्त और इंदौर से शुरू नई दुनिया और जनसत्ता के प्रभाष जोशी एवं नवभारत टाइम्स के राजेंद्र माथुर जैसी पत्रकारिता अब नहीं रही। वक्त ने इनका ही नहीं, बल्कि पॉलिटिकल रिपोर्टिंग का मिजाज भी बदल दिया है। वक्त की नजाकत को देखते हुए इन्होंने खुद को ही बदल लिया, ऐसा कहना अधिक उपयुक्त है।

## प्रसंगवश

# मोदी को छत्र: कैसे हैं नक्षत्र



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 मई को पूर्वाह्न 11.58 पर अभिजित मुहूर्त में वाराणसी में अपना नामांकन दाखिल कर दिया। मोदी का जन्म 17 सितंबर, 1950 को बड़नगर में हुआ। तत्समय वृश्चिक लग्न थी। सूर्य, बुध और केतु कन्या पर थे, चंद्रमा व मंगल लग्न यानी वृश्चिक पर, गुरु कुंभ में, शनि व शुक्र सिंह पर तथा राहु मीन पर अवस्थित थे।

इस तरह मंगल केंद्र में स्वगृही, चंद्रमा नीच के होकर बली मंगल से युत होने के कारण नीच भंग स्थिति में। राज्येश सूर्य लाभ स्थान में उच्च के बुध के साथ बैठे थे। राज्य भाव में शनि, शुक्र और चौथे में गुरु। गुरु व शनि, शुक्र परस्पर दृष्टि संबंध रख रहे हैं। मोदी की 22 अप्रैल-2024 से मंगल की महादशा में शनि की अंतर्दशा चलना प्रारंभ हो गई है जिनका संप्रति घटने वाली घटनाओं पर विशेष प्रभाव पड़ेगा। गोचर में भ्रमण करते हुए 4 जून को (परिणाम वाले दिन) ग्रह स्थिति यह होगी: सूर्य, बुध, गुरु और शुक्र वृष पर, चंद्रमा व मंगल मेष पर, शनि कुंभ में तथा राहु व केतु क्रमशः मीन व कन्या पर। ऐसे में लग्नेश तथा महादशानाथ मंगल तथा भाग्येश चन्द्रदेव शनि द्वारा दृष्ट होंगे। शनि की दृष्टि ग्रह के प्रभाव की घटोतरी करती है और भाव की हानि करती है। भाव तो वह शत्रु का है, जिसे डाउन करने का मतलब शत्रु पराजय से है, किंतु लग्नेश और भाग्येश जैसे महत्वपूर्ण ग्रहों को भी शनि तत्समय हीन प्रभाव बनाएंगे। विशेष बात यह है कि अंतर्दशानाथ महादशानाथ को कमजोर करेंगे। मतलब मोदी के ठीक नीचे वाले पहली कतार के लोग उनके प्रभाव को कम करने का प्रयास करेंगे। राजयोग बनने में सूर्य की स्थिति जरूर देखी जाएगी, जो इनकी कुंडली में राज्य भाव के स्वामी भी हैं। सूर्य वृष पर हैं और उस समय भी होंगे, जो उनके शत्रु शुक्र का घर है। शत्रु के घर में ग्रह कमजोर होता है। इसके अलावा सूर्य सातवें भाव में शुभ नहीं होते हैं। शनि राज्य भाव को भी देखकर कमतर कर रहे हैं तथा उनके चौथे भाव में विराजमान होने का फल है 'शत्रु वृद्धि, विरोधी प्रबल'। यद्यपि जन्मी उच्च के बुध और केन्द्रस्थ गुरु लग्न को देखकर स्थिति बलवती करने का प्रयास करेंगे। स्थिति में ह्रास सम्भाव्य है। धर्म से ग्रह गति में कुछ परिवर्तन हो जाता है।

# इंटरनेट के उपयोग और कल्याण के बीच संबंध



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

ऑनलाइन गतिविधियां लोगों को नई चीजें सीखने और दोस्त बनाने में मदद कर सकती हैं और यह लाभकारी बदलावों में योगदान दे सकती है।

विगत शती के 1990 में शुरू हुए वर्ल्ड वाइड वेब को इंटरनेट का नामकरण मिला। तभी से यह विवाद चल रहा है कि यह मनुष्य के लिए यह जरूरी है या हानिकर है। अभी हाल में ही वैश्विक स्तर पर संपन्न 24 लाख लोगों पर किए गए एक 16 वर्षीय अध्ययन में पाया गया है कि इंटरनेट का उपयोग जीवन में संतुष्टि और उद्देश्य की भावना जैसे कल्याणकारी उपायों को प्लेटफार्म देता है। यह इस आम धारणा को चुनौती देने वाला अध्ययन है कि इंटरनेट का उपयोग मानव कल्याण पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।

जर्मनी में वुर्जबर्ग विश्वविद्यालय के मनोवैज्ञानिक मार्कस एप्पल की मानें तो डिजिटल मीडिया का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक डालने का एक महत्वपूर्ण उपाय है। इंटरनेट विरोधियों के इस दावे कि सोशल मीडिया, इंटरनेट और मोबाइल फोन का उपयोग वास्तव में हमारे समाज के लिए नकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करता है, सही नहीं है और हमें इस नए अध्ययन को गंभीरता से देखने को आमंत्रित करता है। इंटरनेट के हानिकारक प्रभावों की चिंता आमतौर पर सोशल मीडिया के उपयोग से जुड़े व्यवहारों से संबंधित होती हैं, जैसे साइबरबुलिंग, सोशल मीडिया की लत आदि, लेकिन एप्पल का मानना है कि अब तक के कई सर्वश्रेष्ठ अध्ययनों ने इंटरनेट के उपयोग के कुछ छोटे नकारात्मक प्रभाव ही देखे गए हैं। कोई बड़ा हानिकारक प्रभाव इससे नहीं है। ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एक शोधकर्ता एंड्रयू प्रिजिबिल्स्की ने 9 मई को एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भले ही इंटरनेट वैश्विक हो चला है, लेकिन अभी भी मानव समाज पर इसे लेकर गंभीर अध्ययन का अभाव है। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत से अधिक डेटा उन्हें मात्र मुट्ठी भर अंग्रेजी बोलने वाले देशों से आते हैं।

प्रिजबिल्स्की और उनके सहयोगियों ने वाशिंगटन डीसी स्थित एनालिटिक्स कंपनी गैलप द्वारा आयोजित गैलप वर्ल्ड पोल से इंटरनेट एक्सेस के आठ उपायों से संबंधित डेटा का विश्लेषण किया है। डेटा को 2006 से 2021 तक 168 देशों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के 1,000 लोगों से फोन या व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से सालाना एकत्र किया गया था। शोधकर्ताओं ने उन कारकों को नियंत्रित किया, जो इंटरनेट के उपयोग और कल्याण को प्रभावित कर सकते हैं जिसमें आय स्तर, रोजगार की स्थिति, शिक्षा का स्तर और स्वास्थ्य समस्याएं शामिल हैं। टीम ने पाया कि औसतन जिन लोगों के पास इंटरनेट तक पहुंच थी, उन्होंने जीवन की संतुष्टि, सकारात्मक अनुभवों और अपने सामाजिक जीवन से संतुष्टि के उपायों को अपनाने पर आठ प्रतिशत अधिक स्कोर किया, उन लोगों की तुलना में जिनके पास वेब तक पहुंच नहीं थी। ऑनलाइन गतिविधियां लोगों को नई चीजें सीखने और दोस्त बनाने में मदद कर सकती हैं और यह लाभकारी बदलावों में योगदान दे सकती है।

हालांकि 15-24 वर्ष की आयु की महिलाएं, जिन्होंने अध्ययन के पिछले सप्ताह इंटरनेट का उपयोग करने की सूचना दी थी। औसतन वे जिस स्थान पर रहती हैं, उससे उन लोगों की तुलना में कम खुश थीं, जिन्होंने वेब का उपयोग नहीं किया था। ऐसा इसलिए हो सकता है, क्योंकि जो लोग अपने समुदाय में स्वागत सम्मान महसूस नहीं करते हैं। प्रिजिबिल्स्की ने कहा वे अधिक समय ऑनलाइन बिताते हैं, उन्होंने कहा कि यह निर्धारित करने के लिए आगे के अध्ययनों की आवश्यकता है कि इंटरनेट के उपयोग और कल्याण के बीच संबंध का कोई ठोस कारण है या केवल एक जुड़ाव भर है। यह अध्ययन ऐसे समय में आया है जब इंटरनेट और सोशल मीडिया के उपयोग के नियमन को लेकर खासकर युवाओं के बीच चर्चा हो रही है। वैसे टोबियास डिएनलिन, जो वियना विश्वविद्यालय में सामाजिक मीडिया कल्याण को कैसे प्रभावित करता है, इसका अध्ययन करते हैं।

वे कहते हैं, "संदर्भित अध्ययन हाल की बहस में योगदान नहीं दे सकता है कि सामाजिक मीडिया का उपयोग हानिकारक है या नहीं या स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए या नहीं," जैसे सवालों के लिए यह अध्ययन जवाब देने के लिए डिजाइन नहीं किया गया था।

## सोशल फोरम

# पेंदा नहीं है



अनूप शुक्ल
कानपुर

कबाड़ी ठेले पर कबाड़ लादे जा रहा था। ऊपर प्लास्टिक की कुर्सियां और प्लास्टिक की बिन्स। गन्ने की दुकान वाले ने शायद कूड़ेदान के लिए प्लास्टिक की डलिया के दाम पूछे।

'पेंदा नहीं है उनमें'-कबाड़ी ने ठिलिया को धकियाते हुए बताया। कूड़ेदान भी बिना पेंदे का बेकाम होता है। हम लोग इधर-उधर लुढ़कते-पुढ़कते बेपेंदी के जनप्रतिनिधियों से काम चला रहे हैं। कूड़े से बिजली तो तमाम देश बना लेते हैं। हम कबाड़ हुए प्रतिनिधियों से भी अपना काम चला लेते हैं। गन्ने की दुकान पर रस पीते हुए हमने मोटरसाइकिल पर बगल में रस पीते नौजवान जोड़े को देखा। लड़की शायद गर्मी से बचने के लिए पूरा चेहरा ढके थी। लड़का खुल्ला मुंह। गर्मी भी लिंग भेद करती है।

कल्पना करने को एक कल्पना अपन करते हैं। पानी में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन होते हैं। पानी की कमी दूर करने के लिए हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के पाउच मिलने लगेंगे कभी जिसको पानी पीना होगा वह एक पाउच से आक्सीजन और दूसरे से हाइड्रोजन निकालेगा। सुर्ती और चूने की तरह हाइड्रोजन व ऑक्सीजन को रगड़ पानी बनाएगा और फांक लेगा। इसके साथ ही मानो कहीं आक्सीजन की कमी हुई। वहां वह पानी के अणु को पटककर या छीलकर ऑक्सीजन और हाइड्रोजन अलग-अलग कर लेगा। बात यहीं तक नहीं है भाई। निकली है तो दूर तलक जाना बात की नियति है। जब ऑक्सीजन उपयोग होने के बाद बाहर निकलेगी तो कार्बन डाई आक्साइड में बदल चुकी होगी। उससे भी पटककर या छीलकर आक्सीजन निकाल ली जाएगी, जो कार्बन बचेगा उसको दबाकर कोयला बनाया जाएगा। उर्जा समस्या हल होगी। आप को मेरी बातें अगर लंतरानी लगें तो कोई ताज्जुब नहीं है। अपने लोकतंत्र और संविधान में लंतरानी हांकने में कोई रोक भी तो नहीं है। दुनिया के तमाम अविष्कार सही सिद्ध होने के पहले लंतरानी ही माने गए हैं। अब यह अलग बात है ज्यादातर लंतरानी बिना पेंदे की होती हैं और उनकी हैसियत मात्र कबाड़ की होती है।

-फेसबुक वॉल से

# प्रोत्साहन ज्यादा, सख्ती कम



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

हम बाहरी तौर पर कुछ भी कह दें, लेकिन अपने बच्चे के सुरक्षित भविष्य को लेकर चिंतित जरूर रहते हैं, उसके अच्छे अंक आते हैं, वह अच्छे पद पर कार्यरत होता है तो स्वाभाविक तौर पर हमें अच्छा लगता है, यह सच्चाई है।

बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आ चुके हैं। बहुत सारे लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से अखबारों में, टीवी में अपने विचार रखे हैं कि बच्चों को अधिक नंबर लाने के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए और माता-पिता को अपने बच्चों के नंबर सोशल मीडिया में शेयर नहीं करने चाहिए। इससे कम अंक लाने वाले बच्चे हतोत्साहित होते हैं और उनमें दुष्प्रभाव पड़ता है। बुद्धिजीवियों के, मनोचिकित्सकों के अपने-अपने सुझाव हैं। बहुत अधिक सीमा तक यह बात सच है। आपसी तुलना या आलोचना तो हम बड़े लोग ही बर्दाश्त करने की क्षमता नहीं रखते हैं, फिर बच्चे तो बच्चे ही हैं।

14-15 साल की उम्र में मानसिक रूप से परिपक्व भी नहीं हो पाते हैं। हर बच्चे की क्षमता अलग है। उसे समझकर ही उसके करियर और भविष्य के बारे में योजना बनानी चाहिए, लेकिन मेरा सोचना है कि स्वस्थ रूप से की गई तुलना और प्रोत्साहन की प्रवृत्ति कभी-कभी गजब का काम भी करती है। ऐसे कई उदाहरण हैं जब इस दुनिया में दूसरों के बड़े और अच्छे कामों को देखकर ही लोगों ने आगे बढ़ने की कोशिश की है और सफल भी हुए हैं। मेरा मानना है कि एक स्वस्थ तुलना कभी-कभी बच्चे के करियर को नई दिशा भी प्रदान करती है, पर इसे लानत के तौर पर इस्तेमाल नहीं करना है। साथ ही बच्चे को भी इस बात का एहसास दिलाना है कि उसे अपनी क्षमता के अनुरूप ही काम करना है। क्षमता एक ऐसी वस्तु है जिसे इच्छा शक्ति के द्वारा कुछ हद तक बढ़ाया जा सकता है। एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि बच्चा किस क्षेत्र में अपना कैरियर बनाएगा, यह कौन तय करे। माता-पिता, शिक्षक या बच्चा खुद? मेरे विचार से बच्चों को खुद अपना भविष्य तय करने की आजादी देनी चाहिए, लेकिन फिर वही बात कि इस उम्र में बच्चे परिपक्व नहीं होते और अपने भविष्य के बारे में निर्णय करने में पूरी तरह से समर्थ नहीं होते।

ऐसे में शिक्षकों और माता-पिता का मार्ग दर्शन और प्रोत्साहन बच्चों के लिए बहुत जरूरी है। कई बार अभिभावक साल भर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से वास्ता नहीं रखते। यह नहीं देखते कि वह स्कूल में ढंग से पढ़ाई कर रहा है या नहीं और अगर ट्यूशन या कोचिंग के बहाने घर से बाहर जा रहा है तो क्या समय से आ जा रहा है? उसकी संगत कैसी है। मोबाइल पर कितना समय व्यतीत करता है, लेकिन रिजल्ट के समय कम अंक देखकर बच्चे पर बरस पड़ते हैं। यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। बच्चे के साथ थोड़ा बहुत सख्ती भी जरूरी है, लेकिन यह अन्याय और मारपीट के रूप में न हो। परिवार का माहौल ही कुछ ऐसा हो कि बच्चे कुछ नियमों से बंधे रहें। शुरुआत में मैंने भी महसूस किया कि पेरेंटिंग एक जटिल विषय है, लेकिन धीरे-धीरे जब माता-पिता की भूमिका निभाते हुए जीवन में परिपक्वता आई तो महसूस किया कि अगर बच्चों के मन को थोड़ा समझ लिया जाए तो कोई मुश्किल नहीं है। बिटिया ने बिना किसी ट्यूशन के सेल्फ स्टडी और अपने पिता की मदद से पीसीएम विषय के साथ अच्छे अंकों से 12 वीं पास की और अपने स्कूल में अपनी ब्रांच की सेकंड टॉपर रही, लेकिन उसने मंतव्य बता दिया कि मैं आगे साइंस न पढ़कर ह्यूमैनिटीज पढ़ूगी और इंजीनियरिंग के कोई एग्जाम भी नहीं दूंगी।

हमने उसके इस निर्णय का स्वागत किया और उसने दिल्ली विश्वविद्यालय के अच्छे कॉलेज से पढ़कर केंद्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से नौकरी पाकर समाज में अपना स्थान बनाया। चार साल बाद बेटे ने पीसीएम विषय के साथ ही अच्छे अंकों से 12 वीं पास की। 11 वीं से ही उसका रुझान जेईई की तरफ था, जिसे हमने पहचाना और उसे प्रोत्साहित किया। उसने भी बिना किसी कोचिंग या ट्यूशन के सिर्फ स्वाध्याय के बल पर जेईई एडवांस्ड परीक्षा पास करके आईआईटी में दाखिला प्राप्त किया। कभी-कभी कुछ सवाल लेकर अपने शिक्षक के पास चला जाया करता था, लेकिन इन सात-आठ वर्षों के दौरान माता-पिता के तौर पर हमें भी कुछ त्याग करने पड़े थे। मेरे पति जो खुद अपने विद्यार्थी जीवन में एक अच्छे छात्र रहे हैं और एक सफल इंजीनियर और प्रशासनिक अधिकारी हैं। बेटे को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने वर्षों बाद फिर से रजिस्टर और पेन थामा। कुछ टेस्ट सीरीज बेटे को लाकर दीं। जिसे ऑफिस से आने के बाद वे खुद भी हल करते थे। पिता-पुत्र में एक स्वस्थ प्रतियोगिता चलती थी। कभी-कभी रात सोने में भी काफी देर हो जाती थी और मैंने दो वर्षों तक यह महसूस किया कि मेरे घर में बोर्ड की परीक्षा देने वाला एक नहीं, बल्कि दो बच्चे हैं। इस दौरान थोड़ा घूमना-फिरना कम हुआ। टीवी और सोशल मीडिया का इस्तेमाल तो घर में हमेशा से ही बहुत कम रहा।

दरअसल कई बार माता-पिता बच्चों को अपनी धरोहर समझ बैठते हैं जिससे वे एक स्वतंत्र व्यक्तित्व के रूप में विकसित नहीं हो पाते। बच्चे को कोचिंग के लिए कोटा या घर से बाहर भेजने का माता-पिता का एकल निर्णय कई बार घातक साबित होता है। उसकी मर्जी को जानना जरूरी है और अगर वह वहां जाकर सामंजस्य नहीं बना पाता है तो इस बारे में जानकारी रखना और उसे वापस लेकर आना भी माता-पिता का कर्तव्य है। हम बाहरी तौर पर कुछ भी कह दें, लेकिन अपने बच्चे के सुरक्षित भविष्य को लेकर चिंतित जरूर रहते हैं, उसके अच्छे अंक आते हैं, वह अच्छे पद पर कार्यरत होता है तो स्वाभाविक तौर पर हमें अच्छा लगता है, यह सच्चाई है। भले ही सामाजिक तौर पर हमारी स्वीकारोक्ति न हो।

# लघु कथाकार एलिस का चला जाना



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

साहित्य के प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार की विजेता एलिस मुनरो का कल कनाडाई नगर ओंटारियो में निधन हो गया। वे 92 वर्ष की थीं। मतिभ्रम से पीड़ित थीं। लघुकथा लेखिका के रूप में मशहूर एलिस की समता भारतीय लघुकथाकार मुल्कराज आनंद और आरके नारायण से की जाती है।

रूसी कथाकार एंटोन चेखोव और एलिस में काफी सादृश्य देखा गया। एलिस की लघुकथाओं के अधिकांश पात्र महिलाएं होती थीं। एक समूची नई पीढ़ी के पाठकों को उनका प्रशंसक माना जाता रहा। इनमें अधिकतर आंचलिक युवजन थे, जो मध्यम वर्ग के रहे। वे उनके बड़े प्रशंसक थे। उनमें सहलेखक वर्ग एलिस के महानतम प्रशंसक हैं। एलिस के समालोचकों ने कहा :'एलिस को पढ़ने से लगता है कि अपने वैसा कभी पहले नहीं पढ़ा था।' उनकी कहानियां सरल गद्य शैली में मानवीय जटिलताओं का पता लगाती हैं। उनके लेखन ने चेखव के समान एक महान लेखक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा स्थापित की। नोबेल पुरस्कार के अलावा, मुनरो को समकालीन लघु कहानी शैली में उनके काम के लिए कई पुरस्कार मिले। उन्हें अपने जीवन भर के काम के लिए 2009 में प्रतिष्ठित मैन बुकर इंटरनेशनल पुरस्कार मिला।

वह फिक्शन के लिए कनाडा के गवर्नर जनरल पुरस्कार की तीन बार विजेता भी रहीं और उन्हें राइटर्स ट्रस्ट ऑफ कनाडा का 1996 मैरियन एंगेल पुरस्कार और रनवे के लिए 2004 रोजर्स राइटर्स ट्रस्ट फिक्शन पुरस्कार मिला, मगर 2013 के आसपास उन्होंने लिखना लगभग बंद कर दिया था। अपना उपनाम एलिस ने 'मल्लिका' रखा था। अर्थात् बेलवाला, सुगंधित पुष्प, कुटज वृक्ष, करुण पेड़ आदि। भारतीय शब्दों से कितना सामीप्य और साम्य।

# पीएम की जनसभा आज पांच चक्रीय अभेद्य सुरक्षा

## भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

प्रतापगढ़

**अमृत विचार:** पांचवें चरण के लिए कौशाम्बी में 20 मई व प्रतापगढ़ संसदीय सीट पर छठवें चरण में 25 मई को वोटिंग होगी। भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने के लिए 16 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीआईसी मैदान पर आ रहे हैं। अभेद्य सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। वह पांच चक्रीय सुरक्षा में रहेंगे।

शहर के जीआईसी ग्राउंड में 16 मई को आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच चक्रीय अभेद्य सुरक्षा घेरे में रहेंगे। जमीन से लेकर आसमान तक सुरक्षा कवच रहेगा। पांच चक्रीय सुरक्षा प्लान अभेद्य है। भाषण के समय प्रधानमंत्री एसपीजी के घेरे में रहेंगे तो एसपीजी स्नाइपर्स से लेकर एटीएस कमांडो, स्पेशल एसआई टीम और अंतिम घेरे में स्थानीय पुलिस मौजूद रहेगी। सुरक्षा में लगे अफसर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे मैदान और हैलीपैड की पल-पल की गतिविधियों पर आंखें गड़ाए रहेंगे। अफसरों ने सुरक्षा की रणनीति को अंतिम रूप दिया। इसमें प्रधानमंत्री के आगमन, उनका गाड़ी में बैठना, मंच पर पहुंचना, वहां से वापस लौटना, फिर गाड़ी में सवार होना और हैलीपैड स्थल तक जाने के साथ रूट डायवर्जन और पार्किंग को लेकर रिहर्सल किया गया।

पीएम की सुरक्षा में एसपीजी, स्नाईपर्स, कमांडो, पीएसी और स्थानीय पुलिस रहेगी। सभास्थल की 100 से 200 मीटर की परिधि में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। मंडलायुक्त प्रयागराज, एडीजी भानु भाष्कर समेत आला अधिकारियों ने पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड व जीआईसी का भ्रमण कर जायजा लिया। डीएम संजीव रंजन व एसपी सतपाल अंतिल ने बुधवार को व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को निर्देश देते रहे। एसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि पीएम की सुरक्षा अभेद्य रहेगी। सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।


जीआईसी ग्राउंड पर प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम की तैयारी का निरीक्षण करते एडीजी भानु भास्कर, डीएम और एसपी। अमृत विचार

### सीएम को काला झंडा दिखाने वाला सपा नेता पुलिस हिरासत में

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर पुलिस अलर्ट है। दिलीपपुर पुलिस ने करमाही गांव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर 15 दिसंबर 2018 में काला झंडा दिखाने वाले सपा नेता अरविंद यादव उर्फ गुड्डू निवासी मरुआन को दिलीपपुर पुलिस ने बुधवार को हिरासत में ले लिया। अरविंद यादव उर्फ गुड्डू सपा के सक्रिय कार्यकर्ता और पदाधिकारी हैं। पुलिस ने उन्हें अपनी निगरानी में रखा है। एसओ दिलीपपुर राधेश्याम ने बताया की सुरक्षा के दृष्टिकोण से ऐसा किया गया।

## हत्या के दोषी पति-पत्नी को उम्रकैद

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जिला सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए सिंका देवी पत्नी अनिल कुमार व अनिल कुमार गौतम निवासी रामपुर कल्हवारी, थाना जेठवारा को आजीवन कारावास व दोनों को 20-20 हजार रुपये अर्थदण्ड से दंडित किया। वादी मुकदमा विद्या देवी पत्नी कमलेश कुमार निवासी सिरसा थाना जेठवारा ने 2 अप्रैल 2020 को थाना जेठवारा में प्रार्थना पत्र दिया कि 1 अप्रैल 2020 को दोपहर मेरे देवर 38 वर्षीय राजेश गौतम को मेरे बगल के गांव के अनिल कुमार भट्ठे से बुलाकर ले गये, मेरे देवर राजेश गौतम का अनिल की पत्नी सिंका देवी जो लुधियाना की रहने वाली है से अवैध संबंध हो गया था। उन्हें संबंधों के कारण अनिल ने मेरे देवर को झांसा देकर बुलाया अनिल ने अपनी पत्नी सिंका व अन्य के साथ मिलकर धारदार हथियार से सिर पर वार किया। उसकी हत्या करके गांव के बाहर जंगली बबूल के पेड़ के बगल स्थित रामचरण के खेत में उसकी शव को फेंक दिया। राज्य की ओर से पैरवी डीजीसी योगेश कुमार और डीजीसी विक्रम सिंह ने की है।

# प्रयागराज में लू का अलर्ट जारी, 45 डिग्री होगा पारा


तेज धूप के कारण सड़कों पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

प्रयागराज

**अमृत विचार:** प्रयागराज में तेज धूप और गर्मी से लोग अब बेहाल हो रहे है। मौसम विभाग ने लू का अलर्ट जा री कर दिया है। कल से लगातार तीन दिनों तक गर्म हवाओं के बीच 45 डिग्री तापमान होगा।

बीते कुछ दिनों से कुछ राहत थी। सोमवार से अचानक बढ़ी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। मंगलवार को तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस रहा। सोमवार को इससे ज्यादा गर्मी रही। वहीं बुधवार को तेज गर्म हवाओं और कड़क धूप के कारण अब गुरूवार से शनिवार यानी तीन दिनों तक भीषण गर्मी और लू का कहर बना रहेगा। मौसम विभाग ने लू का अलर्ट जारी कर दिया है। गुरूवार से तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

### अस्पताल में बढ़ रहे मरीज

भीषण गर्मी और लू कर चलते का बीमार भी होना शुरु हो गये है। लोग बुखार, पेट दर्द और वीकनेस की समस्या को लेकर डॉक्टरों के पास इलाज कराने पहुंच रहे है। पिछले तीन दिनों की बात करें तो अस्पतालों में ओपीड़ी खाली नही पा रही है। लोग सरकारी अस्पताल के बदले प्राइवेट डॉक्टरों के पास इलाज के लिये पहुंच रहे है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**पट्टी प्रतापगढ़ अमृत विचार :** चांदा मार्ग पट्टी के महरुपुर गेट के पास बुधवार की शाम करीब सात बजे ट्रैक्टर और बाइक में आमने-सामने भिडंत में बाइक सवार की मौत हो गई। सुल्तानपुर जिले के चांदा थाना क्षेत्र के देवलपुर निवासी 35 वर्षीय संगम लाल धुरिया बुधवार की शाम बाइक से पट्टी आ रहे थे। शाम करीब सात बजे जैसे ही वह पट्टी चांदा मार्ग के महरुपुर गेट के पास पहुंचा सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पीआरवी 112 ने घायल को एंबुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी पट्टी भेजा। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पट्टी कोतवाल आलोक कुमार ने हादसे की जानकारी से अनभिज्ञता जताई।

## सार-संक्षेप

### फूलपुर के निर्दलीय प्रत्याशी नफीस अहमद पर केस दर्ज

**प्रयागराज, अमृत विचार :** फूलपुर लोकसभा संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशी नफीस अहमद के व्यय लेखा रजिस्टर प्रस्तुत न करने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने कर्नलगंज थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। लोकसभा के सामान्य निर्वाचन अधिकारी अभिषेक कुमार ने कर्नलगंज थाने में रिर्पोट दर्ज करा दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोप है कि निर्दल प्रत्याशी नफीस अहमद 11 मई को व्यय-लेखा रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किया। इसके खिलाफ उनको नोटिस जारी कर 48 घंटे का समय दिया गया। लेकिन उसके बाद भी उन्होंने व्यय रजिस्टर जमा नहीं किया। दो दिन बाद फिर निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशी खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया।

### चलती कार में फ़ार्मासिस्ट को आया हार्ट अटैक, मौत

**प्रयागराज।** हंडिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात फार्मासिस्ट की चलती कार में हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। फार्मासिस्ट प्रमोद यादव (50) उपरदहां स्थित हंडिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात थे। वह झूसी थाना क्षेत्र के मुंशी का पूरा गांव। में किराए के मकान में रहते थे। वह अपनी कार से ही रोज अस्पताल जाते थे। बुधवार को भी वह घर से अस्पताल के लिए निकले थे। घर से कुछ दूर झूसी-सोनौटी मार्ग पर साढ़े नौ बजे पहुंचे थे कि उनको अटैक आ गया। घबराहट में उन्होंने कार को सड़क के किनारे खड़ा कर दिया। वह ड्राइविंग सीट पर लुढ़के थे और कार में अकेले ही थे। काफी देर तक उनको ड्राइविंग सीट पर बेहाल देख लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। करीब 12 बजे पुलिस पहुंची तो उनकी मौत हो चुकी थी। जेब से मिले परिचय पत्र के आधार पर उनके फार्मासिस्ट होने की जानकारी हुई। घटना की जानकारी पुलिस ने परिजनों को फोन पर दे दी।

### डिवाइडर से टकराई कार बाल-बाल बच्चे लोग

**नैनी, अमृत विचार :** नैनी केफूल मंडी चौराहे के आगेनए पुल के पास अचानक एक कार डिवाइडर से टकरा गई। कार में बैठे तीन लोग बाल- बाल बच गए। जबकि कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। नैनी गुरु नानक नगर के रहने वाले राजकुमार श्रीवास्तव दो अन्य लोगों के साथ शहर से कार मे सवार होकर नैनी वापस जा रहे थे। अचानक नये पुल के पहले पहुंचेऔर डिवाइडर से उनकी कार टकरा गई। फिलहाल घटना में कोई घायल नहीं हुआ है केवल कर क्षत्रिग्रस्त हुई है। बताया जा रहा है कि वहां परडिवाइडर तो बना दिया गया लेकिन रोशनी ना होने की वजह से वहां अंधेरा रहता है जिससे कई बार घटनाएं हो चुकी है।

### पत्रकार के हत्या का मुख्य आरोपी मुंबई में गिरफ्तार

**शाहगंज, जौनपुर, अमृत विचार :** पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव हत्याकांड के आरोपी साजिशकर्ता को पुलिस ने मुंबई में गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। सीओ शाहगंज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को भीमण्डी थाने में रखा गया है ट्रांजिट रिमांड पर लेकर जौनपुर लाने की कार्रवाई की जा रही है सीओ ने बताया कि आशुतोष की हत्या के खुलासे के लिए कई टीमें लगाई गई है।जिसमे पूछताछ और जांच में सबरहद गांव के निवासी जमीरउद्दीन कुरैशी नाम प्रकाश में आने के बाद एक टीम मुंबई भेजा गया था जहां पर महाराष्ट्र पुलिस के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया गया हैं। गिरफ्तार आरोपी के ऊपर 16 मुकदमे दर्ज हैं तथा कुख्यात गो तस्कर हैं।

### बोलेरो व बाइक की आमने-सामने टक्कर, युवक की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के औरा गांव निवासी 25 वर्षीय राकेश कुमार अपनी मां के साथ बाइक से कंही जा रहा था कि जैसे ही मझिगवां गांव में पंहुचा कि सामने से आ रहे तेजगति से बोलेरोवाहन से भिड़ंत होने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया वंही वाहन चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया है। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल बाइक सवार युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### बसंती देवी आईटीआई में रोजगार मेला का आयोजन


बसंती देवी आईटीआई में सुजुकी मोटर्स गुजरात द्वारा रोजगार मेले का किया आयोजन।

**शाहगंज, जौनपुर। अमृत विचार :** नगर के पक्का पोखरा रेलवे फाटक स्थिति बसंती देवी आईटीआई में सुजुकी मोटर्स गुजरात द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा करीब 75 अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा ली गई। लिखित परीक्षा में सफल 58 अभ्यर्थियों का फाइनल चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया गया। गुजरात से आए कंपनी के प्रतिनिधि योगेश जोशी और प्रशांत गोस्वामी ने बताया कि चयनित छात्रों का समायोजन सुजुकी मोटर्स के गुजरात स्थिति प्लांट में किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों का कुल वेतन 21500/ सीटीसी दिया जायेगा। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी की समस्त सुविधाएं जैसे कैंटीन, हॉस्टल, पी एफ, यूनिफॉर्म ट्रांसपोर्टेशन आदि प्रदान की जाएगी। रोजगार मेला को सफल बनाने में जेसीआई शाहगंज सिटी के अध्यक्ष जेसी राम अवतार एवम् उनकी टीम का विशेष योगदान रहा रोजगार मेला में बिहार, बलिया, सीतापुर, प्रयागराज, वाराणसी, जौनपुर, आजमगढ़, अकबरपुर, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ आदि जिलों के अभ्यर्थी शामिल हुए प्रबंधक डॉ राजकुमार मिश्र ने परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। निदेशक दिवाकर मिश्र ने संस्थान में रोजगार का अवसर प्रदान करने के लिए कंपनी के प्रतिनिधि श्री गोस्वामी को धन्यवाद दिया। ज्ञाना इंटरनेशनल प्ले स्कूल शाहगंज की प्रधानाचार्य डॉ अनामिका मिश्रा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। जेसीज के जोन ट्रेनर जेसी रविकांत जायसवाल ने अपने संबोधन में अभ्यर्थियों नौकरी के लिए जाने के लिए प्रेरित किया। संचालन जेसीआई शाहगंज के सचिव जेसी वीरेंद्र जायसवाल और विकास जायसवाल द्वारा किया गया। रोजगार मेला को सफल बनाने में जेसीज के रवि अग्रहरी, रोहित अग्रहरी, दीपक सिंह, सुशील कुमार और संस्थान के स्टाफ इश्नारायण मिश्र, सुनील तिवारी, सुरेंद्र प्रजापति, राजेश यादव, अजीम, रतन भंडारी आदि का प्रमुख योगदान रहा।

### मां भगवती जागरण 18 मई को

**नैनी ( प्रयागराज )।** विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी 18 मई को रात्रि में तकरीबन 9 :00 बजे से स्टेशन रोड, हनुमान नगर मोहल्ले में आठवां विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए कमेटी के अध्यक्ष राहुल जायसवाल ने क्षेत्रीय भक्तजनों से पहुंच कर माता रानी से आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

### बाइक के धक्के से महिला व बाइक सवार युवक घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** प्रयागराज जनपद के मांडा थाना क्षेत्र यादवपुर गांव निवासी 22 वर्षीय राजेश कुमार अपनी बहन को ससुराल छोड़कर वापस लौट रहा था कि जैसे ही कोटा शिव प्रताप सिंह बरौंधा संपर्क मार्ग पर पंहुचा कि सड़क पार कर रही कोटा शिव प्रताप सिंह गांव निवासी 65 वर्षीय नचकी को धक्का मार दिया जिससे बाइक सवार युवक व अधेड़ महिला घायल हो गई। दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया है।

## भूमि विवाद में युवक के अपहरण से मची सनसनी

**प्रयागराज, अमृत विचार:** सरायममरेज थाना क्षेत्र में दो सगे भाइयों पर अधिवक्ता भाई का अपहरण करवाकर जमीन को अपने नाम खिलवाने का मामला सामने आया है। साथी अधिवक्ता कृष्ण नंद सिंह ने बताया कि सरायममरेज के बीबीपुर निवासी रुद्ध प्रताप बिंद उनके पास क्लर्क का काम करता है। मंगलवार को उसके भाई रामजस और रामकृष्ण के साथ जमीन बंदवारे को लेकर विवाद हुआ था। उसके दोनों भाई उसके ऊपर दबाव बना रहे थे कि वह अपनी सारी जमीन पत्नी के नाम कर दो नहीं तो तुम्हारी हत्या करवा दूंगा। उसके देर बाद घर पर कार से 10 से 12 लोग आए और रुद्र प्रताप को जबरन अपने साथ कार में बैठाकर लेकर चले गए। वहीं शाम करीब साढ़े सात बजे 112 नंबर पर फोन कर मामले की शिकायत की उसके बाद सरायममरेज एसएचओ को घटना की सूचना दिए लेकिन आश्वासन के बाद भी पुलिस अभी रुद्र प्रताप का पता नहीं लगा पाई।

# टंकी गिरने से मलबे में दबने से मां-बेटे की मौत

**ईंट भट्ठे पर नहाते समय हुआ हादसा, 10 दिन पहले बनी थी पानी टंकी**

कंधई, प्रतापगढ़

**अमृत विचार:** सीमेंट से बनी पानी की टंकी गिरने से मलबे में दबकर बगल में नहा रहे मां और मासूम बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बाबा बेलखरनाथ धाम ब्लाक के कंधई थाना क्षेत्र के फेनहा गांव में गौतम ईंट भट्ठे पर बिलासपुर से पूरे परिवार के साथ 29 वर्षीय तारामती पत्नी छविलाल, तीन वर्षीय बेटे मोक्ष के साथ रहकर भराई और पथाई का कार्य करती थी। बुधवार को सुबह करीब आठ बजे मां, बेटे सीमेंट से बनी पानी की टंकी के बगल नहा रहे थे। इसी दौरान पानी का एकाएक भराव अधिक हो गया जिससे टंकी टूट गई। भरभरा कर गिरे मलबे में दबकर मां बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव के लोगों ने तुरंत उन्हें बाहर निकाला।



स्थानीय लोगों की मदद से पीआरवी वैन से राजा प्रताप बहादुर अस्पताल भेजवाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। महिला और मासूम बच्चे की मौत के बाद अस्पताल पहुंचे परिजन दहाड़ मारकर रोते रहे। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।एसओ कंधई प्रदीप कुमार ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## फंदा लगाकर दो युवकों ने दी जान

**कुण्डा, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** मानिकपुर थाना क्षेत्र के केशवपुर निवासी रामचंद्र के तीन बेटे हैं। जिसमें बड़ा बेटा रंजीत व छोटा बेटा अनूप परिवार के खर्च के लिए बाहर रहते हैं।

नशे के कारण संदीप आए दिन पत्नी रीतू से विवाद करता रहता था। मंगलवार को भी विवाद के बाद पत्नी मायके चली गई थी। जिसके बाद उसने गमछा से गला कस लिया। यह देख परिजन उसे सीएचसी कुंडा ले आये। यहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी जानकारी पर परिजन बिलखने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के तीन बच्चे हैं। दूसरी घटना में मानिकपुर के कालू का पुरवा में जाखामई निवासी 23 वर्षीय वीरेंद्र सोनकर 23 पुत्र फूलचंद्र ने परिजनों की डांट से नाराज होकर फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अर्धसैनिक बलों के ठहरने के लिए डीसीपी ने लिया जायजा


डीसीपी यमुनानगर ने अर्धसैनिक बलों के रुकने के लिए स्थल का किया निरीक्षण

नैनी, प्रयागराज।

**अमृत विचार:** पुलिस उपायुक्त यमुनानगर कमिश्नरेट की ओर से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर यमुनानगर जोन कमिश्नरेट क्षेत्र में अर्धसैनिक बलों के ठहरने के स्थानों का बुधवार को डीसीपी यमुनानगर श्रृद्धा नरेंद्र पाण्डेय ने निरीक्षण किया। वहा पर मूलभूत सुविधाओं का जायजा भी लिया।

प्रयागराज मे 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस और प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस लिया है। बुधवार को डीसीपी यमुनानगर श्रृद्धा नरेंद्र पाण्डेय ने अपने फोर्स के जीत यमुनानगर में अर्धसैनिकों के रुकने और उनकी मुलभूत सुविधाओं को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने कमरों के साथ पानी, बिजली और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमियां होने पर व्यवस्थाओं को पूरा करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने बताया की लोकसभा चुनाव मे आने वाली फोर्स के रुकने और अन्य व्यवस्थाओ को पूरा कराया जा रहा है, जिससे सैनिकों को किसी प्रकार की परेशानियां न हो।

# पांच हजार देकर युवक का करा दिया धर्म परिवर्तन

**शर्मिंदगी होने पर गंगा नदी में पहुंचकर युवक ने किया स्नान**

नैनी, प्रयागराज।

**अमृत विचार :** नैनी अरैल के रहने वाले अनिल भारतीय ने नैनी थाने पहुंचकर बुधवार को तहरीर दी है। युवक का आरोप है कि उसे उसके रिश्तेदारों के जीत कुछ लोगों ने मिलकर बुधवार को यमुना पुराने पुल के पास ले गए। अनिल को पांच हजार देने की। अनिल को पैसे की लालच आ गई और वह उनके साथ चला गया। अनिल ने बताया कि उसे पहले ले जाकर उसके ऊपर जल का छिड़काव किया गया। इसके बाद उसकी चंगाई करते हुए उसे क्रॉस का लॉकेट पहना दिया। इसके बाद कहा कि अब तुम्हारा धर्म परिवर्तन कर दिया गया है। अब तुम अपने साथ और लोगों को यहां लेकर आना। इसके बदले में आने वाले को पांच हजार मिलेगा और तुम्हें भी पैसा दिया जाएगा। इसके बाद अनिल पैसे लेकर वहां से अपने घर पहुंच गया। वह जब अपने मोहल्ले में पहुंचा तो लोग उसे देखकर हंसने लगे और उसका लॉकेट देखकर पूछने लगे। खुद को शर्मिंदगी महसूस करते हुए अनिल गंगा नदी में पहुंच कर स्नान किया और क्रॉस का लॉकेट फेक कर अपने घर लौट आया। घर लौटने बाद धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों ने उसके घर पहुंच कर उसे जमकर मारा पीटा। कहा कि अगर तुमने दोबारा पूजा की तो जान से मार दिए जाओगे। पीड़ित अनिल भारतीय ने थाने पहुंच कर नैनी पुलिस से शिकायत की है। मामले में नैनी इंस्पेक्टर यशपाल सिंह का कहना है कि युवक की तहरीर पर जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# बंसराज स्कूल के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन

शाहगंज, जौनपुर

**अमृत विचार :** स्थानीय क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालयों में से एक बंसराज मेमोरियल सनराइज पब्लिक स्कूल मजडीहा शाहगंज का सीबीएसई बोर्ड के रिज़ल्ट में दबदबा रहा। विद्यालय का रिज़ल्ट शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में दिव्यांका गुप्ता पुत्री सुजीत गुप्ता ने 93 .4 प्रतिशत, शान्या यादव पुत्री वीरेंद्र प्रताप यादव ने 92 प्रतिशत, अमित पुत्र अमीर चन्द्र ने 88 प्रतिशत, राजकुमार 86 .04 प्रतिशत, प्रवीन मौर्या 85 प्रतिशत, साक्षी प्रजापति 84 प्रतिशत, जान्हवी प्रजापति 81 .02 प्रतिशत, वैष्णवी अग्रहरी 81 प्रतिशत, मोहम्मद अहमद 80 .04 प्रतिशत, शिवा पाण्डेय 80 प्रतिशत, अमन मौर्या 79 .02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया वहीं अंशिका सोनकर 81 .02 प्रतिशत, मौसम यादव 80 प्रतिशत, आयुष प्रजापति 80 प्रतिशत, शाह जोया फतीमा 79 प्रतिशत, अक्सा आलम ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का रोशन किया। इसी तरह इण्टरमीडिएट की परीक्षा में आकृति अस्थाना पुत्री मनोज कुमार अस्थाना ने 93 .04 प्रतिशत, नैंसी मौर्या पुत्री अनिल मौर्या 91 .02 प्रतिशत, सुप्रिया तिवारी पुत्री सुरेंद्र कुमार तिवारी 89 प्रतिशत, रुद्रेश राजवंश 87 .02 प्रतिशत, प्रवीन मौर्या 85 प्रतिशत, श्री गोपालक 93 प्रतिशत, अंशिका सोनकर 81 .02 प्रतिशत, मौसम यादव 80 प्रतिशत, आयुष प्रजापति 80 प्रतिशत, शाह जोया फतीमा 79 प्रतिशत, अक्सा आलम ने 77 प्रतिशत प्राप्तकर स्कूल में अपना परचम लहराया विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार पाठक ने बच्चों को तिलक लगाकर व माला पहनाकर उत्साहवर्धन करते हुए मिठाई खिलाई। इस अवसर पर स्कूल के फाउण्डर डॉ . ज्ञानचंद्र चित्रवंशी, डायरेक्टर जागृति चित्रवंशी ने बच्चों को बधाई दी और कहा कि विद्यालय बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कृत संकल्प है। विद्यालय की मैनेजर प्रियंका चित्रवंशी ने सभी बच्चों को उनके बेहतर रिज़ल्ट के लिए बधाई दी और कहा कि शाहगंज क्षेत्र में विद्यालय अपनी बेहतर शिक्षा गुणवत्ता के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर विद्यालय के कोऑर्डिनेटर अमित मिश्रा, हशम मेंहदी, साक्षी चौहान, अनुराग पाण्डेय, रिज़वान, सुजीत, संदीप, हाज़िक, अमानत अली, मानिक चंद यादव, निकेतन, राजन सिंह आदि उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य बृजेश कुमार पाठक ने सफल सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के कामना करते हुए अभिभावकगण को बधाई दी।



रिजल्ट आने के बाद बच्चों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

# मिर्जापुर में स्थिति साफ, 10 प्रत्याशी लड़ेंगे चुनाव

**जांच में वैध पाए गए पर्चे, 36 प्रत्याशियों ने भरा था पर्चा**

**अनुप्रिया पटेल मनीष कुमार, रमेश चन्द्र का नामांकन पत्र वैध पाया**

मिर्जापुर

**अमृत विचार:** मिर्जापुर संसदीय क्षेत्र के लिये कुल 36 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। बुधवार को संवीक्षा के पश्चात कुल 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य राजनीतिक दलों के वैध पाये गये। इसके साथ ही चुनाव की स्थिति लगभग साफ होने लगी है। जांच के दौरान जिलाधिकारी के अलावा प्रेक्षक गण भी मौजूद रहे।

अभ्यर्थियों में अनुप्रिया पटेल अपना दल (सोनेलाल), मनीष कुमार बहुजन समाज पार्टी, रमेश चन्द्र समाजवादी पार्टी का नामांकन पत्र वैध पाया गया। इसके अतिरिक्त अनिल कुमार एकलव्य समाज पार्टी, दौलत सिंह अपना दल (कमेरावादी), रामधनी राष्ट्रीय समाज पक्ष, सत्य देव पूर्वांचल महापंचायत, समीर सिंह आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक का नामांकन पत्र वैध पाया गया। राजेश एवं लालजी वर्मा निर्दलीय का भी नामांकन पत्र वैध पाया गया।


जांच के दौरान मौजूद जिलाधिकारी व प्रेक्षक गण। अमृत विचार

### मतदान पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण

**मिर्जापुर, अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक एम वल्ललार व जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने पालीटेक्निक पहुंकर पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल व मतगणना के लिये चल रही समस्त तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी व प्रेक्षक द्वारा पालीटेक्निक के प्रत्येक कक्ष में भ्रमण कर बनाये जा रहे मतगणना स्थल का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस प्रेक्षक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल, जिला उद्यान अधिकारी मेवा राम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर गोवा लाल उपस्थित रहें।

## नाबालिग के साथ दुराचार का प्रयास

**कोरांव/नैनी, अमृत विचार :** कोरांव थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ दुराचार का मामला प्रकाश में आ रहा है। भुक्तभोगी के परिवार से पुलिस को शिकायत की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई।

जानकारी के मुताबिक कोरांव स्थित एक घर में नाबालिग लड़की घर में अकेली थी। आरोप है कि उसी का फायदा उठाते हुए उसका पड़ोसी घर में घुस गया और जबरन उसके साथ दुराचार की कोशिश करने लगा। इस पर लड़की ने शोर मचाना शुरू किया। संयोगवश परिवार के लोग उसी दौरान पहुंच गए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। शिकायत करने पर घर की एक महिला की भी पिटाई कर दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सपा प्रत्याशी के समर्थन में विधायक सक्रिय

प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** सपा (इंडि .गठबंधन) प्रत्याशी डॉ . एसपी सिंह पटेल ने बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ चुनाव को लेकर मंथन किया। बैठक के बाद प्रचार में पार्टी के दोनों विधायक सक्रिय नजर आए। नगर के मीराभवन स्थित पार्टी कार्यालय पर बैठक में डॉ . एसपी ने कहा कि जनता भाजपा की केंद्र और राज्य दोनों सरकारों की वायदा खिलाफी से इंडिया गठबंधन के पक्ष में जनादेश का मन बना चुकी है। ऐसे में हम सभी को इंडिया गठबंधन और सपा के चुनावी एजेण्डे को भी लोगों के बीच मेहनत के साथ पहुंचाना चाहिए। बैठक में पट्टी विधायक राम सिंह पटेल व रानीगंज विधायक डॉ . आरके वर्मा ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चुनावी रणनीति पर अपने विचार रखे। विधायक डॉ . आरके वर्मा एवं राम सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इस मौके पर सपा जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव, आशुतोष पांडेय, वासिक खान, जावेद खान, जगदीश मौर्य, पूर्व एमलसी आनंद भूषण सिंह बब्बू राजा, एडवोकेट विनोद पांडेय, पप्पू यादव, विजय यादव, डॉ .शेर बहादुर यादव, गुलफाम खान, निसार अहमद, मनीष पाल, सियाराम यादव, जैनुल हसन, राजकुमार, हरीश शुक्ला समेत लोग मौजूद रहे। इसके बाद डॉ . एसपी पटेल ने शहर में अधिवक्ताओं से मिलकर समर्थन मांगा। पूर्व एमएलसी सपा नेत्री कांति सिंह पटेल ने भी विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र के नंदा का पुरवा, खुर्दहा बलापुर, बछुआ बनी, बहलोलपुर समेत गांवों में जनसंपर्क कर वोट और समर्थन मांगा। उनके साथ विश्वनाथगंज विधायक डॉ .आरके वर्मा ने भी जनसम्पर्क किया।


सपा कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते विधायक डा .आरके वर्मा

# सियासत का बदलापुर बन गया इस बार मुजफ्फरपुर

**चुनौती नई, लड़ाई वही**

- दो बार भाजपा से जीते सांसद अजय निषाद इस बार कांग्रेस की तरफ से उतरे हैं मैदान में
- पिछली बार महागठबंधन से लड़े राजभूषण निषाद को भाजपा ने बनाया है उम्मीदवार

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार:** बिहार में पांचवें चरण में जिन लोकसभा सीटों पर मतदान होगा, उनमें शाही लीची के लिए प्रसिद्ध और एक जमाने में समाजवादी नेता जार्ज फर्नांडीज के नाम से जाना जाने वाला मुजफ्फरपुर क्षेत्र भी है। लेकिन मुजफ्फरपुर का इस बार का लोकसभा चुनाव थोड़ा अजब-गजब है। इस बार के चुनावी मुकाबले को लेकर कहा जा रहा है कि यह लंगोट बदल कर लड़ने वाले सियासी पहलवानों के दांव-पेच के लिए याद किया जाएगा। मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट पर 2019 में भाजपा से चुनाव लड़कर दूसरी बार सांसद बने अजय निषाद इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंक रहे हैं। इसके दूसरी तरफ 2019 में महागठबंधन की तरफ से वीआईपी के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले राज भूषण निषाद इस बार एनडीए की तरफ से भाजपा के उम्मीदवार हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि क्या भाजपा यहां अपनी जीत की हैट्रिक लगाएगी या अजय निषाद अपनी जीत का सिलसिला कायम रखते हुए तीसरी जीत दर्ज करने में सफल रहेंगे। भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी निषाद जाति के होने के कारण इस बार निषाद मतों के साथ सवर्ण और मुस्लिम मतदाता निर्णायक माने जा रहे हैं।


अजय निषाद।


राजभूषण निषाद।

### एक दूसरे के मतों में सेंधमारी और निषाद मतों पर छिड़ा घमासान

- मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से दो बार के भाजपा सासंद और इस बार कांग्रेस के उम्मीदवार अजय निषाद के पिता जय नारायण निषाद मुजफ्फरपुर से तीन बार सांसद चुने गए थे। इस कारण अजय निषाद की सजातीय मतों पर अच्छी पकड़ है। 10 साल भाजपा का सांसद रहने के कारण भाजपा समर्थक मतों में सेंध लगा सकते हैं। कांग्रेस का उम्मीदवार होने के कारण सवर्णों का भी मत हासिल कर सकते हैं। आरजेडी और तेजस्वी यादव के प्रभाव से मुस्लिम-यादव थोक वोट मिल सकते हैं। इसके साथ ही उनके समर्थन से वीआईपी की भी अग्नि परीक्षा है। वीआईपी के मुकेश सहनी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि वह कितना वोट अजय निषाद के पक्ष में ला सकते हैं, क्योंकि यहां उनके दल का आधार है। उधर पिछली बार महागठबंधन में शामिल वीआईपी के टिकट से चुनाव लड़े राजभूषण चौधरी के लिए भी स्थितियां इस बार बदली हुई हैं। नीतीश कुमार के प्रभाव से राजभूषण को कुर्मी, कोयरी और अति पिछड़ा वोट हासिल हो सकता है। चिराग पासवान के कारण दलित वोट भी मिल सकता है।

### पांच बार सांसद चुने गए थे जार्ज फर्नांडीस

- मुजफ्फरपुर सीट से दिग्गज समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडीस चुनाव जीतकर संसद पहुंचते थे। फर्नांडीस ने इमरजेंसी के बाद 1977 का लोकसभा चुनाव जनता पार्टी के टिकट पर जेल के अंदर रहकर लड़ा था और कांग्रेस के खिलाफ रिकार्ड वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। जॉर्ज फर्नांडीस मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से पांच बार सांसद चुने गए थे।

### स्मार्ट सिटी के अधूरे काम बरसात में डूब जाता शहर

- मुजफ्फरपुर में सबसे बड़ा मुद्दा स्मार्ट सिटी के काम हैं। 966 करोड़ रुपये के स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में अभी तक सिर्फ 570 करोड़ रुपये खर्च हुए है। शेष बची आठ योजनाएं अभी शुरू ही नहीं हो सकी हैं। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर बाईपास का काम अधूरा है। समस्तीपुर से मुजफ्फरपुर के बीच ट्रेन की मांग पूरी नहीं हो पा रही है। बरसात में जलभराव होने से पूरा शहर साल डूबता है। हालांकि मुजफ्फरपुर को सुपर स्पेशलिटी हॉसपिटल की सौगात मिली है। एनएच मुजफ्फरपुर-बरौनी को फोरलेन बनाने की योजना पर भी हरी झंडी मिल गई है। इसके अलावा मुजफ्फरपुर रेलवे जंक्शन को 2026 तक विश्वस्तरीय बनाने का काम शुरू किया गया है।

- **पहला चुनाव दो तो दूसरा चार लाख से जीते थे** : 2014 के लोकसभा चुनाव में मुजफ्फरपुर सीट भाजपा के खाते में आई थी। भाजपा प्रत्याशी अजय निषाद ने कांग्रेस उम्मीदवार दिग्गज नेता अखिलेश प्रसाद सिंह को दो लाख से अधिक वोटों से हराया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से अजय निषाद फिर जीते। इस बार उन्होंने महागठबंधन की तरफ से उतरे विवेकशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के उम्मीदवार राजभूषण निषाद को चार लाख से अधिक वोटों से हरा दिया।
- **भाजपा-आरजेडी के दो-दो, जेडीयू और कांग्रेस का एक-एक विधायक** : मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट के अंतर्गत छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। दो विधानसभा सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। दो विधानसभा सीटों पर आरजेडी का कब्जा है, जबकि एक-एक सीट पर विधायक जेडीयू और कांग्रेस से है।

**2019 के पिछले चुनाव में भाजपा ने रायबरेली को छोड़कर 14 में से13 सीटों पर खिलाया था कमल**

# पांचवें चरण में पांच सीटों पर भाजपा की राह मुश्किल भरी

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में पांचवें चरण का लोकसभा चुनाव अवध, बुदेलखंड और दोआब के इलाके में होगा। इन तीनों क्षेत्रों की 14 लोकसभा सीटों पर 20 मई को वोट डाले जाएंगे। इस चरण की एक-दो सीटों को छोड़कर 2014 की मोदी लहर के बाद से भाजपा ने लगातार अपना वर्चस्व बना रखा है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 12 सीटें जीती थी तो 2019 में उसकी जीती हुई सीटों की संख्या बढ़कर 13 हो गई थी, सिर्फ रायबरेली सीट पर कांग्रेस से सोनिया गांधी जीत सकी थीं। लेकिन इस बार का मुकाबला पिछले दो चुनाव से थोड़ा अलग माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि इन 14 में से पांच सीटें ऐसी हैं, जिन पर 2019 में जीत-हार का आंकड़ा एक लाख वोटों से कम था। इसके साथ ही कांग्रेस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रहे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस बार सीट दर सीट जातीय समीकरण साधते हुए ओबीसी और अति पिछड़े वर्ग पर खास दांव लगाया है। तीसरा बड़ा फैक्टर विधानसभा सीटों पर कब्जे का है। इन 14 लोकसभा सीटों के अंतर्गत 71 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 45 पर भाजपा और 21 सीटों पर सपा का कब्जा है। इन्हीं कारणों से माना जा रहा है कि इस बार लड़ाई थोड़ी मुश्किल भरी हो सकती है।

भाजपा को 2019 के चुनाव में पांचवें चरण की जिन लोकसभा सीटों पर एक लाख से कम वोटों के अंतर से जीत मिली थी, उसमें अमेठी भी शामिल है, जहां भाजपा की केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 55 हजार मतों से हरा दिया था। इसके अलावा कौशांबी, फैजाबाद, बांदा और मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र में भी भाजपा की जीत का अंतर एक लाख वोटों से कम था। ऐसे में पिछली बार की कम अंतर से जीत वाली पांचों सीटों पर भाजपा ने पूरा जोर लगा रखा है कि इनमें से कोई सीट किसी भी तरह हाथ से फिसलने न पाए।

- पांच सीटों पर पिछले चुनाव में भाजपा की जीत का आंकड़ा एक लाख वोटों से कम रहा था
- 2019 में 14 सीटों के 71 विधानसभा क्षेत्रों में 45 पर भाजपा और 21 पर सपा रही थी आगे
- 2022 के विधानसभा चुनाव में 71 विधानसभा सीटों में 41 भाजपा ने जीतीं





| 05 | 14 |
|---|---|
| वां चरण | लोकसभा सीटें |
| 144 | 20 |
| प्रत्याशी | मई मतदान |

**08**
सीटें अवध क्षेत्र
लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, फैजाबाद, कैसरगंज, बाराबंकी, गोंडा

**04**
सीटें बुंदेलखंड क्षेत्र
झांसी, हमीरपुर, बांदा और जालौन लोकसभा क्षेत्र

**02**
सीटें दोआब क्षेत्र
फतेहपुर और कौशांबी लोकसभा क्षेत्र

**01**
सीट
कौशाम्बी में 2014 व 2019 दोनों बार हुआ नजदीकी मुकाबला

### 2019 में एक लाख से कम वोटों से जीतने वाली सीटें

| लोकसभा क्षेत्र | जीत का अंतर |
|---|---|
| मोहनलालगंज | 90,204 |
| अमेठी | 55,120 |
| फैजाबाद | 65,477 |
| बांदा | 58,938 |
| कौशांबी | 38,722 |





### बुंदेलखंड में सपा और बसपा की नहीं गल पा रही दाल

- बुदंलेखंड इलाका कभी बसपा का गढ़ कहा जाता था। लेकिन यहां की चारों लोकसभा सीटों पर भाजपा ने 2014 से दबदबा बना रखा है। पार्टी ने सवर्ण मतों के साथ पिछड़ा और दलित वर्ग में ऐसी सोशल इंजीनियरिंग की है कि पिछली बार सपा-बसपा गठबंधन करके भी यहां की किसी भी सीट पर भाजपा को बड़ी चुनौती नहीं दे पाई थीं। जानकारों का मानना है कि इस बार भी बुदंलखेड में सपा-कांग्रेस गठबंधन या बसपा के लिए भाजपा के वोटबैंक में सेंधमारी करना आसान नहीं है।

### अवध क्षेत्र में भी जातियों की मजबूत व्यूह रचना

- अवध क्षेत्र में भी बुंदेलखंड की तरह भाजपा ने अपने आधार वोट बैंक में गैर यादव पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़े वर्ग के साथ ही गैर-जाटव दलितों को जोड़कर मजबूत व्यूह रचना की है। इस समीकरण से ही पार्टी अमेठी में राहुल गांधी को हराने में कामयाब रही थी। पार्टी को पिछले दोनों चुनावों में वोट प्रतिशत बढ़ने का भी लाभ मिल रहा है, जिसके चलते विपक्षी प्रत्याशियों को वोट बैंक में सेंधमारी किए बिना मुकाबला करना कठिन हो रहा है।

**2019 का परिणाम**

| 13 | 01 |
|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस |

**2014 का परिणाम**

| 12 | 02 |
|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस |

**2009 का परिणाम**

| 06 | 06 | 01 | 01 |
|---|---|---|---|
| सपा | कांग्रेस | भाजपा | बसपा |

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर पूरा जोर लगा रही है भाजपा

- नजदीकी मुकाबले वाली सीटों में अक्सर मतदान प्रतिशत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में पांचवें चरण की कम अंतर से जीती सीटों पर भाजपा का पूरा जोर मतदान प्रतिशत ऊंचा रखने पर है। माना जा रहा है कि मतदान प्रतिशत में गिरावट का नुकसान उठाना पड़ सकता है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ने से भाजपा का वोट प्रतिशत भी बढ़ा था। इससे पहले 2009 के चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा था। इसका सपा, बसपा और कांग्रेस को फायदा मिला था। कांग्रेस ने रायबरेली, अमेठी के साथ फैजाबाद, गोंडा, बाराबंकी और झांसी में जीत सीटों पर दर्ज की थी। बसपा ने हमीरपुर सीट जीती थी। भाजपा को सिर्फ लखनऊ में जीत मिली थी। बाकी छह सीटों पर समाजवादी पार्टी की साइकिल दौड़ी थी।

### बसपा ने एक तिहाई सीटों पर खेला है इस बार ब्राह्मण कार्ड

- पांचवें चरण की सुरक्षित लोकसभा सीटों पर बसपा ने जीत की उम्मीद लगा रखी है। मोहनलालगंज, हमीरपुर, बांदा, जालौन और बाराबंकी सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने की स्थिति में पार्टी फायदा मिलने की उम्मीद है। इन सीटों पर बसपा ने जातीय समीकरण देखकर ही प्रत्याशी उतारे हैं। पार्टी ने गोंडा में सौरभ कुमार मिश्रा, कैसरगंज से नरेंद्र पांडे, फैजाबाद से सच्चिदानंद पांडेय, हमीरपुर में निर्दोष दीक्षित को उतारकर ब्राह्मण कार्ड खेला है।


**भरी हुंकार** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हावड़ा में रोड शो किया। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार के लिए वोट मांगे और केंद्र सरकार को जमकर कोसा।

# भाजपा में शामिल होंगी श्रीकला रेड्डी, अमित शाह से की मुलाकात

चुनाव डेस्क


गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करतीं श्रीकला रेड्डी।

- पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी आज थाम सकतीं हैं भाजपा का दामन
- बसपा ने पहले बनाया प्रत्याशी बाद में सांसद श्याम सिंह यादव को दे दिया टिकट

**अमृत विचार।** जौनपुर संसदीय सीट पर मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है। बसपा से टिकट कट जाने पर नाराज चल रहीं पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी गुरुवार को भाजपा का दामन थाम सकतीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में वह पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगी। जल्द ही जौनपुर में प्रधानमंत्री की सभा होगी। पिछले चुनाव में भाजपा यह सीट हार गई थी। बसपा के उम्मीदवार श्याम सिंह यादव जीते थे। इस बार बसपा ने पहले श्रीकला रेड्डी को उम्मीदवार बनाया था बाद में उनका टिकट काटकर श्याम सिंह यादव को दे दिया। नाराज श्रीकला ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इससे पहले धनंजय सिंह ने भी जनसभा कर भाजपा के समर्थन की बात कही थी। ऐसे में इस कयास को बल मिल रहा है कि श्रीकला भाजपा का दामन थामेंगी।

भाजपा ने जौनपुर सीट से पूर्व मंत्री कृपाशंकर सिंह, सपा ने पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा और बसपा ने श्याम सिंह को मैदान में उतारा है। यहां मुकाबला त्रिकोणीय है। यादव मतदाताओं में अच्छी पैठ रखने वाले श्याम सिंह के मैदान में आने से बसपा , सपा के परंपरागत मतदाताओं में सेंध लगाती दिख रही है। बाबू सिंह पर बाहरी प्रत्याशी का ठप्पा लगा हुआ है। भाजपा और बसपा के लोग उन्हें बाहरी बता रहे हैं तो सपा में भी यहां अंतरकलह जबरदस्त है। इस लोकसभा क्षेत्र में राजपूत और यादव मतदाताओं का दबदबा है।

धनंजय के साथ आने से भाजपा यह सीट आसानी से जीत सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से भी समीकरण सधने की उम्मीद है श्रीकला के औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल होने के बाद धनंजय सिंह भी पार्टी नेताओं के साथ प्रचार करेंगे। फिलहाल यहां भाजपा में कृपा शंकर सिंह को उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर नाराजगी भी है। भाजपा को यहां भितरघात का भी डर सता रहा है। ऐसे में पार्टी अपने कील- कांटे दुरुस्त करने में लगी हुई है। कृपा शंकर सिंह कांग्रेस में रहे हैं और वे महाराष्ट्र में प्रदेश सरकार में मंत्री भी थे। स्थानीय नेता को टिकट न मिलने का अंदरखाने पार्टी नेता

**आरक्षण बचाओ**


राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सारण में बहन रोहिणी आचार्य के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। कहा कि संविधान बचाने के लिए इंडिया गठबंधन का सत्ता में आना जरूरी है। नरेंद्र मोदी यदि इस बार प्रधानमंत्री बन गए तो वह संविधान बदल देंगे और आरक्षण को खत्म कर देंगे। उन्होंने बहन रोहिणी आचार्य को जिताने की अपील की।

# असली और नकली सेना के साथ बगावत व वफादारी का इम्तिहान

**मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट पर सांसद अरविंद सांवत लगाएंगे हैट्रिक या शिंदे गुट की विधायक यामिनी जाधव रोक लेंगी रास्ता**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार:** मुंबई से आने वाली लोकसभा की सभी छह सीटों में मुंबई दक्षिण सीट सबसे खास है। भौगोलिक हिसाब से अगर गेट वे आफ इंडिया, मरीन ड्राइव, मुंबा देवी मंदिर, हाजी अली दरगाह, रेलवे स्टेशन सीएसमटी और शेयर कारोबार का दिल बीएसई, इस लोकसभा क्षेत्र की पहचान है, तो सियासत के लिहाज से यह लोकसभा क्षेत्र जहां कल्बादेवी और भूलेश्वर जैसे हिंदु बहुल इलाकों के साथ मुस्लिम बाहुल्य भिंडी बाजार, मस्जिद बंदर जैसे क्षेत्र भी समेटे है। इस लोकसभा सीट पर सेना बनाम सेना का रोचक मुकाबला हो रहा है। महायुति में शामिल मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने इस सीट पर विधायक यामिनी जाधव को उतारा है, उनका मुकाबला उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना के प्रत्याशी और मुंबई दक्षिण के मौजूदा सांसद अरविंद सांवत से हो रहा है, जो इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की उम्मीद लगाए हैं। यहां 20 मई को पांचवे चरण में वोट डाले जाएंगे। मुंबई दक्षिण लोकसभा क्षेत्र मिनी इंडिया जैसा है और यहां सभी समुदायों, जातियों और आय वर्ग के लोग रहते हैं। यही वजह रही कि महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग के दौरान इस सीट को लेकर अगर शिवसेना (उद्धव) और कांग्रेस के बीच खींचतान चली, तो महायुति में भाजपा और शिवसेना (शिंदे) भी इस सीट के लिए खूब जोर-आजमाइश हुई थी।


अरविंद सांवत।


यामिनी जाधव।

इस सीट से मौजूदा सांसद अरविंद सावंत को उद्धव ठाकरे का विश्वस्त माना जाता है। उधर, शिंदे शिवसेना की प्रत्याशी भायखाला विधानसभा क्षेत्र से विधायक यामिनी जाधव उन 39 विधायकों में शामिल थीं, जिन्होंने दो साल पहले उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत करने पर एकनाथ शिंदे को खुला समर्थन दिया था। उनके शिंदे गुट में शामिल होने को लेकर यह भी कहा जाता है कि यामिनी और उनके पति यशवंत जाधव अपने आईटी रिटर्न में विसंगतियों के कारण आयकर विभाग के रडार पर आ गए थे। इसके अतिरिक्त, प्रवर्तन निदेशालय ने फेमा उल्लंघन के लिए दंपति के खिलाफ जांच शुरू की थी। आरोप है कि इससे राहत पाने के लिए भी उन्होंने सत्ता पक्ष के साथ रहने का रास्ता चुना।

साल 2019 में मुंबई दक्षिण सीट से अविभाजित शिवसेना से अरविंद सावंत जीते थे। उन्हें 4,21,937 वोट मिले थे। उन्होंने कांग्रेस के मिलिंद मुरली देवड़ा को चुनाव में हराया था, जिन्हें 3,21,870 वोट मिले थे। लेकिन 2022 में शिवसेना दो भागों में विभाजित हो गई, जिसमें अरविंद ने शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट को चुना। साल 2014 में भी इस सीट से अरविंद सावंत जीते थे। उन्होंने कांग्रेस के मिलिंद देवड़ा को हराया था। अरविंद सावंत को 3,74,609 वोट मिले थे, वहीं देवड़ा ने 2,46,045 वोट पाए थे। इससे पहले साल 2009 और 2004 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से कांग्रेस के मिलिंद मुरली देवड़ा जीते थे। मिलिंद देवड़ा इस बार भी यहां से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन सीट शेयरिंग में इस लोकसभा क्षेत्र को उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना में जाता देखकर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। इस सीट पर 45% मराठी वोटर्स हैं, लेकिन दोनों मराठी उम्मीदवार भी टक्कर में हैं। ऐसे में गुजराती मतदाताओं के साथ बड़ी संख्या में मौजूद मुस्लिम मतदाता निर्णायक साबित हो सकते हैं।

चुनाव प्रचार अभियान में दोनों तरफ से मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक, कोस्टल रोड और पुनर्विकास परियोजनाओं जैसे बुनियादी ढांचे का श्रेय लेने जैसे मुद्दे हावी हैं। शिंदे गुट की प्रत्याशी यामिनी जाधव जहां अपनी जीत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं और राज ठाकरे की पार्टी मनसे के समर्थन पर निर्भर हैं, वहीं अरविंद सामंत को कांग्रेस का साथ मिलने से मुस्लिम मत मिलने की पूरी उम्मीद है। इस लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा सीटें हैं, जिनमें से तीन महा विकास अघाड़ी और तीन महायुति के पास हैं।



## आज का मुकाबला

हैदराबाद सनराइजर्स
बनाम
गुजरात टाइटंस
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 13 | 22 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 13 | 661 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

# आज सनराइजर्स के सामने गुजरात

**हैदराबाद, एजेंसी**



प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाने के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेआफ में जगह बनाने के लिए गुरुवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ एक जीत की जरूरत है जबकि गुजरात की टीम प्रतिष्ठा के लिए ही खेलेगी।

पैट कमिंस की टीम की नजरें हालांकि शीर्ष दो में जगह पक्की करने पर लगी है। उन्हें इसके बाद एक मैच और खेलना है और उनका नेट रनरेट भी प्लस 0.406 है। सनराइजर्स के 12 मैचों में 14 अंक है और वह अधिकतम 18 अंक हासिल कर सकती है जिससे शीर्ष दो में उसकी जगह पक्की हो जाएगी। इस मुकाबले से पहले सनराइजर्स को एक सप्ताह का ब्रेक मिला है जिससे वे तरोताजा होकर मैदान पर लौटेंगे। इसके अलावा आठ मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के बाद उसके हौसले वैसे भी बुलंद है।

दूसरी ओर 13 में से सिर्फ पांच मैच जीत सकी गुजरात के 11 अंक ही हैं और वह जीत के साथ विदा लेना चाहेगी। पूर्व कप्तान हार्दिक पंड्या के इस सत्र में मुंबई इंडियंस के पास लौटने के बाद गुजरात की टीम में संतुलन नजर नहीं आया। पंड्या ने 2022 की खिताबी जीत और पिछले साल फाइनल तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई थी। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पिछला मैच बारिश में धुल गया लेकिन गेंदबाजों ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहले तीन ओवर में तीन विकेट लेकर उम्मीद जगाई थी।

## पंत बेहतरीन कप्तान, समय के साथ निखरेगा : गांगुली



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली का मानना है कि ऋषभ पंत एक बेहतरीन कप्तान है और समय तथा अनुभव के साथ कप्तानी में निखार आएगा।

दिसंबर 2022 में भयावह कार हादसे के शिकार हुए पंत ने आईपीएल के इसी सत्र से मैदान पर वापसी की है। गांगुली ने कहा पंत युवा कप्तान है और वह समय के साथ सीखेगा। जिस तरह चोट से वापसी के बाद उसने पूरा सत्र खेला, हमें आफ सीजन के दौरान इसका यकीन नहीं था। आईपीएल अब दस टीमों का हो गया है और भारतीय क्रिकेटर महत्वपूर्ण हैं। मुझे खुशी है कि उसने वापसी करके पूरा सत्र खेला। मेरी शुभकामनाएं उसके साथ है। कोई भी पहले दिन से महान कप्तान नहीं होता। वह भी सीख रहा है और समय के साथ बेहतर होगा।

## आईपीएल प्रदर्शन से अभिषेक को भारत के लिए खेलने में मिलेगी मदद : एडेन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सनराइजर्स हैदराबाद के दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी एडेन मार्करम का मानना है कि आईपीएल में अभिषेक शर्मा के बेहतरीन फॉर्म से उन्हें भविष्य में भारत के लिये खेलने में मदद मिलेगी। आईपीएल के मौजूदा सत्र में 200 के ऊपर के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए शर्मा ने 12 मैचों में 401 रन बनाए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड के साथ मिलकर हाल ही में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 166 रन का लक्ष्य दस से भी कम ओवर में हासिल कर लिया था। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मार्करम ने कहा अभिषेक ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने पिछले सत्रों में भी सकारात्मक संकेत दिये थे और इस सत्र के अपने प्रदर्शन से भविष्य में भारत के लिये खेल सकेगा। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम को लेकर चल रही बहस के बीच मार्करम ने कहा कि टीम में अतिरिक्त बल्लेबाज के आने से टीमों को आक्रामक खेलने में मदद मिली है। जब आपके पास एक अतिरिक्त बल्लेबाज होता है तो आप अधिक आजादी के साथ खेल सकते हैं। पारी की शुरूआत से ही सलामी बल्लेबाज खुलकर खेल सकते हैं। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से यह सहूलियत मिली है और नए तरीके का टी-20 क्रिकेट देखने को मिला है।

## खेल डायरी

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में आगे बढ़े, प्रणय हारे



**बैंकॉक।** भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में मलेशिया के नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और तान वी कियोंग को हराकर पुरूष युगल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि एच एस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 34 मिनट में 21-13, 21-13 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चीन के शि हाओ नान और जेंग वेई हान से होगा। वहीं प्रणय को हमवतन मेराबा लुवांग मेसनाम ने हराया। अब मेराबा का सामना डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसेन से होगा जिन्होंने भारत के किरण जॉर्ज को मात दी।

### 11 जून से शुरू होगा आईएल टी-20, खेलेंगे अंबाती

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर, वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन और आंद्रे रसेल जैसे दुनिया भर के स्टार खिलाड़ी 11 जनवरी से नौ फरवरी 2025 तक संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएल टी20) के तीसरे सत्र में हिस्सा लेंगे। आयोजकों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। भारत के अंबाती रायुडु भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। वह घरेलू क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं और इस टूर्नामेंट में खेलने के पात्र हैं। रायुडू अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में भी खेलते हैं। आईएल टी20 में 34 मैचों का आयोजन किया जाएगा जो तीन स्थलों अबु धाबी, दुबई और शारजाह में खेले जाएंगे।

### अंजुम, ऐश्वर्य ओलंपिक क्वालीफिकेशन ट्रायल में शीर्ष पर पहुंचे

**भोपाल।** अंजुम मुदि्गल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने ओलंपिक चयन ट्रायल टी3 क्वालीफिकेशन दौर में महिलाओं और पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस क्वालीफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया। नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग पोजिशंस में 20 शॉट के बाद अंजुम का स्कोर 600 में से 592 था। वहीं ऐश्वर्य ने 590 स्कोर किया। पांच निशानेबाजों का फाइनल गुरुवार को होगा। महिलाओं की थ्री पोजिशन में भारत की नंबर एक निशानेबाज और विश्व रिकॉर्डधारी सिफत कौर सामरा दूसरे स्थान पर रही। आशी चौकसी, निश्छल और श्रियांका साडंगी 585 स्कोर करके उनके बाद रहीं। पुरूषों की थ्री पोजिशंस में स्वप्निल कुसाले 587 का स्कोर करके दूसरे स्थान पर रहे।

### स्क्वाश चैंपियनशिप में जोशना, अभय और वेलावन ने जीते स्वर्ण

**चेन्नई।** जोशना चिनप्पा, अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय युगल स्क्वाश चैम्पियनशिप में अपने वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किये। यह प्रतियोगिता 17 साल बाद शुरू की गई है। राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अभय ने वेलावन के साथ मिलकर राहुल बैठा और सूरज चंद को 2-0 (11-4, 11-8) से मात दी। फिर 25 साल के इस खिलाड़ी ने जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिश्रित युगल वर्ग का भी स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। अभय और जोशना ने हरिंदर पाल सिंह संधू और रथिका सीलन की जोड़ी को 2-1 (10-11, 11-2, 11-9) से हराया।


### अर्जुन ने शारजाह मास्टर्स में सफरली को हराया



**शारजाह।** दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी ने यहां शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में अजरबेजान के एल्ताज सफरली को हराकर अच्छी शुरुआत की। भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिताम्बरम और पी इनियान ने 52,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के इस टूर्नामेंट में क्रमश: हमवतन भरत सुब्रमण्यम और ईरान के ईरानी पौया को हराकर जीत से शुरुआत की। भारतीय मूल के संयुक्त राज्य अमेरिका के अभिमन्यु मिश्रा और इंग्लैंड के श्रेयस ने भी जीत हासिल की। अभिमन्यु ने कजाखस्तान के राजा ऋत्विक और श्रेयस ने रिनात जुमाबायेव को मात दी।

# बाहर हुई पंजाब ने बिगाड़ा रॉयल्स का खेल

## कप्तान सैम करन के हरफनमौला खेल से मिली पंजाब को जीत, राजस्थान को पांच विकेट से हराया




**गुवाहाटी, एजेंसी**

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान सैम करन नाबाद (63)की अर्धशतकीय पारी की बदौलत पंजाब किंग्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 65वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया।

145 रन के छोटे लक्ष्य को हासिल करने उतरी पंजाब किंग्स की पारी शुरुआत में लड़खड़ाती नजर आई। पहले ओवर में प्रभसिमरन सिंह (4) और उसके बाद पांचवें ओवर में राइली रुसो 13 गेंदों में (22) उसी ओवर में शशांक सिंह (शून्य) पर पवेलियन लौट गए। ऐसे समय में कप्तान सैम करन ने जितेश शर्मा के साथ पारी को संभाला। जितेश शर्मा ने 20 गेंदों में 22 रन बनाए। सैम करन ने 41 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्का लगाते हुए नाबाद 63 रनों की पारी खेली। आशुतोष शर्मा 11 गेंदों में 17 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब किंग्स ने 18.5 ओवर में 145 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। राजस्थान की ओर से आवेश खान और युजवेंद्र चहल ने दो-दो विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले रियान पराग (48) और रवि अश्विन के (28) रनों की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 145 रनों का लक्ष्य दिया है। बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रायल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में यशस्वी जयसवाल (4) का विकेट गवां दिया। टॉम कोहलर और कप्तान संजू सैमसन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में नेथन एलिस ने संजू सैमसन (18) को आउट कर पंजाब को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद टॉम कोहलर (18) को पवेलियन भेज दिया। रवि अश्विन ने 19 गेंदों में 28 रन बनाए। रियान पराग ने 34 गेंदों में 48 रन बनाए। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट पर 144 रन का स्कोर खड़ा किया।

**63** रन की साझेदारी पांचवें विकेट के लिए सैम करन और जितेश शर्मा के बीच हुई, पंजाब को आखिरी 5 ओवरों में जीत के लिए चाहिए थे 42 रन

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान | 13 | 8 | 5 | 16 | 0 | +0.273 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | 0 | +0.406 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | -0.787 |
| गुजरात (बा) | 13 | 5 | 7 | 11 | 1 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | 0 | -0.271 |

### राजस्थान 144/9
20 ओवर, अतिरिक्त : 02

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जयसवाल बोल्ड सैम कुरेन | 4 | 4 | 1/0 |
| टॉम कोहलर कैच जीतेश बो राहुल चाहर | 18 | 23 | 2/1 |
| संजू सैमसन कैच राहुल चाहर बो नाथन | 18 | 15 | 3/0 |
| रियान पराग पगबाधा हर्षल | 48 | 34 | 6/0 |
| आर अश्विन कैच शशांक बो अर्शदीप | 28 | 19 | 3/1 |
| ध्रुव जुरैल कैच हरप्रीत बो सैम कुरेन | 0 | 1 | 0/0 |
| रोमन पावेल कैच/बो राहुल चाहर | 4 | 5 | 1/0 |
| डोनोवन फेरेरा कैच रुसो बो हर्षल | 7 | 8 | 0/0 |
| ट्रेंट बोल्ट रनआउट शशांक/बेयरस्टो | 12 | 9 | 2/0 |
| आवेश खान नाबाद | 3 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** सैम कुरेन 3-0-24-2, अर्शदीप सिंह 4-0-31-1, नेथन एलिस 4-0-24-1, हर्षल पटेल 4-0-28-2, राहुल चाहर 4-0-26-2, हरप्रीत बराड 1-0-10-0

### पंजाब 145/5
18.5 ओवर, अतिरिक्त : 01

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन सिंह का चहल बो बोल्ट | 6 | 4 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का पराग बो चहल | 14 | 22 | 1/0 |
| रिली रोसोऊ का जायसवाल बो आवेश खान | 22 | 13 | 5/0 |
| शशांक सिंह पगबाधा बो आवेश खान | 0 | 2 | 0/0 |
| सैम करन नाबाद | 63 | 41 | 5/3 |
| जितेश शर्मा का पराग बो चहल | 22 | 20 | 0/2 |
| आशुतोष शर्मा नाबाद | 17 | 11 | 1/1 |

**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 3-0-27-1, संदीप शर्मा 4-0-28-0, आवेश खान 3.5-0-28-2, रविचंद्रन अश्विन 4-0-31-0, युजवेंद्र चहल 4-0-31-2

## ट्रायल की चिंता करूं या ओलंपिक की तैयारी करूं : अमन सहरावत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले एकमात्र भारतीय पुरुष पहलवान अमन सहरावत इस बात से नाखुश हैं कि खेलों की तैयारी पर अपना ध्यान लगाने की जगह उन्हें अब भी एक और ट्रायल के लिए वजन घटाने के बारे में चिंता करनी होगी।

अंडर-23 विश्व चैंपियन 20 साल के अमन ने हाल में इस्तांबुल में विश्व क्वालीफायर के जरिए पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। भारत के पुरुष पहलवानों ने 11 और वजन वर्ग में चुनौती पेश की लेकिन उनमें से कोई क्वालीफाई नहीं कर पाया। अमन ने कहा, इतनी बार मुझे अपना वजन कम करना पडा है। मुझे कितनी बार ऐसा करना होगा? इससे काफी कमजोरी आती है। मुझे समझ नहीं आता कि मैं अब दोबारा ट्रायल जीतने के बारे में सोचूं या ओलंपिक की तैयारी शुरू करूं। मुझे लगता है कि अगर मुझे दोबारा ट्रायल से गुजरने को कहा जाता है तो अच्छी तैयारी के लिए जो काम करने की जरूरत होगी वह प्रभावित होगा। ट्रायल के खत्म होने तक ओलंपिक बेहद करीब होगा तो फिर हम तैयारी कब शुरू करेंगे?

## मेदवेदेव इटैलियन ओपन से बाहर



**रोम।** गत चैंपियन दूसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव अमेरिका के टॉमी पॉल से 1-6, 4-6 से हारकर इटैलियन ओपन टेनिस से बाहर हो गए। इससे पहले दस बार के चैंपियन राफेल नडाल और शीर्ष रैंकिंग वाले नोवाक जोकोविच भी हारकर बाहर हो चुके हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने नुनो बोर्गेस हराया और अब वह टेलर फ्रिट्स से खेलेंगे। फ्रिट्ज ने ग्रिगोर दिमित्रोव को मात दी। अलेजांद्रो ताबिलो ने कारेन खाचानोव को हराया। अब वह झांग झिझेन से खेलेंगे जिन्होंने थियागो मोंटेइरो को मात दी। पॉल का सामना दूसरे दौर में नडाल को हराने वाले सातवीं वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुरकाज से होगा जिन्होंने सेबेस्टियन बाएज को हराया। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने मेडिसन कीज को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ से होगा जिन्होंने किंवेन झेंग को हराया।

### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी इटालियन ओपन से बाहर

**रोम।** भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी एटीपी इटैलियन ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में स्थानीय जोड़ी सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी से हारकर बाहर हो गई। एक घंटे 13 मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें 2-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। उन्होंने पहले दौर में वाइल्ड कार्डधारी मात्तेओ अर्नाल्डी और फ्रांसिस्को पासारो को हराया था। बोपन्ना और एबडेन इस महीने की शुरूआत में मैड्रिड मास्टर्स से भी पहले दौर में बाहर हो गए थे। उन्होंने साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता था।

## बॉलीवुड हलचल

### जन्मदिन पर आगामी प्रोजेक्ट के लिए डबिंग कर रहे हैं बाबिल



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बाबिल खान अपने जन्मदिन पर आगामी प्रोजेक्ट के लिए डबिंग कर रहे हैं। कला, फ्राइडे नाइट प्लान और द रेलवे मैन जैसी प्रशंसित परियोजनाओं में अपने अभिनय के लिए प्रसिद्ध अभिनेता बाबिल खान आज अपना 26वां जन्मदिन मना रहे हैं। छुट्टी लेने के बजाय, बाबिल इस अवसर को कुछ ऐसा करके मना रहे हैं जो उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है, काम करना। इस साल, बाबिल ने अपना खास दिन डबिंग स्टूडियो में बिताने का फैसला किया है, जहां वह अपने आगामी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। बाबिल के लिए, काम करके जन्मदिन मनाना सिर्फ अपने पेशे के प्रति प्रतिबद्धता से कहीं बढ़कर है। यह उन्हें मिले अवसरों और अपने दर्शकों से मिले प्यार के लिए उनकी गहरी कृतज्ञता का प्रतीक है। बाबिल का अपने जन्मदिन पर काम करने का फ़ैसला उनकी कार्य नीति और समर्पण के बारे में बहुत कुछ बताता है। बाबिल इरफान खान के बेटे हैं और पिता के नक्शे कदम पर चल रहे हैं।

### लंदन में अगस्त में शुरू होगी हाउसफुल 5 की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म हाउसफुल 5 की शूटिंग लंदन में अगस्त में शुरू होगी। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म हाउसफुल 5 की चर्चा काफी समय से हो रही थी। हाउसफुल 5 को लेकर एक अपडेट सामने आया है। कहा जा रहा है कि निर्देशक तरुण मनसुखानी फिल्म हाउसफुल 5 के लिए लोकेशन की खोज में लंदन जा रहे हैं। तरुण इस महीने से फिल्म का प्री प्रोडक्शन काम शुरु कर देंगे। फिल्म से जुड़े ज्यादातर कलाकार कास्ट किए जा चुके हैं। फिल्म के अधिकांश हिस्से लंदन में शूट किए जाएंगे। तरुण अपनी फिल्म लंदन के ऐसे स्थानों पर शूट करना चाहते हैं, जो पहले हिंदी फिल्मों में न दिखाई गई हो। फिल्म का प्री प्रोडक्शन काम जून तक चलेगा। उसके बाद अगस्त में पूरी फिल्म की टीम शूटिंग के लिए लंदन रवाना होगी।




## टी-20 विश्व कप टीम में सिर्फ एक अश्वेत अफ्रीकी खिलाड़ी होने पर हो रही है सीएसए की आलोचना

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी**

टी20 विश्व कप टीम में कागिसो रबादा के रूप में सिर्फ एक अश्वेत अफीकी खिलाड़ी को शामिल करने के लिए क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) की आलोचना हो रही है। दक्षिण अफ्रीका की 15 सदस्यीय संभावित टीम में रबादा सहित छह अश्वेत खिलाड़ी शामिल थे।

सीएसए के बदलाव लाने के लक्ष्य के अंतर्गत एक सत्र के दौरान दक्षिण अफ्रीका की अंतिम एकादश में छह अश्वेत खिलाड़ियों का होना जरूरी है, लेकिन टी20 विश्व कप के लिए चुनी टीम में रबादा के रूप में केवल एक अफ्रीकी अश्वेत खिलाड़ी मौजूद हैं। सीएसए के अपने लक्ष्य को पूरा नहीं करने की वजह से उसकी आलोचना की जा रही है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खेल मंत्री फिकिले एमबालुला ने टीम के चयन पर सवाल उठाते हुए 'एक्स' पर लिखा, आगामी टी20 विश्व कप 2024 की टीम के लिए केवल एक अफ्रीकी खिलाड़ी को दक्षिण अफ्रीका की टीम में चुना गया है। निश्चित रूप से यह बदलाव लाने के लक्ष्य से उलट है और इसमें दक्षिण अफीकी लोगों का उचित प्रतिनिधित्व नहीं है।

### स्वदेश लौटे चोटिल रबादा, विश्व कप की तैयारी पर नहीं पड़ेगा असर



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ कागिसो रबादा पैर में चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से स्वदेश लौट गए हैं। देश के क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह जानकारी दी। रबादा आईपीएल में पंजाब किंग्स का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने मौजूदा सत्र में 11 मैच में 11 विकेट चटकाए हैं। पंजाब की टीम पहले ही प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अपना अंतिम लीग मैच 19 मई को खेलेगी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बयान में कहा इस 28 वर्षीय ने दक्षिण अफ्रीका पहुंचने पर विशेषज्ञ से सलाह ली और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की चिकित्सा टीम उन पर करीबी नजर रखे हुए है। सीएसए ने साथ ही कहा कि चोट के कारण रबाडा की अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी पर असर पड़ने की संभावना नहीं है।

### टी-20 विश्व कप में देना चाहते हैं ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को चुनौती : क्रास

**बेंगलुरु।** स्कॉटलैंड को भले ही बड़े मुकाबलों में खेलने का अनुभव नहीं हो लेकिन उसके खिलाड़ियों में आत्मविश्वास की कमी नहीं है और बुधवार को टीम के उप कप्तान मैथ्यू क्रॉस ने अगले महीने टी20 विश्व कप के दौरान इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने की उम्मीद जताई। विश्व कप में स्कॉटलैंड ग्रुप बी में गत चैंपियन इंग्लैंड, पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के अलावा साथी एसोसिएट देश ओमान और नामीबिया के साथ है। कर्नाटक का नंदिनी डेयरी ब्रांड विश्व कप में स्कॉटलैंड और आयरलैंड टीम का प्रायोजक होगा। इसकी घोषणा के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के बाद ऑनलाइन बातचीत में क्रास ने कहा हम इसमें जीतने के लिए खेलेंगे। हम दबाव में नहीं है। हमारी टीम में उन्हें चुनौती देने के लिए अच्छी प्रतिभायें मौजूद हैं। तेज गेंदबाज क्रिस सोले को दुनिया भर की विभिन्न टी20 लीग में खेलने का काफी अनुभव है। वह स्कॉटलैंड के वेस्टइंडीज की परिस्थितियों में खेलने के पूर्व अनुभव का फायदा उठाने की उम्मीद लगाए हैं। स्कॉटलैंड अपने ग्रुप मैच बारबाडोस, एंटीगुआ और ग्रोस आइलेट में खेलेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# कान फिल्म महोत्सव में मेरिल स्ट्रीप को 'पाम डीओर' सम्मान

कान, एजेंसी



कान फिल्म महोत्सव का 77वां संस्करण मंगलवार को शुरू हुआ। ग्रैंड थिएटर लुमियेर में हुई इस ओपनिंग सेरेमनी में 74 साल की अमेरिकी एक्ट्रेस मेरिल स्ट्रीप को गेस्ट ऑफ ऑनर पाम डी'ओर अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्हें यह अवॉर्ड देते हुए फ्रेंच एक्ट्रेस जूलियट बनोच भावुक हो गईं।

इस मौके पर ज्यूरी प्रेसिडेंट ग्रेटा गर्विग को भी सम्मानित किया गया। ओपनिंग सेरेमनी में फ्रेंच सिंगर जाहो दे सागाजान ने म्यूजिकल परफॉर्मेंस भी दी। मेरिल स्ट्रीप जब स्टेज पर आईं तो उनके सम्मान में थिएटर में मौजूद तकरीबन 2 हजार गेस्ट खड़े हो गए।

सभी ने ढाई मिनट तक उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दिया। इस मौके पर स्ट्रीप ने कहा-आपने यहां मेरे सम्मान में जो क्लिप चलाई उसे देखकर ऐसा लगा जैसे मैं किसी बुलेट ट्रेन की खिड़की के बाहर झांक रही हूं। मैंने कुछ ही पलों में अपने आप को यंग और मिडिल एज से गुजरते हुए, जहां मैं आज खड़ी हुई हूं वहां पाया।

### रेड कारपेट पर नजर आईं इंडियन एक्ट्रेस दीप्ति सधवानी

इससे पहले इवेंट की शुरुआत रेड कारपेट सेरेमनी से हुई जिसमें हेलेना क्रिस्टेनसेन, हेइडी क्लम, जेन फोंडा और विक्टोरिया हर्वी जैसे कई सेलेब्स नजर आए। इंडियन एक्ट्रेस और सिंगर दीप्ति सधवानी भी रेड कारपेट पर फ्लोरल ट्रेल गाउन में नजर आईं।

# मोदी फिर बनेंगे भारत के पीएम, पाक को भी उनके जैसे नेता की जरूरत

वाशिंगटन। पाकिस्तान मूल के अमेरिकी कारोबारी साजिद तरार ने कहा है कि भारत में चल रहे चुनाव में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी को जीत मिलेगी और फिर से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।



● पाकिस्तानी अमेरिकी अरबपति साजिद तरार ने की मोदी की तारीफ

नरेंद्र मोदी एक मजबूत नेता हैं, जिन्होंने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। बाल्टीमोर निवासी पाकिस्तानी अमेरिकी कारोबारी साजिद कहा कि मोदी ना केवल भारत के लिए अच्छे हैं बल्कि क्षेत्र और दुनिया के लिए भी अच्छे नेता साबित हो रहे हैं। मोदी जैसे नेता की पाकिस्तान को भी जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पाकिस्तान को भी उनके जैसा कोई नेता मिलेगा।

तरार ने कहा कि वह ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में पाकिस्तान का दौरा किया। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि मोदी जी पाकिस्तान के साथ संवाद और व्यापार शुरू करेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत के लिए भी शांतिपूर्ण पाकिस्तान अच्छा होगा।

# कैंसर वक्त नहीं देता, नजर अंदाज न करें ये लक्षण



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी अब हमारे बीच में नहीं हैं। सोमवार, 13 मई 2024 को दिल्ली स्थित एम्स में उनका निधन हो गया। सुशील कुमार मोदी ने कुछ महीने पहले ही इस बात की जानकारी दी थी कि वो गले कैंसर के कैंसर से जूझ रहे हैं। अपने कैंसर की सूचना देने के कुछ महीनों बाद ही सुशील कुमार मोदी का काल के गाल में चला जाना बताता है कि कैंसर वक्त नहीं देता। इसके लक्षणों को नजरअंदाज करना मौत को आमंत्रण देने जैसा है। आइए जानते हैं कि गले का कैंसर क्या होता है, इसके कौन-कौन से रूप हैं? यहां हम इसके लक्षण और इससे बचाव का तरीका भी जानेंगे।

### गले के कैसर के प्रकार

- सुपर ग्लोटिक : यह गले के ऊपरी हिस्से में एपिग्लोटिस में होता है।
- सब ग्लोटिक : वोकल कॉर्ड्स के निचले हिस्से पैदा होता है।
- ग्लोटिक : यह वोकल कॉर्ड्स में होने वाला कैंसर है।
- हाइपो फैरिंजीयल : यह कैंसर गले के निचले हिस्से में फैलता है।
- ऑरोफेरिंजियल : यह मुंह के पीछे हिस्से में फैलना शुरू होता है।
- नसों फैरिंजीयल : यह गले की नली के ऊपरी भाग में शुरू होता है।

### गले के कैंसर के कारण क्या हैं?

- धूम्रपान/स्मोकिंग
- तंबाकू खाना
- शराब की लत
- विटामिन ए की कमी
- खराब खान पान

### मुख्य लक्षण

- गले में खराश
- सांस लेने में दिक्कत
- गर्दन या कान में दर्द
- खांसी के साथ खून
- आवाज में बदलाव
- निगलने में कठिनाई

### समय से बीमारी का पता चले तो मर्ज हो सकता ठीक

राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं रिसर्च केंद्र के मुताबिक सिर और गर्दन के कैंसर की देखभाल हो सकती है, और मरीज ठीक हो सकता है। बीमारी का पता अगर जल्दी लग जाए है तो इससे बचाव की संभावना 80 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। कैंसर के लक्षण को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अगर किसी को कोई समस्या है तो उन्हें डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए। गले का कैंसर का पता लगाने के लिए एंडोस्कोपी, बायोप्सी और इमेजिंग टेस्ट की मदद ली जाती है।

## एक नजर

### गूगल ने जेमिनी एआई अपडेट जारी किया

**सैन फ्रांसिस्को।** गूगल ने कंपनी के वार्षिक डेवलपर सम्मेलन गूगल आई/ओ 2024 में अपनी एआई मॉडल श्रृंखला जेमिनी के नवीनतम नवाचारों का अपडेट जारी किया है। कंपनी ने मौजूदा फ्लैगशिप मॉडल जेमिनी 1.5 प्रो के नए संस्करण के निजी पूर्वावलोकन की मंगलवार को घोषणा की। यह 20 लाख तक टोकन ले सकता है। जेमिनी 1.5 प्रो का नया संस्करण किसी भी व्यावसायिक रूप से उपलब्ध मॉडल के सबसे बड़े इनपुट का समर्थन करता है। सुंदर पिचाई ने कहा कि आज हमारे सभी दो करोड़ यूजर्स जेमिनी उत्पाद का उपयोग करते हैं।

### इजरायल के हवाई हमले में 40 लोग मारे गए

**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी के नुसीरात शरणार्थी शिविर में सोमवार देर रात के बाद इजरायल के हवाई हमले में कम से कम 40 लोग मारे गए और अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीन टीवी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इजरायली लड़ाकू विमानों ने शिविर के दक्षिण में कराजा परिवार के स्वामित्व वाली एक आवासीय इमारत पर बमबारी की। हताहतों में बच्चे भी शामिल हैं।

### मुठभेड़ में एक अधिकारी और तीन आतंकवादियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक सैन्य अधिकारी और तीन आतंकवादियों की मौत हो गयी। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि यह घटना प्रांत के झोब जिले में हुई, जहां सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना के आधार पर आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चलाया था।

### ईरान से 40 भारतीय नाविकों को रिहा करने का आग्रह

**नई दिल्ली।** भारत ने ईरान से लगभग 40 भारतीय नाविकों को रिहा करने का अनुरोध किया है। इन नाविकों को पिछले आठ महीने में अलग-अलग आरोपों में जब्त किये गये चार वाणिज्यिक जहाजों से हिरासत में लिया गया था। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को तेहरान में ईरानी विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ बैठक के दौरान यह अनुरोध किया। सोनोवाल तेहरान की यात्रा पर थे।

# डब्ल्यूएचओ ने डेंगू के दूसरे टीके को दी मंजूरी

## दो खुराक वाला यह टीका चार प्रकार के डेंगू से बचाएगा

जिनेवा, एजेंसी

● ज्यादा प्रकोप वाले क्षेत्रों में छह से 16 साल के बच्चों को यह टीका देने की सिफारिश




विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बुधवार को डेंगू के दूसरे टीके को मंजूरी दे दी है। यह कदम दुनिया भर में लाखों लोगों को मच्छर जनित बीमारी से बचाने में काम आएगा। डब्ल्यूएचओ ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उसने जापानी फार्मास्यूटिकल कंपनी टाकेडा द्वारा निर्मित डेंगू के टीके को मंजूरी दी है। डेंगू के ज्यादा प्रकोप वाले क्षेत्रों में छह से 16 साल के बच्चों को यह टीका देने की सिफारिश की गई है। दो खुराक वाला यह टीका चार प्रकार के डेंगू से बचाएगा।

टाकेडा के डेंगू के टीके क्यूडेंगा को 2022 में यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी द्वारा मंजूरी दी गई थी। डब्ल्यूएचओ की मंजूरी का मतलब है कि दानकर्ता और अन्य संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां गरीब देशों के लिए टीके खरीद सकती हैं। अध्ययन से पता चला है कि टाकेडा का टीका लोगों को डेंगू से पीड़ित होने पर अस्पताल में भर्ती होने से रोकने में लगभग 84 प्रतिशत और लक्षणों को रोकने में लगभग 61 प्रतिशत प्रभावी है। डब्ल्यूएचओ के दवाओं और टीकों के अनुमोदन के लिए निदेशक, रोजेरियो गैस्पर ने कहा कि यह डेंगू के टीकों की वैश्विक पहुंच के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह दूसरा टीका है जिसे संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने डेंगू के लिए अधिकृत किया है। डब्ल्यूएचओ द्वारा मंजूर पहला टीका सनोफी पाश्चर द्वारा बनाया गया था, जो बाद में उन लोगों में डेंगू के खतरे को बढ़ाता पाया गया जो पहले इस बीमारी से संक्रमित नहीं थे। लगभग 120 लातिन अमेरिकी और एशियाई देशों में गंभीर बीमारी और मृत्यु का प्रमुख कारण डेंगू का कोई विशिष्ट इलाज नहीं है।

### करीब 80 प्रतिशत मामले हल्के किस्म के

डेंगू में करीब 80 प्रतिशत मामले हल्के किस्म के होते हैं, लेकिन गंभीर मामलों में आंतरिक रक्तस्राव, अंगों के काम करने की विफलता और मृत्यु तक हो सकती है। मार्च में, ब्राजील के रियो डी जनेरियो में अधिकारियों ने डेंगू पर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा की और देश ने टाकेडा टीकों का उत्पादन शुरू कर दिया, जिसका लक्ष्य कम से कम 30 लाख लोगों को टीका लगाना था।

# लॉरेंस वोंग ने सिंगापुर के नए प्रधानमंत्री के तौर पर ली शपथ

**सिंगापुर।** अर्थशास्त्री लॉरेंस वोंग ने पूर्व नियोजित सत्ता हस्तांतरण कार्यक्रम के तहत बुधवार को सिंगापुर के चौथे प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली। वोंग (51) ने ली सियन लूंग (72) का स्थान लिया है जिन्होंने करीब दो दशक के बाद अपना पद छोड़ा है।



दोनों नेता सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) के सदस्य हैं। पीएपी गत पांच दशक से द्विपीय देश को आर्थिक विकास के पथ पर अग्रसर रखे हुए है। वोंग पूर्व में उप प्रधानमंत्री के पद पर थे और पीएपी की चौथी पीढ़ी के नेता हैं। वह प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री की नयी जिम्मेदारी संभालेंगे।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि सादे कार्यक्रम में सत्ता हस्तांतरण हुआ और राष्ट्रपति थरमन षणमुगरत्नम (67) ने वोंग को पद की शपथ दिलाई। वोंग ने मंत्रिमंडल में बड़े स्तर पर फेरबदल नहीं करने के कारणों के रूप में निरंतरता, स्थिरता और व्यवधानों से बचने की आवश्यकता का हवाला दिया।

# यूक्रेन को दो अरब अमेरिकी डॉलर के हथियार देंगे : ब्लिंकन



राष्ट्रपति जेलेंस्की से मिलते अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ● एजेंसी

कीव, एजेंसी

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने यूक्रेन के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर के हथियार सौदे की घोषणा की। ब्लिंकन यूक्रेन को अमेरिकी मदद को लेकर आश्वस्त करने के लिए कीव में हैं और इस दौरान बुधवार को यह घोषणा की गई। यूक्रेन रूस के नये हमलों का मुकाबला करने की तैयारी कर रहा है।

ब्लिंकन ने कीव की दो दिवसीय यात्रा के दौरान बुधवार को अपने अंतिम कार्यक्रम में कहा कि बाइडन प्रशासन ने यूक्रेन के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर, मध्यम और दीर्घकालिक विदेशी सैन्य वित्तपोषण पैकेज को मंजूरी दे दी है। ज्यादातर पैसा लगभग 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर, कांग्रेस द्वारा पारित व अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित पूरक विदेशी सहायता कानून में यूक्रेन को आवंटित 60 अरब डॉलर की धनराशि के तहत मिला है।

### इजराइल को एक अरब से अधिक कीमत के हथियार

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन ने प्रमुख सांसदों से कहा है कि अमेरिका इजराइल को एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक कीमत के हथियार और गोला-बारूद भेजेगा। अमेरिकी संसद के तीन कर्मियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी यह जानकारी नहीं है कि हथियारों की यह खेप कब भेजी जाएगी। बाइडन प्रशासन द्वारा इस महीने 2,000 पाउंड दर वाले 3,500 बम की खेप इजराइल भेजने पर रोक लगा दी गई थी जिसके बाद से पहली खेप भेजने का यह खुलासा किया गया है।

# बाइडन व ट्रंप जून और सितंबर में चुनावी बहस के लिए सहमत

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जून और सितंबर में दो चुनावी बहस आयोजित करने को लेकर बुधवार को सहमति जतायी। राष्ट्रपति चुनाव के मद्देनजर दोनों नेताओं के बीच पहली बहस 27 जून को सीएनएन चैनल पर होगी। दोनों नेताओं की प्रचार अभियान टीम ने बहस के मूल नियमों को लेकर जानकारी साझा नहीं की है।

डेमोक्रेट पार्टी ने कहा कि अगर चुनाव से पहले राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बीच होने वाली बहस का आयोजन गैर-दलीय आयोग द्वारा किया जाता है, तो वे इसमें शामिल नहीं होंगे। यह आयोग पिछले तीन दशक से इस बहस का आयोजन कर रहा है। बाइडन की प्रचार टीम ने प्रस्ताव किया कि इसके बजाय मीडिया संस्थान संभावित डेमोक्रेट और रिपब्लिकन उम्मीदवारों के साथ बहस आयोजित करें।

पहली बहस जून के अंत में और दूसरी सितंबर में प्रारंभिक मतदान शुरू होने से पहले होगी। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वह बाइडन के साथ चुनावी बहस के लिए तैयार हैं। ट्रंप के बयान के कुछ घंटों बाद बाइडन ने कहा कि वह 27 जून को बहस के लिए सीएनएन के निमंत्रण को स्वीकार करते हैं।

# लुटेरी दुल्हन गिरोह का भंडाफोड़ पुलिस ने 11 सदस्य किये गिरफ्तार

सीहोर, एजेंसी

● बड़ी मात्रा में लूटी गई सोने और चांदी की ज्वैलरी व नकदी बरामद की

मध्यप्रदेश के सीहोर जिले की पुलिस ने एक रात की लुटेरी दुल्हन गैंग का भंडाफोड़ किया है। इस गैंग के 11 सदस्यों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से बड़ी मात्रा में लूटी गई सोने और चांदी की ज्वैलरी और नकदी बरामद की है। गिरोह के लोग ऐसे युवाओं को तलाशते थे, जिनकी शादी नहीं होती है। फिर उनसे रुपए लेकर महाराष्ट्र की गुलनाज को दुल्हन बनाकर उनके यहां भेज देते थे।

शादी के बाद एक-दो दिन तो गुलनाज वहां रहती थी और फिर वहां से रुपये और जेवर लेकर गुलनाज रफूचक्कर हो जाती थी। शाजापुर जिले के सुंदरसी थाना क्षेत्र के गांव बागली में जब दुल्हन बनकर पहुंची तो फिर वहां से भाग नहीं सकी। ऐसे में गुलनाज ने अपने कथित पति के खिलाफ ही अपहरण और ज्यादती सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज करवा दिया। लेकिन जब मामले की जांच शुरू हुई तो पूरा मामला ही पलट गया। पुलिस के अनुसार 4 मई को गुलनाज ने शाजापुर जिले के सुंदरसी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि जसमत राजपूत और उसके साथी अशोक ने सीहोर के न्यायालय परिसर से उसका अपहरण कर लिया था और वहां उसे कैद कर उसके साथ ज्यादती की।

## प्रदर्शन




अखिल असम छात्र संघ के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को गुवाहाटी में खाद्य पदार्थों, ईंधन और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

# कर्नाटक में प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर युवती की चाकू मारकर हत्या

हुबली (कर्नाटक), एजेंसी

● बहन इस निर्मम हत्याकांड की चश्मदीद गवाह

कर्नाटक के हुबली में बुधवार को कथित तौर पर प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर 21 वर्षीय युवती की परिचित ने चाकू मारकर हत्या कर दी। इससे कुछ सप्ताह पहले इसी तरह कॉलेज की छात्रा नेहा हिरेमथ की उसके पूर्व सहपाठी ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बेंडिगेरी पुलिस थाना क्षेत्र के वीरपुर ओनी इलाके में 23 वर्षीय विश्वा उर्फ गिरीश सावंत ने सुबह पांच बज कर 45 मिनट पर अंजलि अम्बिगेरा के घर का दरवाजा खटखटाया।

अधिकारी ने कहा कि जब अंजलि ने दरवाजा खोला, तो गिरीश ने उसपर चाकू से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि वारदात के बाद आरोपी भाग गया। अधिकारी के अनुसार, अंजलि की बहन इस निर्मम हत्याकांड की चश्मदीद गवाह है। पुलिस ने बताया कि आरोपी गिरीश के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है और उसे पकड़ने के लिए टीम गठित की गई है। इससे पहले, नेहा हिरेमथ (23) की 18 अप्रैल को हुबली में उसके कॉलेज परिसर के अंदर पूर्व सहपाठी फैयाज खोंडुनाइक ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

## खगोल विज्ञान


तीव्रता एक्स 8.7 श्रेणी आंकी गई, दुनिया के सौर वैज्ञानिकों की नजर सूर्य पर

# सूर्य में हुआ वर्तमान सौर चक्र का सबसे बड़ा विस्फोट

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** बीती रात वर्तमान सौर चक्र का सबसे बड़ा विस्फोट देखा गया है। विस्फोट में फूटी ज्वाला की तीव्रता एक्स 8.7 श्रेणी आंकी गई है। विस्फोट में उत्पन्न सौर तूफान का पृथ्वी पर असर नहीं पड़ेगा। दुनियाभर के सौर वैज्ञानिक सूर्य पर पैनी नजर रखे हुए हैं।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा. वहाबउद्दीन सूर्य की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने बताया कि सूर्य के दक्षिण पश्चिमी क्षेत्र में सुपर सक्रिय एनओएए 3664 सौर कलंक बना हुआ है। जिससे एक्स 8.7 श्रेणी की ज्वाला निकली है। यह बेहद खतरनाक सीएमई यानी भू-चुम्बकीय तूफान है, लेकिन इसके पृथ्वी से टकराने की कोई संभावना नहीं है। यह विस्फोट 14 मई की रात भारतीय समय के अनुसार 10.25 बजे रिकार्ड किया गया। डॉ. वहाब ने बताया कि आठ साल बाद यह सबसे बड़ी ज्वाला है। 2017 में एक्स 9.3 श्रेणी की ज्वाला भड़की थी।



मंगलवार रात सूर्य की सतह पर हुए विस्फोट की तस्वीर।

यह ज्वाला सौर चक्र 24 की सबसे बड़ी सौर ज्वाला थी। जिसकी गति 497 किमी प्रति सेकंड थी। इस विस्फोट से निकले सौर तूफान से रडार, जीपीएस और उपग्रह संचार सहित संवेदनशील रिसीवरों में व्यवधान उत्पन्न हुआ था। जिसका असर अमेरिका, पूर्वी प्रशांत और उत्तरी अटलांटिक में रेडियो सिग्नल में देखने को मिला था।

● सौर वैज्ञानिक डा. वहाबउद्दीन ने बताया आठ साल बाद यह सबसे बड़ी ज्वाला

### 15 दिन में 16 भयानक विस्फोट हुए

**नैनीताल।** डा वहाबउद्दीन के अनुसार सूर्य के सतह पर 1 से 15 मई के बीच रिकॉर्डतोड़ विस्फोट दर्ज किए गए हैं। जिनमें 100 से अधिक एम-क्लास और 16 एक्स-क्लास की ज्वाला शामिल हैं। जिनसे पृथ्वी के दिशा निर्देशित सीएमई यानी भू चुम्बकीय तूफान उठे हैं। जिनमें से कुछ शक्तिशाली सौर तूफान उठे हैं। 10 मई को ऐतिहासिक जी5 श्रेणी का बेहद शक्तिशाली भू-चुंबकीय तूफान का उत्पादन हूआ। इसका असर भारत के लदाख क्षेत्र में ऑरोरा के रूप में देखने को मिला है।

### स्वीडन में बिजली गुल, द. अफ्रीका में हुए ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

**नैनीताल।** पिछली बार पृथ्वी पर जी 5 श्रेणी का भयानक भू-चुंबकीय तूफान अक्टूबर 2003 में आया था। विस्फोट से उठी ज्वाला को एरीज से रिकार्ड किया गया था। इस तूफान को हैलोवीन तूफान नाम दिया गया था। जीसस स्वीडन में बिजली गुल हो गई और दक्षिण अफ्रीका में ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए।

# मस्जिद में विस्फोट चार बच्चों सहित 24 लोग घायल

**अबुजा।** नाइजीरिया के कानो राज्य में बुधवार सुबह एक व्यक्ति द्वारा मस्जिद पर किये गये विस्फोट में चार बच्चों सहित कम से कम 24 नमाजी घायल हो गये। पुलिस के प्रवक्ता अब्दुल्लाही हारूना ने एक बयान में बताया कि इलाके के ही रहने वाले 38 वर्षीय संदिग्ध ने कानो के दूर-दराज के गदान गांव में स्थित मस्जिद में हमला करने के अपने जुर्म को कबूल लिया। उसंदिग्ध ने लंबे अरसे से चली आ रही पारिवारिक मतभेदों के कारण इस घटना को अंजाम दिया।

हारूना ने बताया कि शुरुआती फॉरेंसिक जांच में सामने आया कि विस्फोट गैस रिसाव के कारण हो सकता है लेकिन जांच अभी जारी है। पुलिस ने इलाके को घेर लिया और घायलों को तुरंत राजधानी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। द डेली ट्रस्ट समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, नमाजी मस्जिद के भीतर बंद हो गये थे।

# भारत के सहयोग से श्रीलंका लगाएगा छोटे हथियारों की निर्माण इकाई

कोलंबो, एजेंसी



● श्रीलंका के रक्षा मंत्री प्रेमिता बंदारा तेन्नाकून ने कहा- भारत से बातचीत जारी

श्रीलंका अपने यहां छोटे हथियारों की एक निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए भारत के साथ बातचीत कर रहा है जिससे दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और मजबूत होगा। श्रीलंका के रक्षा मंत्री प्रेमिता बंदारा तेन्नाकून ने बुधवार को यह जानकारी दी। तेन्नाकून ने कहा हम हमारे भारतीय समकक्षों के साथ संपर्क में हैं, भारत से सीखने के लिए बहुत कुछ है।

सैन्य उद्योग में एक संयुक्त उपक्रम के लिए चर्चा जारी हैं। अप्रैल की शुरुआत में यहां हुए भारत-श्रीलंका रक्षा सहयोग के दूसरे सेमिनार के बाद यह चर्चा हो रही है। कोलंबो में भारतीय राजदूत संतोष झा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय रक्षा उद्योग आज अत्याधुनिक हथियारों, उन्नत प्रौद्योगिकियों और विश्व स्तरीय उपकरणों से लैस है। इनमें से कुछ जो प्रमुख हैं, उनमें लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर से लेकर नौसैनिक पोत, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली से लेकर साइबर सुरक्षा समाधान और छोटे हथियारों से लेकर लंबी दूरी तक मार करने वाली हथियार प्रणाली शामिल हैं। झा ने कहा कि श्रीलंका जैसे अपने मित्र देशों को ये क्षमताएं उपलब्ध कराने के लिए भारत इच्छुक है।

# 19 करोड़ पौंड भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान को मिली जमानत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने 19 करोड़ पौंड के भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान को बुधवार को जमानत दे दी। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी पर रियल एस्टेट के एक दिग्गज व्यक्ति से रिश्वत के रूप में अरबों की जमीन लेने का आरोप है।

उच्च न्यायालय की दो न्यायाधीशों की पीठ ने बहस पूरी होने के बाद मंगलवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने बुधवार को खान से जमानत के लिए 10 लाख का मुचलका दाखिल करने को कहा। इस फैसले से पूर्व प्रधानमंत्री की अदियाला जेल से रिहाई होने या न होने पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा क्योंकि गोपनीय दस्तावेज और इद्दत मामलों में उनकी सजा को फिलहाल निलंबित किया हुआ है। एनएबी ने पिछले साल दिसंबर में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक इमरान खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी और अन्य लोगों के खिलाफ जांच शुरू की थी।